अवेस्तीय आवाँ अरद्वी सूर् यशत् का आलोचनात्मक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल्० उपाधि हेतु

प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

निर्देशिका

डॉ० सुचित्रा मित्रा

वरिष्ठ प्राध्यापक, संस्कृत-विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

अनुसन्धाता

मनोज कुमार मिश्र

एम०ए० (सस्कृत)

सी०पी० (प्राचीन ईरानी एव पह्लवी)

सीनियर रिसर्च फेलो (यू०जी०सी०)

सस्कृत-विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

संस्कृत, पालि, प्राकृत-विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

सन् 2002

इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद- 211002

मै प्रमाणित करती हूँ कि मनोज कुमार मिश्र, पुत्र- श्री राजधर मिश्र द्वारा मेरे निर्देशन मे डी० फिल्० उपाधि हेतु प्रस्तुत "**अवेस्तीय आवाँ अरद्वी सूर् यश्त् का आलोचनात्मक अध्ययन**" विषयक शोध-प्रबन्ध उनकी मौलिक शोधकृति है।

सुचित्रा मित्रा
30-12-2002

(डा० सुचित्रा मित्रा)
वरिष्ठ प्राध्यापक
सस्कृत-विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

प्राक्कथन

आर्य जाति के सस्कृत्युन्मेष की साक्षिणी सस्कृत वाक् की महिमा लोक-विश्रुत है। बाल्यकाल मे ही इस भाषा के सस्कार मेरे मष्तिष्क मे बीजरूपता को प्राप्त हो गये थे। गुरुओ के पादतल की सघनच्छाया मे वे सस्कार-बीज कालानुक्रम मे सवर्धित, पुष्पित एव फलित हुए। वैसे तो गीर्वाणवाणीवाङ्मय ज्ञान एव सद्विचारो की अनन्त धाराओ को समेटे हुए है एव उन एक-एक धाराओ की एक-एक बूद मे मानव ही नही अपितु प्राणिमात्र का ऐहामुत्रिक कल्याण निहित है, तथापि निस्सदेह वेदराशि सस्कृत-वाङ्मयरूपी मणिमाला का सुमेरु है। वेद साक्षात्कृतधर्मा मनीषियो द्वारा दृष्ट एव श्रुतर्षियो की परम्परा से प्राप्त आर्यजाति की अनुपम शेवधि है। वेद सकल ज्ञान-विज्ञान-विधा का मूल है एव वैदिक साहित्य की महनीयता लोक-शास्त्र प्रमाणित है।

उपर्युक्त कारणो से वैसे तो वेद के प्रति मेरी रुचि एव श्रद्धा भी बाल्यावस्था मे ही उत्पन्न हो गयी थी, किन्तु जब प्रयाग विश्वविद्यालय में अध्ययन के समय गुरु के रूप मे 'विग्रहवान् वेद' प्रो हरिशङ्कर त्रिपाठी जी मिले, तब वैदिक साहित्य के प्रति मेरी ज्ञान-पिपासा तीव्र हो गई। एम ए प्रथम वर्ष मे भाषा-विज्ञान का अध्यापन करते समय गुरुदेव ज़ब वैदिक शब्दों के साथ अवेस्तीय शब्दों की तुलना प्रस्तुत करते थे, तो यह बात मेरे मष्तिष्क मे कौधती रहती थी। इन्ही सब कारणो से एम ए द्वितीय वर्ष मे मैने वेदवर्ग का चयन किया। गुरुवर्य 'ज्ञानविधूतपाप्मा' प्रो हरि-शङ्कर त्रिपाठी जी के चरणाब्ज की सन्निधि मे प्रतिदिन 4-5 घण्टे बैठकर वेद एव अवेस्ता का मैं मनोयोगपूर्वक अनुशीलन करता था।

एम. ए. परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त प्रिय विषय होने के कारण मेने अवेस्तीय विषय पर शोध करने का निश्चय किया एवं प्रस्तुत विषय पर शोधकार्यरत हो गया। इसी मध्य वि.अ.आ. की जे.आर.एफ भी प्राप्त हो गई, अत: शोधकार्य मे किसी भी प्रकार का आर्थिक विघ्न नहीं उपस्थित हुआ। भगवती वाग्वदिनी के कृपाकटाक्ष से यह कार्य पूर्ण होकर विद्वत्तल्लजो के समक्ष नीर-क्षीर-विवेकार्थ प्रस्तुत है। चूकि सम्पूर्ण शोध-प्रबन्ध मे ही वेद एवं अवेस्ता के पारस्परिक सम्बन्ध का वैशद्येन विवेचन है, अत: यहॉ कुछ कहना पुनरुक्ति मात्र ही होगी, केवल पिष्टपेषण होगा।

गुरुदेव प्रो. हरि-शङ्कर त्रिपाठी जी की वैदुषी एव शोधचातुरी प्रेरक तत्त्व के रूप में

सर्वदा उपस्थित रही एव उनका छलकता हुआ वात्सल्य सभी कठिनाइयो को सहजता से पार कर जाने मे साहाय्य के रूप मे उपस्थित रहा। आदरणीया डॉ सुचित्रा मित्रा जी के वैदुष्य सवलित मार्गदर्शन से मै पदे-पदे अनुग्रहीत होता रहा हूँ, किन्तु इनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन केवल औपचारिकता ही होगी। कृतज्ञता के रूप मे गुरु-ऋण का वहन करना मेरे लिए एक आह्लादपूर्ण अनुभूति है। आदरणीय गुरुजनो प्रो चण्डिका प्रसाद शुक्ल, प्रो सुरेश चन्द्र पाण्डेय, प्रो सन्त नारायण श्रीवास्तव, प्रो मृदुला त्रिपाठी, प्रो चन्द्रभूषण मिश्र, प्रो राजलक्ष्मी वर्मा, डॉ० राम किशोर शास्त्री, डॉ० शङ्कर दयाल द्विवेदी एव सस्कृत विभाग के अन्य गुरुजनो का आशीर्वाद अहर्निश मेरे साथ रहा, एतदर्थ मै इन सुधीजनो के श्री चरणो मे कोटिश: प्रणाम निवेदित करता हूँ।

इस कार्य की सफल एव निर्विघ्न पूर्णता में मेरे पारिवारिक सदस्यो विशेषत: ममत्व मूर्ति माता श्रीमती फूल कुमारी मिश्रा, पूज्य पिता जी श्री राजधर मिश्र एव गुरुमाता परमवात्सल्यमयी श्रीमती गीता त्रिपाठी का अनेकविध सहयोग रहा, अत: मै उनके चरण कमलो मे अगणित प्रणतिततति निवेदित करता हूँ। प्रिय मित्रो श्री विजय कुमार पाठक (एडवोकेट), श्री विनय कुमार शुक्ल (प्रवक्ता-राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरकाशी, उत्तराचल), श्री मनीष कुमार पाण्डेय (आई ई.एस.), श्री रवि शंकर पाण्डेय एवं गन्धर्व-विद्या के उदीयमान नक्षत्र मदन मोहन मिश्र आदि का ऐसे पूत अवसर पर स्मरण करना भी मेरा धर्म है, जो सदैव मेरे दु:ख-सुख के साथी रहे हैं। प्रिय पत्नी श्रीमती मिथलेश कुमारी मिश्रा एव अनुजो इन्द्र कुमार मिश्र एव पवन कुमार मिश्र ने भी अनेक प्रकार से मेरा सहयोग किया अत: वे भी मेरे आशीर्वाद के पात्र है।

जयहिन्द कम्प्यूटर्स के निदेशक श्री आलोक श्रीवास्तव एव इनके अनुज अतुल श्रीवास्तव तथा समर बहादुर सिह ने श्रम पूर्वक इस कठिन कार्य को उचित समय पर पूर्ण किया, अत: इन सबके प्रति धन्यवाद व्यक्त करना मेरा धर्म है। अन्त में मै उन समस्त मनीषियो के प्रति सादर आभार प्रकट करता हूँ जिनकी कृतियो से न्यूनाधिक लाभान्वित हुआ हूँ।

मनोज कुमार मिश्र

(मनोज कुमार मिश्र)
शोधच्छात्र
सस्कृत विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

विषय-सूची

1

भूमिका

भूमिका

अवेस्ता पारसीको का धर्मग्रन्थ है। अवेस्ता का पारसीक धर्म मे वही स्थान है जो वेदो का हिन्दू-धर्म मे। अवेस्तीय साहित्य अहुरोपासक प्राचीन ईरान के निवासियो के ऋतम्भरा प्रज्ञा की उपज है। अवेस्तीय साहित्य की रचना भूमि का प्राचीन नाम पर्शिया अथवा फारस था। उससे भी पूर्व इस पवित्र भूमि का अभिधान 'अइर्येन वएजह्' था, जिसका सस्कृत रूपान्तर आर्यायण व्यचस् है। खीश्त-सवत् (सन्) 1935 मे उपर्युक्त देश का नामकरण ईरान हुआ। ईरान शब्द निश्चिततया अवेस्तीय 'अइर्येन' से ही विकसित है। जिस प्रकार वेद भारतीय सस्कृति एव साहित्य के अनुशीलन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार ईरानी सस्कृति एव साहित्य के अनुशीलन की दृष्टि से अवेस्तीय साहित्य। भाषा, समाज, देवशास्त्र एव इतिहास के आलोक में अवेस्ता का वेदों से नेदीयान् सम्बन्ध है।

अवेस्ता शब्द की व्युत्पत्ति- अवेस्ता का पह्लवीरूप अविस्ताक् उत् जन्द् है एव पाजन्द मे इसकी सज्ञा 'अवस्ता' है। प्रो०अन्द्रियस इसका नाम 'उपस्ता मानते है, जिसका अर्थ है-बुनियाद[1] जो सम्भवत: उप+स्था से निष्पन्न है। थकार का अल्पप्राण होकर तकार हो गया है। प्राचीन फारसी शिलालेख मे उपस्ता शब्द का प्रयोग सहायता के अर्थ मे हुआ है[2]

''पसाव अदम् अउर-मज्दाम् पतियावह्यइय्। अउर-मज्दा मइय् उपस्ताम् अबर।

अर्थात इसके बाद मैने असुरमेधा से सहायता माँगी। असुरमेधा ने मुझे सहायता दी।

नइर्यसघ इसको 'निर्मल श्रुति' कहता है।

प्रो० क्षेत्रेश चन्द्र चटट्रोपाध्याय 'आ' उपसर्गपूर्वक 'विद् लाभे' से 'अवेस्ता' शब्द को निष्पन्न मानते हैं। साधनिका इस प्रकार है-आ+विद्+क्त=आवित्त। जिस प्रकार मद्+क्त=मत्त का फारसी भाषा में 'मस्त' इस रूप मे विपरिणाम होता है, उसी प्रकार से आवित्त (आविस्ता)> अवेस्ता हो गया। अन्त्यस्वरवृद्धि छान्दस सादृश्य के कारण हुआ है। प्रो० चट्टोपाध्याय के अनुसार इसका अर्थ है परमेश्वर से प्राप्त।[3]

---

1 The word Avıstak can be traced back to the old form "Upasta" and thus sıgınfıes "Foundatıon" "Foundatıon text" M F Kanga, Avesta Part 1, Introductıon Page 4

2 धारयद्वसु, बहिस्तन शिलालेख (प्रथम प्रकोष्ठ)

3 वेदावित्तप्रकाशिका - पृष्ठ 3

मेरा मन्तव्य है कि 'अवेस्ता' शब्द को आा+विद् ज्ञाने से निष्पन्न करना अधिक समीचीन होगा। यह ध्यातव्य है कि 'विद्' धातु सामान्य ज्ञान का वाचक नही अपितु प्रातिभ ज्ञान का वाचक हैं जर्मन भाषा मे सामान्य ज्ञान के अर्थ मे 'Kennen' (अंग्रेजी-Know) जो कि प्रा० फास्सी रव्शना' यद्वा सस्कृत के ज्ञा धातु से विकसित है, का प्रयोग होता है किन्तु प्रातिभ ज्ञान के लिए Wissen का प्रयोग होता है, जो सस्कृत के विद् धातु से विकसित है। अग्रेजी 'wit' मे इसका अर्थ कुछ सीमा तक सुरक्षित है। चूकि प्रत्यक्षज्ञान यद्वा दर्शन सबसे उत्तम माना गया है इसीलिए अग्रेजी मे 'Vision' का अर्थ दर्शन हो गया। भारतीय परम्परा भी वेदो को ऋषिदृष्ट पूर्ण ज्ञान मानने की रही है।[1] प्रो० चट्टोपाध्याय भी वेद के समान ही अवेस्ता को ज्ञानार्थक विद् धातु से भी निष्पन्न मानते है।[2]

प्रारम्भ में अवेस्तीय वाङ्मय एकविंशति नस्कमय था, जो शतधा विभक्त था। ग्रीस आक्रान्ता अलक्षेन्द्र ने विपुलकाय अवेस्ता साहित्य को नष्ट कर दिया। दीनकर्त् नामक ग्रन्थ मे समग्र नस्को का वर्णन उपलब्ध होता है। एतद्ग्रन्थानुसार वर्तमान अवेस्ता मूल का चतुर्थ भाग मात्र अवशिष्ट है। अवेस्ता ग्रन्थ की मातृकाओं के दो रूप विद्यमान है। एक में केवल मूल अवेस्ता ग्रन्थ का पाठ पारायणक्रम[1] से सन्निविष्ट है। अवेस्ता के चार प्रधान विभाग हैं- (1) यस्न (2) विस्पॅरॅद् (3) वेन्दिदाद् (4) यश्त्। पारायणक्रमानुसारी पाठ मे जन्द नामके व्याख्यान का सन्निवेश नही है। इसमे यस्न भाग के प्रथम अध्याय के प्रथमांश से आरम्भ होता है, उसके बाद विस्पॅरॅद् विभाग का प्रथम अध्याय, तत्पश्चात् यस्न का शेष भाग, उसके बाद द्वितीय यस्न का प्रथमाश पुनः विस्पॅरॅद भाग का द्वितीय अध्याय आता है। यही क्रम आगे भी चलता रहता है। विस्पॅरॅद के बारहवे अध्याय के बाद वेन्दिदाद् भाग का प्रथम अध्याय आता है। सबसे अन्त मे यस्न भाग का अन्तिम अध्याय आता है। इन तीनो विभागो का अलग-अलग पाठ नहीं होता है।[3] कर्म काण्ड की दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण होने के कारण इस पाठ का नाम वेन्दीदाद् सादह् है।[4]

---

1 अ ऋषिर्दर्शनात्। स्तोमान्ददर्शेत्यौपमन्यव॰। तदय्देनास्तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयभ्वभ्यानर्षत् तदृषीणामृषित्वमिति विज्ञायते। (निरुक्त 2 11)

ब सर्वज्ञानमयो हि स । मनु -2-7

2 वदशब्दवदय ज्ञानार्थकाद् विद-धातोर्निष्पन्न॰। वेदावित्तप्रकाशिका - पृष्ठ 3

3 These three books are not generally recited each as a separate whole, but with hās are frakarts of one book mingled with another for liturgical purposes and the collecion is called the "Vendīdād Sādah" or "Vendidad pure" i e text without commentary"

4 कर्मकाण्डदृष्ट्या वेन्दिदाद्विभागस्य अभ्यर्हिततत्वात् पाठस्यास्य वेन्दीदाद् सादह् इत्याख्या दृश्यते वेदावित्तप्रकाशिका, प्रो क्षेत्रेशचन्द्र चट्टोपाध्यायकृत पृष्ठ -4

अवेस्ता के दूसरे रूप मे क्रमानुसार मूलपाठ है और उसके साथ पह्लवी भाषा मे लिखी गयी टीका है। इसी पाठ की सज्ञा 'अवस्ताक् उत् ज़न्द' है। यहाँ ज़न्द शब्द (अवेस्ता-आजइन्ति) अवेस्तीय पाठ के पारम्परिक व्याख्यान को इङ्गित करता है। इसी भ्रम मे कुछ लोगो ने इसे जेन्दावेस्ता इस रूप मे प्रथित किया।[1] डॉ० वेस्ट ने उपर्युक्त स्खलति का खण्डन किया है।

अवेस्तासम्बद्ध कुछ विशेष तथ्यो की प्रस्तुति के पश्चात् अब अवेस्ता विभाग का विस्तृत परिचय अवसरप्राप्त है। अवेस्ता के पूर्वोक्त प्रधान विभागचतुष्टय के अतिरिक्त दो और अप्रधान विभाग है-

1 स्वल्पकाय पाठ्य, न्यायिश्न, गाह् इत्यादि।

2 उद्धरण यथा- हाधोख्त् नस्क, विश्तास्प सास्त नस्क आदि।

कुछ सुधीजन 'यस्न' विस्पॅरॅद् एव वेन्दिदाद् को ही प्रधान प्रभाग मानते है, एवं 'यश्त्' को भी अप्रधान प्रभाग की कोटि में रखते हैं।

यस्न-यस्न शब्द सस्कृत यज्ञ का प्रतिरूप है, जिसके मूल में यज् धातु है पाणिनिधातुपाठ में इसके तीन अर्थ है-पूजा, सङ्गतिकरण एव दान-"यज् पूजासङ्गतिकरणदानेषु"। यहाँ प्रथम अर्थ ही प्रधान है अन्य अर्थ गौण। इस प्रभाग का प्रमुख विषय पूजन है। यह प्रभाग 72 अध्यायमय है। अध्यायो की संज्ञा 'हा' अथवा 'हाइति' है। यस्न त्रिधा विभक्त है।

प्रथम भाग का आरम्भ अहुरमज्दा एवं यज़तों के आह्वान से होता है। (हा-1-27) इसके अन्तर्गत वेदोक्त सोम के समान 'हओम' के सवन एवं अर्पण तथा पवित्र द्रओनार्पण सम्बद्ध पाठ्य दिये गये है। 'हा' 12 मे जरथुश्त्र के वंश का वर्णन है। द्वितीय भाग में गाथाएं गीत, स्तोत्र जो पद्यमय है, एवं इनमें जरथुश्त्र की शिक्षाओ, उपदेशो एवं प्राकट्य का समावेश है। गाथाओ की सख्या 5 स्वीकृत है। इन गाथाओ की रचना छन्दो मे हुई है। गाथा भाग अवेस्ता का सबसे प्राचीन अश माना जाता है। पॉचों गाथाएं कुश्ती के 72 रश्मियो के आधार पर 72 यस्नो मे विभक्त हैं। ये गाथाए अपने-अपने आद्य शब्दों[2] के नाम पर तत्तत् अभिधानो

---

1 Here the word zand (Avesta Azaınti) sıgnfies the tradıtional exposıtion of Avestan Text Through a mısunderstandıng the phrase ıs wrongly termed zend avesta M F Kanga, Avesta Part - 1, Introductıon Page 8

2 M F Kanga Avesta Part 1, Introductıon Page 8

से मण्डित है। यथा-

1 अहुनवइति गाथा 2 उश्तवइति गाथा 3 स्पन्तामइन्युश गाथा

4 वोहुक्षत्र गाथा 5 वहिश्तो इश्ति गाथा।[1]

गाथा भाग के बीच मे ही (हा/35-41) 7 अध्याय 'यस्न हप्तङ् हाइति' के नाम से सकलित है। 'यस्न हप्तङ् हाइति' गद्यमयी भाषा मे लिखित है। यह भाग गाथाओ की अपेक्षा अर्वाचीन एव परवर्ती यस्नो से प्राचीन है, तथा इसमे अहुरमज्दा, अमॅषस्पॅन्ता, पवित्रात्माओं, अग्नि, जल तथा पृथ्वी की प्रार्थनाओं एव माहात्म्य का वर्णन है। इसमे गाथाओ की अपेक्षा धर्म का अधिक विकसित रूप प्राप्त होता है।

यस्न के तीसरे भाग मे (हा/52, 55-72) जिनको 'अपर यस्न' भी कहा जाता है, मे विभिन्न यजतो (पूज्यो) की प्रशसा एव कृतज्ञता-ज्ञापन व्यक्त हुआ है।

2 विस्पॅरॅद् (अवेस्ता-विस्पेरतव) स० विश्वेऋत्विज: का विकास है जिसका अर्थ 'सभी पुरोहितगण' है। यह यस्न भाग का पूरक है। भाषा एव रूप की दृष्टि से यह यस्नाश से साम्य रखता है। यह भाग 23 अध्यायो से युक्त है, जिनकी सज्ञा 'कर्त' है। कर्मकाण्ड में यह यस्नांश के मध्य आपतित है। 'सभी ऋत्विजों' के सत्कारार्थ आह्वान एव स्तुतिया इसका प्रमुख विषय है। प्राचीन यस्न कर्म सोलह ऋत्विजों द्वारा सम्पादित होता था, बाद में इस कर्म को आठ ऋत्विज् सम्पादित करने लगे। अब इसको दो ऋत्विज् सम्पादित करते है।

यश्त्- इसका सस्कृत समरूप 'यजत'[2] है। वेद मे, यजत शब्द का अर्थ पूज्य है। धातु मे कर्मणि अतच् प्रत्यय जोडने पर यजत शब्द बनता है। इसका आधुनिक फारसी रूप-एजद (ईश्वर) है। इस भाग में इन्हीं पूज्यो की स्तुतियों का सग्रह है जो वैदिक देवताओ के प्रतिरूप है। प्रत्येक देवता के लिए एक सम्पूर्ण यश्त् है। यश्त् शब्द स्वय मे एक विशेषण है, जो अवेस्तीय देवताओं के साथ सम्बद्ध है। यह अवेस्तीय भाग पद्यबद्ध है। M F Kang के अनुसार यश्त् और यस्न मे यह अन्तर है कि जहॉ यस्न उस यश्तों का संग्रह है, जो अहुरमज्दा अमॅषस्पॅन्ता एव यजतो को समर्पित है वही यश्त केवल एक या अहुरमजदा

---

1 अहुनवइति गाथा - हा 28-34, उश्तवइति गाथा हा 43 - 46 स्पन्तामन्युश गाथा 47-50, वोहूक्षथ्र गाथा हा 51, वहिश्तोइश्ति गाथा- हा 53 ।

2 याति शुभ्राम्या यजतो हरिभ्याम् ऋ 1 35 3

अथवा अमॅषस्पॅन्ता मे किसी एक अथवा यजतो मे किसी एक के वन्दन मे प्रयुक्त है।[1] इन यश्तो की सख्या 21 है। यश्तो मे पर्याप्तमात्रा मे पौराणिक, ऐतिहासिक सामग्री बीजरूप मे विद्यमान है, जिसकी अभिव्यक्ति शताब्दियों बाद शाहनामा मे दिखाई पडती है। सभी 21 यश्त् एक व्यक्ति या एक काल की रचनाये नही है। वेदो के समान इनका भी प्रणयन विभिन्न व्यक्तियो द्वारा विभिन्न समयो मे हुआ।

वेन्दिदाद्:- (अवेस्ता-विदएवदात) स० विदेवधित > विदेवहित दएवविरोधी नियमों का सकलन है। यह जरथुश्त्री आचारसहिता 22 अध्यायो मे विभक्त है। इन अध्यायो को फ्रकर्त् नाम से जाना जाता है। इसके प्रखण्ड काल एव रचनाशैली में वैभिन्य रखते है। अधिकांशतः इसकी रचना परवर्ती काल की है। प्रथम अध्याय (फ्रकर्त्) में अहुर द्वारा बनाये गये देशों एवं उसके विरोध में 'अड्रोमइन्यु' द्वारा उत्पादित रोगों का वर्णन हैं, द्वितीय अध्याय मे यम से सम्बन्धित गाथा, स्वर्णकाल और विनाशकारी शीत के आगमन और ईरानी जलप्लावनादि का वर्णन हुआ है। तीसरे फ्रकर्त् मे अन्य बातो के अतिरिक्त कृषि एव श्रम का माहात्म्य प्रतिपादित है।

चतुर्थ मे वैध सम्बन्धों के वर्णन के साथ-साथ आघातों एव दण्डो का वर्णन है। 5-12 मे मुख्यतया शुद्धीकरण की विधियां हैं। 13-15 तक श्वानोपचार मुख्य विषय है। अध्याय 16-18 विभिन्न प्रकार के अशुद्धियों के दूरीकरण से सम्बद्ध हैं। 19वें अध्याय मे देवविदूरीकरण एवं शेष 20-22 में मुख्यतया भैषज्यकर्म प्रतिपादित है। इस प्रकार वेन्दिदाद् मन्वादि स्मृतियों एवं बाइबिल के 'Pentateuch' से समानता रखता है।

इस प्रकार अवेस्ता के प्रधान विभागों की विवेचना के उपरान्त अन्य अप्रधान विभागो पर ईषद्विचार कर लेना भी समीचीन होगा-

खुर्तक् अवेस्ता:- यह पुरोहितो एव सामान्य जन द्वारा नित्य प्रयोग किये जाने वाली प्रार्थनाओ का लघु संग्रह है, जैस न्येषेष यद्वा न्याइश्न्, गाह् इत्यादि। न्येषेष पाँच लघु प्रार्थनाओ का संकलन है। इनमें सूर्य, चन्द्र, जल, अग्नि एवं इनके अभिमानी यजतों ख़्वर्शीत् मिथ्र, माह् एवं आतर् का सम्बोधन हुआ है। गौण पाठ्यों के शीर्षक नीचे ही (दिन के) पाँच कालों की आत्माओं के सम्बोधन से युक्त 5 गाह् आते है।[2]

---

1 Averta Part - 2, Introduction, Page - VII

2 हावन् गाह्, रपिथ्विन् गाह्, उजीरिन् गाह्, अइविस्रूथ्रॅम् गाह्, उषहिन् गाह् ।

हाधोख़्त नस्कः- इसमे 3 फ्रकर्त् है। प्रथम मे अर्षम्वोहू मन्त्र के पाठ की महिमा का वर्णन है। दूसरे एव तीसरे फ्रकर्त् मे मृत्यूपरान्त आत्मा के भाग्य के बारे में बतलाया गया है। इसके अलावा भी 'विश्तास्प यश्त्' आदि कुछ छिट-पुट सामग्रिया भी उपलब्ध है।

अवेस्तीय धर्म एवं ज़रथुश्त्र

जरथुश्त्र अवेस्तीय धर्म का प्रवक्ता है। ज़रथुश्त्र पद की अनेकविध व्युत्पत्तियां मान्य विद्वानो द्वारा प्रस्तुत की गयी है। यथा 'जर् वस्त' इसका अर्थ है सुनहरा साम्राज्य। सस्कृत घ्वृ > घृ (> हर्य > हिर्) से जर् पद विकसित है।[1] घ्वृ > घृ से ही अंग्रेजी Glow, Glıtter, Gold जर्मन Gelb, अग्रेजी Yellow पद व्युत्पन्न है। 'वस्त' का अर्थ 'साम्राज्य' अथवा 'निवास स्थान' भी सम्भव है, जो वैदिक पस्त्या का समरूप है-

निषसाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्या स्वा।

साम्राज्याय सुक्रतुः।।[2]

ज़र्वस्त से जरथुस्त्र शब्द निष्पन्न है।

परन्तु इस व्युत्पत्ति को मानने पर कुछ ध्वनिसम्बन्धी अनिराकरणीय आपत्तियां हैं। यह कि थकार एव रेफ का आगम कैसे हुआ। अतः यह व्युत्पत्ति सन्तोषप्रद नही है।

हेनरी लार्ड[3] जरत्-उश्त्र इस रूप में इसकी व्युत्पत्ति करते हैं जिसका अर्थ है 'अग्निसखा'। जरत् पद अग्निवाचक है, जो संस्कृत घ्वृ > ज्वल् > जर् (रलयोरभेदः) अवधी-जरना का शत्रन्त रूप है। उशत शब्द मित्र का वाचक है, जो सस्कृत वश्[4] धातु से बना है। अवेस्ता में उशता पद अनेक बार आया है जिसका अर्थ प्रकाशक, कामनाकृत् है।[5]

बर्नफ ने जरथुश्त्र पद को जरथ् उश्त्र, 'वृद्ध बैलो वाला' इस प्रकार व्युत्पन्न मानते

---

1 अवेस्ता कालीन ईरान - डॉ हरिशकर त्रिपाठी पृष्ठ 21

2 ऋग्वेद 1/25/10

3 Relıgıon of the Parsees, Page 52, London - 1630

4. ता वा वास्तून्यूश्मसि गमध्यै। ऋक् 1 154 6

5 उश्ता अस्ती उश्ता अह्माइ ह्यत् अषाइ वहिश्ताइ अषम्। अवेस्ता, यस्न, हा 49 13

है। सस्कृत मे जरदष्टि, जरद्गव आदि पद प्राप्त होते है। दर्मस्तेतर एव बार्थोलोमाय भी इस निर्वचन के प्रति श्रदालु हैं।

इसी प्रकार जार्ज रावलिसन 'जिरु-इश्तर' इश्तर का बीज। अस्कोली-''जरत्-वास्त्र'' स्वर्णिम साम्राज्य। कसर्तेली जरत् उश्त्र '' हलदुष्ट्र:'' ''ऊँट से हल जोतने वाला'' इत्यादि अर्थ किये है।

प्रो० क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय ने जरशुश्त्र पद का सस्कृत प्रतिरूप जरठोष्ट्र माना है-

जरथुश्त्र शब्दस्य सस्कृतभाषाया प्रतिरूपं जरठोष्ट्र इति मे प्रतिभाति (वेदावित्तप्रकाशिका, पृष्ठ-5) मै इसमे एक और सम्भावना जोडना चाहता हूँ- जृ > गृ धातु का अर्थ है 'स्तुति करना' अत: जरत् पद का अर्थ है 'स्तुतिकर्ता' एव 'जरथुश्त्र' का अर्थ है ऊँट के लिए प्रार्थना करने वाला।

जृणदुष्ट्र (गुणदुष्ट्र:)। यद्यपि सस्कृत भाषा की दृष्टि से इस प्रकार के समास नही बनते।

अवेस्ता मे ज़रथुश्त्र की उष्ट्र-याच्ञा का स्पष्ट प्रमाण उपलब्ध है-

तत् थ्वा पॅरसा अरश् मोइ वओचा अहुरा कथा अषा तत् मीज्द्वम हनानि दसा अस्पो अर्श्नवइतीश् उश्त्रम् च।[1]

जरथुश्त्र ने अवेस्तीय धर्म को एक परिमार्जित स्वरूप प्रदान किय। प्राचीन ईरानी धर्म जरथुश्त्र के सत्प्रयासों से विश्व के महान् धर्मो मे अन्यतम बन गया। इस धर्म की सबसे बडी विशेषता यह है कि यह अहुरमज्दा की सर्वोच्चता एव उपास्यतमता का विश्वासी है-

तम् नॅ यस्नाईश् आरमतो ईश्मिमध्ज़ो

यॅ आन्मॅनी मज़्दो स्रावी अहुरो।।[2]

अर्थात् जो अपने ऋत के कार्यो से अहुरमज़्दा के नाम से प्रथित है हम उसकी पूजा करते है।

आगे जरथुश्त्र कहते है कि असुरमेधा सुकृत को सर्वाधिक स्मरण करता है। जिन

---

1 अवेस्ता, यस्न - 44 18

2 अवेस्ता, यस्न - 45 10

सुकृतों को प्राचीन काल मे देवो एव मानवो मे किया, जो भविष्य मे किये जाएंगे। वह विचारक असुर जैसी कामना करता है, वैसा हमारे लिए हो जाता है-

मज्दो सख्वार मइरिश्तो

या जी वावरजोइ पाइरी चिथीत्।

दएवाइश्च मश्याइश्च।

या च वरॅशइते अइपि चिथीत्

ह्वो विचिरो अहुरो।

यथा नॅ अड्.हत् यथा हो वसत्। गाथा 29/4

इस प्रकार असुरमेधा के प्रति जरथुश्त्र-अनुराग के कारण उपर्युक्त विश्वास मज्दावाद मेधावाद (Mazdaism) सञ्ज्ञाभाक् हुआ।

जरथुश्त्र एक ऐतिहासिक व्यक्ति है।[1] यद्यपि उसके आभा-मण्डल के साथ कुछ कल्पनाये भी जुडी है, जो कि अवेस्ता के गाथातिरिक्त भागो मे पर्याप्त रूप से अभिव्यक्त हुई है। यद्यपि इन अशो मे भी उसका मानवीय चरित्र स्पष्ट रूप से दृष्टिपथ मे आता है। ऐतिहासिक दृष्टि से जरथुश्त्र से सम्बद्ध अल्प सामग्री ही उपलब्ध है अतः स्वाभाविक है कि उसके जीवन एवं चरित के बारे मे विद्वानों में ऐकमत्य न हो।

अवेस्ता, दीनकर्त्, शहनामा आदि ईरानी स्रोतों के अतिरिक्त यूनानी एवं रोमन लेखकों ने भी उसके जीवन पर न्यूनाधिक प्रकाश डाला है। यूनानी एव रोमन लेखको के मतानुसार वह 'मग' का प्रमुख प्रवक्ता था यूनानी लेखक हेरोडोटस। जिसे इतिहास का जनक माना जाता है, के अनुसार 'मग' एक जाति है न कि पुरोहित कुल ।[2] दीनकर्त् मे अवेस्ता व ज़न्द को मग पुरोहितो की रचनाये बताया गया है।[3] इन्हीं कारणो से अवेस्तीय धर्म को मगवाद भी कहा गया। प्रथम बार मग ब्राह्मण 6वी शताब्दी ई. पू. में भारत मे भी प्रविष्ट हुए[4]- स्कन्द,

---

1 Zoroaster the prophet of ancient iran page - 4 A V William Jackson London - 1901

2 Zoroaster The Prophet of Ancient Iran Page - 7

3 दीनकर्त - 4 21, 4 34

4 The Maga Brahmanas - A Historical Approach - C D Pandey, Citi-Vithika Vol-5 Nos 1-2 1999-2000

भविष्य, साम्बादि पुराणो मे मग ब्राह्मणो का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है।[1]

पारसीक धर्म के प्रखर प्रवर्तक जरथुश्त्र की जीवनावधि के बारे मे भी मतैक्य नही है। W E West ने उसका काल 660-583 ई०पू० निर्धारित किया है। सीरिया देशीय सम्प्रदाय इनका जन्म 631 ई०पू० व मृत्यु 544 ई०पू० बतलाता है। ऐसी धारणा है उसका जन्म इन्डस एव टिग्रिस के मध्य मे हुआ था।[2] प्रो० क्षेत्रेशचन्द्र चट्टोपाध्याय के मतानुसार जरथुश्त्र का जन्म 631 ई० पू०मे हुआ था, यह सीरियादेशीय सम्प्रदाय ही स्वीकार करने योग्य है। उनके मतानुसार उसका जन्म ईरान देश के उत्तरपश्चिम दिग्भाग मे 'अइरेन वएजह' विषय के 'रगा' नामक नगर में हुआ था।[3] मीद उसका कार्यस्थल था। उसकी शिक्षा उभयत्र सम्पन्न हुई। धर्मसम्बन्धित कार्य के लिए वह पूर्व मे सेइस्तान एव तूरान में भी रहा था। उसके पिता का अभिधान 'पोउरुषास्प' एव 'दुग्धोवा' उसकी माता का नाम था। अवेस्ता में अनेकत्र उसके लिए 'स्पिताम' इस विशेषण का प्रयोग हुआ, जो इसके कुल का नाम था। एक किवदन्ती के अनुसार एक देवदूत ने हओम (सोम) वृक्ष मे प्रवेश किया। उस वृक्ष के रस का पान पोउरुषास्प ने किया। उसी समय एक दिव्य ज्योति उसकी पत्नी के उदर में प्रविष्ट हुआ, जिसके फलस्वरूप ज़रथुश्त्र का जन्म हुआ।[4] उसके पिता का वर्णन अवेस्ता एवं पह्लवी साहित्य में असकृद् स्थानों पर हुआ है। उसके पितामह का नाम 'हएवतास्प' था। उसके अतिरिक्त उसके 4 भाई थे जिनका नाम रतुश़्तर, रङ्घुश्तर, नओतर एवं निवेलिश था। परम्परानुसार उसकी तीन पत्निया थी (बुन्देहिश्न 32/5-7)। प्रथम पत्नी से उसकी चार सन्तानो ने जन्म लिया। उनमे एक पुत्र (इशतवाश्त्र) था तथा अन्य तीन पुत्रिया (फ्रेनि, श्रिती, एव पोउरुचिस्ता) थी। इशतवाश्त्र द्वितीय पत्नी के बच्चो का सरक्षक था।

उसकी सबसे छोटी कन्या का विवाह विश्तास्प के वजीर जामास्प से हुआ। जामास्प के ही कुल के फ्रशओश्त्र की पुत्री ह्वोवा से ज़रथुश्त्र ने पुनः विवाह किया उसकी कोई भौतिक सतान तो नही पर भविष्य में उसके उख्श्यत् अरत, उख्श्यत् नमह् तथा सओश्यन्त नाम की अनन्त सन्तानें उत्पन्न होगीं।

---

1 शाक द्वीपीय ब्राह्मण-विमर्श, पृष्ठ 60-61, डॉ राम नारायण मिश्र

2 Zoroaster the Prophet of Ancient Iran Page 10-11

3 वेदावित्तप्रकाशिता, पृ 5

4 प्राचीन विश्व की सभ्यताए, पृ 441, डॉ० आर एन पाण्डेय

अउर्वत्-नर तथा खुर्शेद् चिह्र दो चखंर (चाकर) दासी के पुत्र बताये गये है। बुन्देहिश्न 32/5-6 के अनुसार उसकी रक्षिता से भी एक पुत्र उत्पन्न हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार उख्श्यत् अरत् एव उख्श्यत् नमह् की माताओ क्रमशः फ्रेधि एवं वङ्‌हुफ्रेधि ने कासव झील मे सरक्षित ज़रथुश्त्र के वीर्य को स्नान के समय धारण कर समयानुसार एक एक पुत्रो को जन्म दिया। यह कथा उस वैदिक कथा से अद्‌भुत साम्य रखती है जिसके अनुसार मैत्रावरुण के क्षरित वीर्य को विश्वेदेवो ने पुष्कर मे रखा, जिसे उर्वशी ने धारण कर वशिष्ठ को जन्म दिया।[1]

जरथुश्त्र के शिक्षक का नाम बुरजिन कुरुॅस था।[2] बीस वर्ष की अवस्था मे वह प्रव्रजित हुआ एव 30 वर्ष की अवस्था में उसे परमात्मा का साक्षात्कार एव ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी अवस्था कार्यक्षेत्र मे प्रविष्ट हुआ।

अविच्छिन्न स्वप्नवार्ताओं के माध्यम से जरथुश्त्र का धार्मिक वर्ष प्रारम्भ हुआ। प्रथमर्वाता अहुरमज्दा से हुई तत्पश्चात् द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम, षष्ठ एव सप्तम वार्ता क्रमशः वोहुमनह्, अष वहिश्त, ख्शथ्रवइर्य, स्पॅन्ता आरमइति, हउर्वतात् एव अमरतात से हुई है। Selection of Zat Sparam मे सविस्तर इन वार्ताओ का वर्णन उपलब्ध होता है।[3]

उपरि निर्दिष्ट वार्ताओं के उपरान्त भी जरथुश्त्र का जनमानस पर तनिक भी प्रभाव नही हुआ। जनता में उसका सिद्धान्त ग्राह्य नही हुआ। दश वर्षो के अन्तराल मे केवल कवि 'विश्तास्प' ने ही ज़रथुश्त्रोपदिष्ट धर्म को ग्रहण किया। तत्पश्चात् दो वर्षो मे वह कवि विश्तास्प के विचार-परिवर्तन मे सफल रहा। विश्तास्प के विचार परिवर्तन से उसका कार्य अत्यन्त सुकर हो गया। उसके संरक्षण में जरथुश्त्र-प्रवर्तित धर्म ईरान का महत्वपूर्ण धर्म बन गया। खुर्तक् अवेस्ता के अनुसार विश्तास्प के हृदय-परिवर्तन के लिए एवं स्वविचारों से उसे परास्त करने के लिए ज़रथुश्त्र ने अरद्वी सूर् अनाहिता से प्रार्थना की थी।

उपर्युक्त मे सत्यासत्यविवेक वाह्यप्रमाणाभाव से अत्यन्त दुष्कर है। फिर यह तो सहज ही बात है कि किसी व्यक्ति की उच्छिखता को लोग आसानी से मान्यता नही देते, इसलिए

---

1 उतासि मैत्रावरुणोर्वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधिजातः ।

द्रप्स स्कन्न ब्रह्मणा दैव्येन विश्वेदेवा· पुष्करे त्वाददन्त।। ऋ ० 7 33 11

2 Zoroaster the prophet of ancient iran page - 30

3 Zoroaster the prophet of ancient iran, page - 50

कम से कम जरथुश्त्र की सघर्षकथा मे तो कोई अतिशयोक्ति हो ही नही सकती।

वीश्तास्प जरथुश्त्र मत का सरक्षक बन गया। उसका नाम अनेकत्र अवेस्ता, पह्लवी ग्रन्थो तथा 'फिरदौसी' की शाहनामा मे आया है। उसके पिता का नाम 'अर्वतास्प' था। उसकी धर्मपत्नी हुतओसा (सुतोषा) जरथुश्त्र मत मे अगाध श्रद्धालु एव इस मत की संरक्षिका थी जइरिवइरि उसका भाई था। उसकी तीन संततियो में दो पुत्र थे एवं एक पुत्री। उसके पुत्रों मे एक का नाम 'स्पन्तओदाता' एव दूसरे का पेशोतनु था। उसकी पुत्री का नाम हुमा था, जो अपने अद्‌भुत सौन्दर्य के लिए विख्यात थी।[1] विश्तास्प के सहयोग से ईरान मे ज़स्थुरत्र के धर्म का दुतगति से प्रचार हुआ। उसका धर्म 'राष्ट्रिय धर्म' बनने की दिशा में अग्रसर हो गया। जरथुश्त्र को अपने जीवन काल मे ही प्रभूत ख्याति प्राप्त हो गयी 'सूतो अइर्येने वएजहि'[2] (आर्यायण व्यचस् मे प्रसिद्ध) से यह स्पष्ट हो जाती है। उसने पुरातन धर्म का विरोध किया एव कर्मकाण्ड मे पशुहिसा का पूर्ण निराकरण किया। अवेस्ता मे उसे 'अहुरत्कअेशो' (असुरचिकेता) विदअेव (स-विदेव) अर्थात् देवविरोधी, अओजिश्त (स ओजिष्ठ) सर्वाधिक ओजस्वी 'तन्चिश्त' (स तञ्चिष्ठ) कठोरतम, थ्वक्षिश्त (स. त्वक्षिष्ठ) सबसे बडा निर्माता, आसिश्त (सं आशिष्ठ) सबसे तेज ,अस्वरथ्रघ्नतम (स अतिवृत्रहन्तम) अरिघातकतम कहा गया है।[3] उसके अन्य प्रमुख शिष्य मइध्योमाड्‌ह् उसका चचेरा भाई अरास्ति, उसका जामाता एवं विस्तास्प का वजीर जामास्प, जामास्प का भाई फ्रशओश्त्र आदि थे।

यह भी ध्यातव्य है कि प्राचीन ईरान मे 100 वर्षो के अन्तराल मे ही विश्तास्प सज्ञक दो व्यक्तियो की सत्ता थी। हखामनीष् शासक दारयउश् (धारयद्‌वसु) के पिता एव अर्शाम् के पुत्र विश्तास्प[4] कविवंशीय विश्तास्प से सर्वथा भिन्न थे।

ईसा पूर्व 554 में सतहत्तर वर्ष की अवस्था मे तूर ई ब्रातर्वख्य ने उसको मार डाला। ऐसी भी धारणा है कि आकाशीय विद्युत् से उसकी मृत्यु हुई।[5] भारत में जिस प्रकार बुद्ध एवं

---

1 Zoroaster the prophet of Ancient iran Page - 70 - 71

2 अवेस्ता, हओम यश्त्, यस्न 9 14

3 अवेस्ता, हओम यश्त्, यस्न 9 15

4 अदम् दारयउश् ख्शायथिय वज्रक विश्तआस्पह्या पुस्स अर्शामह्या नपा हखामनीषिय। प्रा फा शिलालेख, धारयद्‌वसु, बहिस्तन (प्रकोष्ठ - 1)

5. प्राचीन विश्व की सभ्यता पृ. 442

महावीर ने पुरातन मान्यताओ के विरोध मे अपने मत का प्रवर्तन किया उसी प्रकार ईरान मे जरथुश्त्र ने रूढिवादी (यज्ञीय) पशुहिसा कर्मकाण्ड एव दएव-पूजा के विरूद्ध एक सरल, भावप्रधान, कर्मकाण्ड के आडम्बरयुक्त विस्तार से विहीन धर्म का प्रतिपादन किया। परम्परागत धर्म के विरुद्ध होने के कारण पारम्परिक धर्मानुयायियो द्वारा इसका सबल प्रतिरोध किया गया। यदि अति सक्षेप मे कहा जाय तो आचरण की शुद्धता एव सर्वोच्च अहुरमज्दा मे अनन्य श्रद्धा उसके धर्म के मुख्य सिद्धान्त हैं।

अवेस्तीय धर्म आसुर धर्म है। ऋग्वेद मे असुर शब्द असकृद् देव अर्थ में प्रयुक्त है[1] किन्तु वही दुरात्मा के अर्थ मे भी अनेकश: ऋगादि वेदो मे प्रयुक्त है।[2] वैदिक देव की तरह ही दएव पद अवेस्ता के गाथा भाग मे अच्छे अर्थ मे प्रयुक्त है[3] किन्तु गाथातिरिक्त भागो मे इसका अर्थ दुरात्मा[4] है। अहुरमज़्दा ससार का रचयिता एव पालयिता है। एतदधीन अथवा एतत्सहचर कई सदात्माये है जिनको ॲमषा स्पॅन्ता (अमृता: श्वेना:) कहा जाता है। इनकी संख्या छ: है, जिनका परिचय अति सक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है-

1 वोहुमनह्- (सं वसुमन:) इसका अर्थ अच्छामन यद्वा शुद्ध मन है। ज्ञान, विवेक तथा स्मृतिप्राप्त्यर्थ उसका स्तवन हुआ है।

2 अष वहिश्त- (सं. ऋत वसिष्ठ) ऋत का आंग्ल रूपान्तर 'Right' एवं वसिष्ठ का 'Best' है, अत: इसका अर्थ सर्वोत्तम नियम अथवा नैतिक व्यवस्था है। यह सर्वोत्तमजगन्नियामिका शक्ति का नाम है।

3. क्षथ्र‌वइर्य- (सं. क्षत्रवर्य) इसका अर्थ अभीष्ट शासन है। अत: यह उत्तर शासन का यजत है।

4 अरम् मइति- (स. अरमति, अरमति:) वेद मे इसका समरूप 'अरमति' अनेकश: प्रयुक्त है। यद्यपि इसका अर्थ विरामहीन है। किन्तु अविरतभक्त्यर्थ भी इसका प्रयोग वेद में उपलब्ध है-

---

1 वि सुपर्णो अन्तरिक्षाण्यख्यद् गभीरवेपा असुर: सुनीथ:।। ऋ 1 35 7

2 अनायुधासो असुरा अदेवाश्चक्रेण ता अप वप ऋजीषिन्। ऋ 8 96 9

3 आअत् यूश् ता फ्रमीमथा। या मश्या अचिश्ता दन्तो। वक्षन्ते जुश्ता अवेस्ता, यस्न 32 4

4. तूम् जमॅर् गूजो आकॅरॅनवो विस्पे दअेव जरथुश्त्र। अवेस्ता हओम यश्त्, यस्न 9 15

समु वो यज्ञ महयन् नमोभिः प्र होता मन्दो रिरिचे उपाके।

यजस्व सु पुर्वनीक देवान् आ यज्ञिया अरमति ववृत्वा।।[1]

उद्घृयमाण ऋचा मे प्रयुक्त अरमति शब्द का अर्थ 'अलमतिः पर्याप्तस्तुतिः' सायण ने किया है-

अरमतिरनर्वणो विश्वो देवस्य मनसा।[2]

(5) हउर्वतात् एव (6) अमॅरॅतात्-हउर्वतात् (स सर्वतात्) एव अमरतात् (स. अमरतात्) दोनो सम्बद्ध यजत है। केवल गाथा में अमॅरॅतात् का अकेले भी उल्लेख है अन्यथा अवेस्ता मे सर्वत्र ये युगल रूप मे ही आते है। हउर्वतात् सम्पूर्णता एव पोषकता का यजत है एव अमरतात् अमरत्व का। वैदिक जन भी अमरत्वकामी था-

अपाम सोमममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान्। ऋ 8/48/3

इन छः गुणो से युक्त अहुरमज्दा की कल्पना षाड्गुण्योपेत भगवान विष्णु से समानता रखती है।

अहुरमज्दा की सर्वोच्चता स्वीकार करते हुए भी अवेस्तीय जनों का अनेक देवताओ मे विश्वास था। अतः हम इनके देवतासम्बन्धी विचार को बहुदेववादी एकदेववाद कह सकते हैं। पूर्ववर्णित अहुरमज्दा एव उनके गुणधिदेवताओं के अतिरिक्त भी अनेक देवो-देवियो की स्तुति अवेस्ता मे उपलब्ध है।

आतर्- यह अग्नि का वाचक है। इसका वैदिक प्रतिरूप 'अथर्' है। 'अथर्व' इससे समानता वाला पद है। ऋग्वेद में एक स्थान पर अथर्यु शब्द का प्रयोग हुआ है "दूरेदृशं गृहपतिमथर्युम्" (ऋ०7/1/1)। अवेस्ता में इसके पॉच रूपों का वर्णन है। वेद में भी पञ्चाग्नि का वर्णन है।

मिथ्र- (स.मित्र) यह प्रकाश एव मैत्री का अधिदेव है। वेद मे वरुण के युग्म मे इसकी स्तुति प्रयुक्त है। अवेस्ता में एक समग्र यश्त् इस देव के लिए निवेदित है। ऋतक्षयार्ष द्वितीय एव तृतीय नाम के उत्तर कालीन हखामनीषी शासको ने अपने अभिलेखो मे मित्र का

---

1 ऋ - 7 42 3

2 ऋ - 8 31 12

स्तवन किया है।[1] रोमन शासन काल मे मित्र-पूजा का ईरान से बाहर प्रसार हुआ।[2]

रश्नु- (स ऋजु) यह स ऋज् (सरल होना) से बना है। इसी धातु से स ऋजु एव अग्रेजी Right पद निष्पन्न है। यह चोरो को दण्ड देने वाला है।[3] समग्र द्वादश यश्त् इससे पूर्णत. सम्बद्ध है।

दएना- (स धेना) यह धर्म का वाचक शब्द है। अनेक यजतो के साथ इसका उल्लेख है। वेद मे धेना शब्द का प्रयोग स्तुति के अर्थ मे हुआ है-

वायो तव पपृच्चती धेना जिगाति दाशुषे।

उरूची सोमतीतये।। (ऋ० 1/2/3)

आधुनिक फारसी मे दीन् शब्द धर्म के अर्थ में प्रसिद्ध है। समग्र सोलहवा यश्त् इस देवी की स्तुति मे समर्पित है।

फ्रवषि- (सं. प्रवर्ति) प्रत्येक शरीर मे एक फ्रवषि होती हैं जिसका उदय जीवात्मा के जीवग्रहण से पूर्व हो जाता है। यह सूक्ष्म शरीर अथवा साक्षिचैतन्य के सदृश है। डॉ हरि शङ्कर त्रिपाठी के मतानुसार यह (वैदिक) प्रवर के समानान्तर है।[4] फ्रवषिया आसन्नप्रसवा स्त्रियों को सुष्ठुप्रसवा बनाकर उन्हें पुत्र सम्पन्न करती है।[5] इनकी शक्ति सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को उनके पथ पर सचालित करती है।[6] कहा जाता है कि जरथुश्त्र की फ्रवषि उसके जन्म के पाँच सहस्र नौ सौ सतहत्तर वर्ष पूर्व ही उद्भूत हो गयी थी।[7] सम्पूर्ण त्रयोदश यश्त् इसको समर्पित है।

---

1 अनहता उता मिथ्र माम् पातुव् , प्रा फा शिलालेख, ऋतक्षत्र द्वितीय, हमदन्।

2 वेदावित्तप्रकाशिका, प्रो क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्ययाय, पृ. 12

3 रष्वो अरथमत् बइरिश्त् रष्वो तायूम् निजघ्निस्त।। अवेस्ता, यश्त् 12 7

4 अवेस्ता कालीन ईरान, पृष्ठ 186-187

5 ओङ्हाँम् रय ख्वरनङ्हच, हाइरिषीश् पुथ्र वॅरॅन्वइन्ति, ओङ्हॉम् रय ख़्वरॅनङ्हच, हुजामितो जीजनन्ति, ओङ्हॉम् रय ख्वरॅनङ्हच, यत् बवइन्ति हचत् पुथ्रो (यश्त् 13 15)

6 हरॅअव पथ अअेइति . माो अव पथ अअेइति स्तारो अब पथ येइन्ति। यश्त्-13 16

7. वेदावित्तप्रकाशिता, प्रो क्षे च चट्टोपाध्याय पृष्ठ 12-13

द्वास्पा- (स. ध्रवाश्वा) इसका अर्थ स्थिरपशुवाली है। यह पशुवर्धयित्री, अश्वपालयित्री देवी है। द्वोफ्षुस (ध्रुवपशु) युख्त अस्प (युक्ताश्व) इत्यादि विशेषणो इस बात की पुष्टि होती है। वेद में पूषा को पशु रक्षक कहा गया है।[1] सकल नवम यश्त् मे इसकी महिमा का गान है।

वॅरॅथ्रघ्न- यह विजय का अधिदेव है। वेद मे वृत्र का अनेक स्थलो पर शत्रु के अर्थ मे प्रयोग मिलता है-

वृत्राण्यन्यो समिथेषु जिघ्नते व्रतान्यन्यो अभिरक्षते सदा (ऋ० 7/83/9)

एव

वृत्राण्यन्यो अप्रतीनि हन्ति (ऋ० 7/85/3)

वेद मे इन्द्र को वृत्रहा कहा गया है। निरुक्त[2] एवं वृहद्देवता में इन्द्र के कर्मो मे वृत्रवध प्रमुख है। अवेस्ता में भी वॅरॅथ्र शुत्र का ही वाचक है। वृत्र > वॅरॅथ्र से ही अग्रेजी Weather शब्द निष्पन्न है। वस्तुतः वृत्र खराब मौसम का प्रतीक है जिसमे उपलवृष्टि, अतिशैत्यादि घटनाये प्रमुख है। अवेस्ता के चतुर्दश यश्त् में इसकी पुरुरूपता उल्लिखित है।[3] वेद में भी इन्द्र की पुरुरूपता के संकेत मिलते है-

रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूप प्रतिचक्षणाय।

इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता ह्यस्य हरयः शता दश। (ऋ० 6/47/18)

जरथुश्त्र भी विजयकामनया वॅरॅथ्रघ्न के समक्ष प्रार्थी था।

ख्वरनह्- (सं स्वरणम् अथवा स्वर्णस्) यह स्वृ अवेस्ता ख्वृ धातु से निष्पन्न है। स्वृ >स्वन् > Shine का अर्थ 'चमकना' है। सूर्य एवं चन्द्रमा की किरणो से समीकरण से इसकी कान्तिमत्ता स्पष्ट है (यश्न् 7/1, यश्त् 7/2)। वस्तुतः यह राजत्व का प्रतीत है। ऋग्वेद मे दीप्त्यर्थक स्वरण शब्द का प्रयोग हुआ है-" सोमानं स्वरणं कृणुहि" (ऋ० 1/18/1) सम्पूर्ण 21 वा यश्त् ख्वरनह् को समर्पित है।

---

1 पूषा गा अन्वेतु नः। पूषा रक्षत्वर्वतः। पूषा वाज सनोतु नः।। ऋ 6 54 5

2 अथास्य कर्म रसानुप्रदान वृत्रवधः। निरुक्त 1 10

3 The Foundation of the Iranian Religions, Prof Louis H Gray Page 117-119

वयु- यह वैदिक वायु का प्रतिरूप है पन्द्रहवे यश्त् मे वयु नाम से इसकी स्तुति हुई है। यश्त् के अन्तिम मन्त्र में इसका नाम राम ख्वास्त्र[1] > राम सुवास्त्र है जिसका अर्थ सुखप्रद निवास है। सद्वृत्ति एव असद्वृत्ति उभयविध जनो द्वारा इस की पूजा की गयी (15/2 से 27)

अषि वड्.उही- (स ऋति वस्वी) वेद मे निर्ऋति दु:ख, कष्ट, निर्धनता का वाचक है-स मातुर्योना परिवीतो अन्तर्बहुप्रजा निऋतिमा विवेश। ऋ० 1 164 32 ठीक इसके विपरीत अवेस्तीयाऋति सुख एव समृद्धि की अधिष्ठात्री यजता है। पौराणिक लक्ष्मी एतत्साम्यसम्भृता देवी है। इसकी कृपाकटाक्ष का भाजन मानव समृद्धियुक्त हो जाता है-

ते नरो क्षथ्र क्षयेन्ते अश् बओउर्व

निधातो पितु हुबओइधि

यह्म्य स्तरॅतस्च गातुश्

अन्योस्च बॅरॅख्धो अवरॅतो

योइ हचहि अषिश् वडु हि

उश्त बा यिम हचहि

उत माम् उपड्.हचहि

वोउरसरॅध अमवइति।। अषि 7।।

अर्थात् वे मनुष्य शासन करते है, सञ्चितखाद्य एवं सुगन्ध से युक्त होते है। जिनके घर मे पर्यड्.क स्तृत होते है, अन्य समृद्धियाँ भी चली आती है, हे ऋति वस्वि! जिससे तुम सम्पृक्त होती हो। उसकी कामना सिद्ध हो जाती है, जिससे तुम मिलती हो। हे प्रभूत गण वाली शक्तिमति! तुम मुझसे भी सम्पृक्त होती हो।

ह्वर्- यह वैदिक स्व: यद्वा सूर्य का समरूप है। यह पद स्वृ कान्तौ से व्युत्पन्न है इसका आग्ल समरूप Sun है। यह पृथ्वी को पवित्र करने वाला अहुर का नेत्ररूप है। षष्ठ यश्त् साकक्येन ह्वर् की स्तुति में समर्पित है। यह मास के एकादश दिवस कर स्वामी है।

---

1 यस्नमच वह्ममृच अओजस्च जवस्च आफ्रीनामि। रामनो ख्वास्त्रहे वयओश् उपरो कइरयेहे तरधातो अन्याइश् दामाँन् अअेत् ते वयो यत् ते अस्ति स्पॅन्तो मइन्यओम्।

तिश्त्र्य- यह एक तारा यद्वा नक्षत्र है।[1] इसका सस्कृत समरूप तिष्य है। अष्टम यश्त् सम्पूर्णतया इसकी स्तुति मे प्रयुक्त है। इस नक्षत्र के उदित होने पर ईरान मे वृष्टि का प्रारम्भ हुआ था। यह अपओष (अवृष्टि) को जीतने वाला है (यश्त 8/8-39) यह तीन दिन, तीन रात मे अनओष को पराजित करता है। (यश्त् 8/12-21) इसका स्तवन अहुर, मित्र वॅरॅथ्रघ्नादि अनेक यजतो के साथ हुआ है। अपओष के साथ इसका युद्ध, इन्द्र एव वारिरोध क वृत्र की सघर्ष कथा का स्मरण कराती है-

दासपत्नीरहिगोपा अतिष्ठन्

निरुद्धा आप: पणिनेव गाव:।

अपा बिलमपिहित यदासीत्

वृत्र जघन्वॉ अप तद्ववार ।। (ऋ० 1/32/11)

हओम- (सं सोम) सस्कृत 'सु' अवेस्ता हु धातु से हओम, स. सोम शब्द की निष्पत्ति हुई है। सु धातु का अर्थ अभिषव करना, निचोडना है। नवम, दशम, ग्यारहवां यस्न सोमोपासना से सम्बद्ध है। ऋग्वेद के नवम मण्डल मे सोम से सम्बद्ध सूक्तों का सकलन हैं हओम का उत्पत्तिस्थान हरइती वरजइती (अलबुर्ज) पर्वत स्थान है।[2] यह अषव (स-ऋतावा ऋत सम्पन्न) अपओष (मृत्यु को हटाने वाला) वङ्हु (वसु) अच्छा, बएषज्य (भेषज्य) ओषधिगुणसम्पन्न, ह्वरश् (सुकर्मा) आदि अनेकानेक विशेषणो से मण्डित है। अनेकानेक कामनओ की प्राप्ति हेतु इसकी स्तुति की जाती है। यह कन्याओ के लिए वरप्रद कहा गया है-

हओमो तोस्चित् यो कइनीनो

ओङ्हइरे दॅरॅथॅम् अघ्वो

हइथीम् राथॅम् च बक्षइति

मोषु जइध्यम्नो हुखतुश् (हओम-23)

---

1 The foundation of the iranian religion page 115

2 अउर्वन्तम् थ्वा दामिधातम बघो निदथत् ह्वापो हरइथ्यो पइति बरजयो। हओम यश्त्, यस्न 10 10

वे जो दीर्घसमय तक अविवाहित कन्यायें है उन्हें मॉगने पर शोभनबुद्धिसम्पन्न सोम शीघ्र ही प्रियपति प्रदान करता है। वेद के अपाला-वृत्तान्त मे भी इस बात का सकेत है कि सोम कन्याओ को पति से सयुक्त करता है।[1] अन्तर इतना है कि यहॉ सोमार्पण से प्रसन्न होकर इन्द्र अपाला को त्वग्दोष से मुक्त कर उसे पतियोग्या बनाता है। उपरिवर्णित यजतो के अतिरिक्त भी अवेस्ता मे अनेक यजतो से सम्बन्ध छिटपुट उल्लेख प्राप्त होता है-

अकरन ज्रवनकरन (स कर्ण) से हि आधुनिक फारसी का किनारा पद उद्भूत है 'अकरन' का अर्थ है निस्सीम। 'ज्रवन' शब्द कालवाची है। 'ज्रवन' से ही आधुनिक फारसी जमाना, June अग्रेजी, जून-हिन्दी (बेला) पद विकसित है अत: 'अकरन ज्रवन' का अर्थ है-निस्सीम काल। यह पृथ्वी पर आहूत है (वे 19/73) यह चिन्वत् पॅरॅतु मार्ग का निर्माता है।

सवह्- (स शवस्) यह लाभ एव सुख का अधिदेव है तथा चिस्ति, अषि, अरास्ति आदि यजतो से सम्बद्ध है।

अपांनपात्- यह जल से सम्बद्ध यजत है एव इसका सम्बन्ध उर्वरा से भी है। वेद में भी अपा नपात् जल से सम्बद्ध है।

चिस्त- यह शारीरिक शक्ति, दूरदृष्टि को प्रदान करने वाली हे इसका संस्कृत रूपान्तर चित् है। यह दएना का नामान्तर अथवा तत्सम्बद्ध है।

इसके अतिरिक्त दामोइश् सतवएस (शतविश्) अस्मान (स अश्मन्) जॅम् (सस्कृत ज्माा) अनड.रो रओचड्ह (स. अजस्रं रोच:) अइर्यमन (वेद अर्यमा) उभयत्र विवाह से सम्बद्ध। परेन्दि (सं. पुरन्धि) उषड् ह (स. उषस्) आदि अनेक यजतो का सश्रद्ध नामोल्लेख अवेस्ता साहित्य मे असकृद् उपलब्ध है।

अवेस्तीय धर्म द्वैतवादी है। वह द्वैत है सत् एव असत् का शाश्वत सघर्ष। अड्रोमइन्यु असत् एवं पाप की शक्ति का प्रतीक है और स्पॅन्ता मइन्यु सत् एव पुण्य की शक्ति का प्रतीक है।[2] स्पन्ता मइन्यु ने जो शुभ कार्य किया है अड्रोमइन्यु उसका नाश करता चाहता

---

1 ऋग्वेद- 8 11 (सम्पूर्ण सूक्त) यद्यपि व्याख्याकारो का इस विषय पर एकमत्य नही है।

2 अयाे मनिवाे वरता। यॅ द्रॅग्वाे अचिश्ता वॅरॅज्यो। अषम् मइन्युश् स्पॅनिश्तो। अवेस्ता, यस्न्, हा, 30 5

है। पर विजय अन्ततः स्पॅन्ता मइन्यु की ही होती है और असत् शक्तिया पराभूत होती है। अतः प्राणिमात्र का यह कर्तव्य है अङ्रोमइन्यु के प्रलोभन से बचना चाहिए। वेदो और पुराण साहित्य मे इसी प्रकार देवो एव असुरो की सग्राम-कथा बहुशः वर्णित है। यथा अहुरमज़्दा ष्ट् अथवा सप्त सहचरो से युक्त है, उसी प्रकार अङ्रोमइन्यु भी सात सहचरो से युक्त है।

अक् मनह- (स अधमन) यह वोहु मनह् का विरोधी है। किन्तु अन्त मे यह वोहु मनह् द्वारा पराजित होता है।

इन्दर- (स इन्द्र) वैदिक देवशास्त्र मे इन्द्र महनीय देवता है। ऋग्वेद के सर्वाधिक सूक्त (250) इस देव को समर्पित है। अवेस्ता मे यह दुरात्मा है। अवेस्ता में इसका नाम दो स्थानो पर आया है। (वेन्दिदाद 10/9, 19/13)। वेदो एव पुराणो मे भी इसके निम्न कर्म अनेकत्र उल्लिखित है। यथा उत्पन्न होकर अपने पिता को सताया।[1] उषा के रथ को तोडना[2], अहल्याजारत्व, स्वजनन्युदरस्थ मरुद्गर्भ को छिन्न-भिन्न करना, महाराज सगर के यज्ञीय अश्व को कपिल ऋषि के आश्रम मे छोडना,[3] छल द्वारा मान्धाता का वध करवाना आदि।[4]

सउरु- (स. शर्वः) शर्व वेद में भी सहारकर्त्ता है। क्षथ्रवइर्य के विरोधी अवेस्तीय सउरु का अङ्रोमइन्यु के सहायको के मध्य परिगमन का यही कारण है।

नाओङ्.हइथ्य- (सं नासत्यौ) वेद मे नासत्यौ अश्विनों के लिए प्रयुक्त है, जिसका अर्थ है 'न असत्यौ' अर्थात् सत्य एव ''नासत्यौ'' नासिका से उत्पन्न किन्तु अवेस्ता में न सत्यौ (असत्य) इस प्रकार का अर्थ ग्रहण किया गया।

जइरिच्- (सं. जरस्) यह भी अङ्.रमइन्यु का सहचर एवं वार्धक्य का पर्याय है। वेद मे भी वृद्धावस्था से मुक्त होने वाले च्यवन की कथा है जिसे 'अश्विनौ' ने जरामुक्त किया था। वस्तुतः जरावस्था से बढ़कर मनुष्य का कोई शत्रु नही है-

जरा समं नास्ति शरीरिणां रिपुः (बुद्धचरित) जइरिच् का एक अन्य दुरात्मा तउर्वि से युग्म है। वेन्दि 10/10, 19/43।

---

1 कस्ते देवो अधि मार्डीक आसीद् यत्प्राक्षिणा· पितर पादगृह्य। ऋ 4 18 12

2 अवाहन्निन्द्र उषसो यथानः। ऋ 10 73 6

3 श्रीमद्भागवत 9 8 8-12

4 रामायण, उत्तरकाण्ड- 67 4-22

अएष्म- (स ऐष्म:) यह इच्छा जनित क्रोध है। अएष्म बुराइयो का जनक है (यस्न 30/4) गीता मे भी क्रोध को काम जनित कहा गया है- **कामात्क्रोधोभिजायते**।[1] आगे गीता मे कहा गया है कि क्रोध से सम्मोह होता है, सम्मोह से स्मृति-विभ्रम, स्मृति-विभ्रम से बुद्धिनाश एव बुद्धिनाश से व्यक्ति नष्ट हो जाता है-

क्रोधाद्भवति सम्मोह: सम्मोहात्स्मृतिविभ्रम:।

स्मृतिभ्रशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।।[2]

अन्य बहुत से दएवो का उल्लेख अवेस्तीय साहित्य मे प्राप्त होता है।-यथा

अज़ीदहाक- (स अहि: दासक:) यह क्रूरता, कामपारायणता, नीचता का मूर्तरूप था। वेद मे वृत्र अहिरूप है। यह त्रिशिरा, षडक्ष है। इसके समानलक्षण युक्त विश्वरूप त्वष्ट्रा का वर्णन वेद मे है। थ्रएतओन ने इसका वध किया (द्रष्टव्य-ऐतिहासिक टिप्पणिया)।

जइनि एवं जहिका- यह कामपरायणा, ऋतप्रतिकूल आचरण करने वाली दुश्चरित्रा, अपवित्रा वेश्या की प्रतीक है। अड्रमइन्यु के एक चुम्बन से इसके पापकर्मसम्पादनसामर्थ्य मे अद्भुत वृद्धि हो गयी थी (बुन्दे 30/10) यह बाहर से सर्वाड्गसुन्दरी, रूपयौवनसम्पन्ना किन्तु अन्त:कालुष्य से युक्त है। इसने ज़रथुश्त्र को भी भष्ट करने का प्रयास किया था। स्पॅन्तामइन्यु की सृष्टि को नष्ट कर देने का इसका सड्.कल्प था।

पइरिका- यह अड्.रमइन्यु की सेना का अड्ग, दिव्यजल रोकने वाली है। दिव्य जल के अवरोधन के कारण अकाल (दुशियार) लाना एव कृषि को नष्ट करना इसका प्रधान कर्म है। यह यातुमइती-यातुमती, जादूगरनी है नइर्यसंघ के अनुसार यह महाराक्षसी है। अवेस्ता एवं परवर्ती साहित्य मे कई पइरिकाओ के नाम एव कामो का उल्लेख है। समग्र पइरिकाओ के आका (प्रमुख) का नाम अख़्त्य है।

इसके अलावा भी अपओष (अवृष्टि) नसु, तरोमइति (अहड्कार वृत्ति) द्रुज् (द्रोह, धोखा) अरस्क, जउर्वन आदि अनेक दुरात्माओ का वर्णन भी उपलब्ध होता है।

दार्शनिक विचार- अहुरमज्दा की सर्वोच्चता एवं अड्रमहन्यु की तिरस्कृति के अतिरिक्त भी कुछ ऐसे तत्वो का विवरण मिलता है जिससे हम अवेस्तीय दर्शन की रूपरेखा

---

1 गीता 2 62

2 गीता 2 63

तैयार कर सकते है।

कर्म सिद्धान्त- अवेस्तीय जन यावज्जीव कर्मविश्वासी है। अवेस्तीय कर्म त्रिधा विभक्त है-हुमत (सुमत) हूख्त (सूक्त) ह्वर्शत (स्वृष्ट) ये तीनो कर्म मनोवाक्कायसम्पाद्य है। अच्छा सोचना, अच्छा बोलना एव अच्छा करना ही आर्यत्व है। गीता मे भी यही अभिप्राय अभिहित है-

कायेन मनसा बुद्धया केवलैरिन्द्रियैरपि।

योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्.ग त्यक्त्वात्मशुद्धये॥[1]

अहुरमज्दा सुकर्मा की हर प्रकार से सहायता करता है। सोम का कथन है-

हुमतहे अह्मि दुश्मतहे नो इत् अह्मि हूक्तहे अह्मि दुजूख़्तहे नो इत अह्मि।

हरश्तहे अह्मि दुज़्वर्श्तहे नो इत अह्मि। (हओम यस्न 10/16)

"मै सुविचारो वाले का हूॅ दुर्विचार वाले का नही हूॅ। शोभनवचन वाले का हूॅ दुर्वचन बोलने वाले का नही हूँ। सुकर्म करने वाले का हूँ दुष्कर्म करने वाले का नही हूँ।"

कर्मसिद्धान्त के अतिरिक्त कर्मफल का सिद्धान्त भी अवेस्ता मे प्रतिपादित है-ह्यत् दो श्यओथ्ना मिज्दवान् याचा उख्धा अकॅम् अकाइ वडु हिम् अशिम् वङ्हवे थ्वा हुरना दामोइश् उर्वएसे अपॅमे (यस्न-43.5)

"हे असुर सर्ग के अन्त मे तुम अपने सत्य निर्णय से ऋतावा को उसके शुभकर्म के लिए वरदान प्रदान करोगे, पापियो को कुकर्मो का फल दोगे, प्रत्येक को उसके विचार एव कर्म के अनुसार फल दोगे।"

यह वाक्य- "कर्म कः कृतमत्र न भुड.ते (नैषध) सिद्धान्त को स्पष्ट करता है। फिर सावधानी लाख करने पर भी कही न कहीं मानवत्वेन स्खलति हो ही जाती है, उसके लिए अवेस्ता मे प्रायश्चित्त का निधान है। भारतीय धर्म दर्शन मे भी प्रायश्चित्त एव पश्चात्ताप का विधान है।"

---

1 गीता 5 11

मन्वादि स्मृतियो मे वर्णित चान्द्रायणादि[1] व्रत प्रायश्चित्त[2] रूप ही है। अवेस्ता मे प्रायश्चित्त का बोधक पद पइतित (पतेत) है। पइतित शब्द पइति (प्रति) पूर्वक इ धातु से निष्पन्न है जिसका अर्थ है 'पीछे की ओर जाना'। इससे व्यक्ति अपने पूर्वकृत दुष्कर्मो के लिए पश्चात्ताप करता है, ईश्वर से प्रार्थना करता है क्षमा माँगता है एव दुष्कर्मो का सत्कर्मो से शमन करता है। पइतित सिद्धान्त बौद्ध धर्म के प्रतीत्य समुत्पाद से मिलता-जुलता है। दु:ख के कारणो की छानबीन करते हुए महात्मा बुद्ध ने द्वादश कारण-परम्परा का पता लगाया था। उसमे सबसे मूल मे अविद्या है, इसी कारण परम्परा शुरू होती है और जन्म का कारण बनती है और जन्म ही दु:ख का कारण है। अविद्या के उच्छेदन से कारण का सर्वथा उच्छेदन हो जाता है।

अवेस्ता कर्मफलस्वरूप मृत्यूपरान्त पारलौकिक जीवन मे विश्वासी है। प्राय: सभी प्राचीन धर्मो मे स्वर्ग-नरक की भावना विद्यामान थी। अवेस्ता मे भी उत्तम लोक एव अधम लोक की कल्पना है। मृत्यु के अनन्तर मृतात्मा की फ्रवषि चिन्वत् पॅरॅतु को पार करने जाती है। पॅरॅतु शब्द 'पृ' धातु से निष्पन्न है। पॅरॅतु के ही अग्रेजी-Bridge, हिन्दी-'पुल' शब्द विकसित है। यह भारतीय वैतरणी के समान है। पॅरॅतु के उस पार 'वहिश्त अङ्.हु' (सं. वसिष्ठ असु) अर्थात् उत्तम लोक एव इस पार 'अचिश्त अङ्.हु' (अघिष्ठ असु) पापपूर्ण अघिष्ठ लोक स्थित है। यह कल्पना पौराणिक लोकालोक से साम्य रखती है। चिन्वत् पॅरॅतु पर राम ख्वास्त्र मृतात्मा का मार्ग दर्शक होता है। वह मृतात्मा के शुभाशुभ कर्मो की तुलना करता है। शुभकर्म करने वाले सत्त्वप्रधान मृतात्मा की फ्रवषि वहिश्त अङ्.हु को प्राप्त करता है पृतशिरस् पापधिक्य के कारण अचिश्त अङ्.हु को प्राप्त करता है। चिन्वत् शब्द 'ची चयने' से निष्पन्न है जिसका अर्थ है- चयन करने वाला। सदात्मा का पृथक्-पृथक् चयन करने के कारण इसका इसका नाम चिन्वत् पॅरॅतु है। वेद पर आधृत भारतीय सिद्धान्त भी ऐसा ही है। गीता में कहा गया है-

ऊर्ध्व गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसा:[3]

---

1 एकैकं हासयेत् पिण्ड कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत्।

उपस्पृशस्त्रिषवणमेतच्चान्द्रायण स्मृतम्।। मनु 2 16

2 प्रायश्चित्तानि पापक्षयसाधनानि चान्द्रायणादीनि। वेदान्तसार-6

3 गीता 14 18

जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसा:।।

ऋग्वेद- पृथक्प्रायन्प्रथमा देवहूतयोऽकृण्वत श्रवस्यानि दुष्टरा।

ये न शेकुर्यज्ञिया नावमारुहमीर्मैव ते न्यविशन्त केपय:।।[1]

अर्थात् देवो का आह्वान करने वाले उत्तम जन अलग होकर गये, कठिनता से प्राप्त यश पुञ्ज को पाया। जो लोग यज्ञ रूपी नाव पर आरोहरण करने में समर्थ नही हुए, वे दुरात्मा लोग इसी लोक मे प्रविष्ट हुए।

पारसीक कृत्य- वैदिक श्रौत एवे गृह्य कर्मो के प्रतिरूप पारसीको के धर्म मे भी कर्मद्वैविध्य है। गृह्हकर्मो के सख्या तीन है उपनयन, विवाह एव मृतसस्कार। उपनयन की समाख्या नवजोत् (नवजाति:) है। इस संस्कार से बालक का द्वितीय जन्म होता है। वेद मे भी उपनयन को दूसरा जन्म कहा गया है-

आचार्य उपनयतानो ब्रह्मचारिण कृणुते गर्भमन्त:।

त रात्रीस्तिस्त्र उदरे बिभर्ति त जात द्रष्टुमभिसयन्ति देवा:।।[2]

अर्थ- 'उपनयन करता हुआ आचार्य ब्रह्मचारी को गर्भ के अन्दर करता है। तीन रात्रि उसको उदर मे भरता है, उत्पन्न हुए उसको देखने के लिए देवता लोग आते है।'' 'सस्काराद्द्विज उच्यते' आदि वचनों से मनु ने भी इसका प्रतिपादन किया है। जरथुश्त्र मतानुयायियो का नवजोत् संस्कार सातवे वर्ष से नवम वर्ष तक होता है। पन्द्रहवा वर्ष इसकी अन्तिम सीमा है, जिसका अतिक्रमण करने पर जरथुश्त्र धर्मी द्रुज् (द्रुह्) के वश मे हो जाता है। भारतीय सिद्धान्त के विपरीत इस सस्कार के सम्पादनार्थ काल मे भेद नही है। भारतीय सिद्धान्तानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए अन्तिम सीमा क्रमश: सोलवां, बीसवा एव चौबीसवां वर्ष है। इस काल का अतिक्रमण करने पर सार्ववर्णिक जन व्रात्य (सस्कार हीन) हो जाते है। प्राचीन वैदिक आर्यजनों की तरह पारसीकों मे भी बालको एव कन्याओ का उपनयन होता है। सामान्यतया यह कर्म प्रात: काल में सम्पन्न किया जाता है, पर कभी-कभी इस कृत्य को सायकाल में भी सम्पादित किया जाता है।

---

1 ऋ० 10 44 6

2 अ०वे० 11 5 5

जिसका उपनयन होने वाला होता है, वह सर्वप्रथम स्नानकर पूर्व की ओर मुखकर के बैठता है तदनन्तर दीपप्रज्वालन होता है। आचार्य आकार बैठता है। उपनेतव्य उसके सम्मुख बैठता है। दीन यश्त् का सोपसंहार पाठ करता है, एतदनन्तर आचार्य उपनीयमान को सद्रह् (सदरी) पहनाता है तत्पश्चात् आचार्य एव शिष्य दोनो कुस्ती-मन्त्र पढते है। आचार्य शिष्य को कुस्ती धारण करवाता है। एतत्कर्मोपरान्त उपनेतव्य यस्न के बारहवे परिच्छेद से जरथुश्त्रधर्मग्रहणविषयक मन्त्र पढता है। आचार्य अन्त मे 'तन्दुरुस्ति' नामक मन्त्र पढता है।

विवाह- अवेस्ता मे विवाह के लिए 'उपवध' का प्रयोग हुआ है। 'उद्वध' का अर्थ जबरन कन्या का अपहरण है, जो स्मृतिग्रन्थो मे वर्णित राक्षस विवाह का प्रतिरूप है। अवेस्ता मे विवाह की भूयसी प्रशसा है। हओम यश्त् में दीर्घकाल से अविवाहित कन्याये सोम के सामने शोभन वर की प्रार्थिनी है। सोम उनकी इच्छा को पूर्ण करता है। विवाह का उद्देश्य पुत्रेच्छा थी। विर्धन व्यक्ति की कन्या के विवाह मे सहायता देना परम पुनीत माना जाता था। (विदअेव 4 44)। विधवा-विवाह प्रचलित था। बहुविवाह एवं प्रेमविवाह के प्रमाण भी प्रभूत मात्रा मे उपलब्ध हैं। स्वय जरथुश्त्र की तीन पत्नियां थी। थ्रएतओन ने यम भगिनियो सघवाक् एव अरॅनवाक से विवाह किया था। अवेस्ता मे निकट के विवाह सम्बन्ध को 'ख्वएत्वदथ' कहा गया है (वेन्द 8 16, यश्त् 24-27, गाथा 4-8) विवाह अन्योन्यहृदयार्पण है, धर्मपूर्ण जीवन जीने का व्रत है। वेद मे भी ठीक यही तथ्य मिलता है।

मरणान्तर संस्कार-' प्राणनिर्गमनोनरान्त शव को जल स्नान कराया जाता है तदनन्तर सद्रह्-कुस्ती पहनाया जाता है। इस क्रिया के उपरान्त शव को श्वेत वस्त्र पहनाया जाता है और शव को बालुका अथवा प्रस्तर पर लिटा दिया जाता है। इस स्थिति मे मृतक के शरीर पर 'द्रुज्-इ-नसुष्' सज्ञक दएव का प्रभाव आ जाता है उसके निवारणार्थ अग्निप्रज्वलन एव पुरोहित द्वारा समन्त्रपाठ इध्मप्रक्षेपण किया जाता हैं। इसके ऊपर दो वर्तुल चिह्न युक्त कुक्कुर मृतक के शरीर के सूघता है। यह कर्म सग्-दिद् (शुनकदृष्टि) कहलाता है। एतत्समान ऋग्वेदीय विधान भी प्रतीत होता है। इसके पूर्व भी नसेह सालार सज्ञक पुरोहितद्वय वाज नामक एव उसके अनन्तर अहुनवइति सज्ञक गाथाओं का पाठ करते है। सग्-दिद् कर्मानन्तर दोनों पुरोहित मृत शरीर को 'दख़्म' संज्ञक गृह की तरफ ले जाते है। 'दख्म' शब्द दघ् (ऊँचा होना) से बना है। आग्ल Dias शब्द भी इसी धातु से बना है। सस्कृत मे प्रमाण अर्थ मे दघ्नञ् प्रत्यय लगता है, जो कि निश्चित रूप से उपर्युक्त धातु से समुद्भूत है। ऋग्वेद में इसके समान पद 'आदघ्नासः' प्राप्त होता है।

दोनो पुरोहित 'दख्म' मे प्रवेश कर, शव को आवरणरहित कर नियत स्थान पर स्थपित कर देते है, जहॉ गृध्र लोग शव का भक्षण करते है। तीन दिनो तक स्त्रओष की स्तुति की जाती है, जो कि हिन्दुओ के त्रिरात्रि कर्म का प्रतिरूप है।

अब श्रौतप्रतिरूप कर्मो का वर्णन अवसर प्राप्त है। जरदुष्ट्रसम्प्रदायानुसारी जनो द्वारा तीन प्रकार की अग्नि का आधान प्रशस्त कर्म के रूप मे स्वीकृत है (1) आतिष् बह्राम (2) आतिष् आदरान् (3) आतिष् दाद्गाह। त्रिधा अग्नि मे सर्वाधिक पूज्य आतिष् बह्राम् ही है। वेन्दिदाद (8/81-96) के अनुसार षोडश प्रकार की अग्नियो के मेल से इस अग्नि का सम्पादन होता है, जिनमें चिताग्नि प्रथम है। वेद मे चिताग्नि का शुभकर्मो मे सर्वथा निषेध है।[1] वेद मे भी त्रिविध अग्नि के आधान का विधान है, जो निम्नलिखित अभिधान वाले है- (1) गार्हपत्य, (2) आहवनीय (3) दक्षिण। मन्त्रपाठसमकालमेव काष्ठादि द्वारा इसका अनेक प्रकार से सस्कार होता है। इसके बाद वेन्दिदाद् एव यस्न के पाठ के साथ इसके अभिमन्त्रण का विधान होता है। इसके अनन्तर पूर्वोक्त षोडश अग्नियों को मिलाया जाता है और अग्निगृह में इसे स्थापित किया जाता हैं। प्रतिदिन पुरोहित के द्वारा इस अग्नि में आहुति दी जाती है अग्निगृह मे पुरोहितभिन्न कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही कर सकता। प्रधान पुरोहित वैदिक सामधेनी कर्म के समान बह्राम् अग्नि मे समित्प्रक्षेपण करता है। अग्निपरिचर्या के अनन्तर पुरोहित मन्त्रपाठ के साथ हुमत, हूख्त एव हर्श्त का अग्नि मे उत्सर्ग करता है। वैदिक अग्निहोत्र याग मे दुग्धादि द्रव्यो के अभाव मे श्रद्धा का हवन होता है।[2]

आतिष् आदरान् - यह अग्नि अवेस्तावर्णित चारो वर्णो आथ्रवन, रथएश्तर, वास्त्रो फ्षूषन्त एवं हुइति के गृह से लाकर सम्पादित किया जाता है। एतत्सञ्ज्ञक अग्नि का भी संस्कार आतिष् बह्रामवत् ही होता है किन्तु तीन बार ही, बहुत बार नही। चारो वर्णो से आनीत अग्नि का पृथक् अभिमन्त्रण होता है। इसके बाद चतुर्विध अग्नि को मिलाते है। सम्मिलित अग्नि में आहुति दी जाती है, इसके बाद स्वागार मे इसको स्थापित किया जाता है।

तृतीय अग्नि का आधान अति सरल है। यह वैदिक गार्हपत्याग्नि के समान गृहस्थ के

---

1 अग्निमामाद जहि निष्क्रव्याद सेधा देवयज वह । वा स 1 17

2 स होवाच। न वाऽइह तर्हि किञ्चनासीदथैतदहूयतैव सत्य श्रद्धायामिति वेत्थाग्निहोत्र याज्ञवल्क्य धेनुशत ददामीति होवाच, श ब्रा 11 3 1 4

ही घर की अग्नि होती है। इसमे अग्नि का सस्कार नही होता अपितु अग्न्यागार का ही सस्कार एव अभिमन्त्रण होता है। अग्नि के प्रति इसी जारथुश्त्री श्रद्धा के कारण पारसीकजन अग्निपूजक कहे जाते हैं।

वैदिक यज्ञ का अवेस्तीय प्रतिरूप यस्न है। सस्कृत व्याकरण के अनुसार 'यज्' धातु से नड्[1] प्रत्यय जुडने से यज्ञ शब्द निष्पन्न होता है। अवेस्ता मे धात्वन्त जकार का सकार हो गया एव यस्न शब्द बना। अवेस्तीय यस्न द्विविध है। प्रथम वे जो अग्न्यागार से सम्पृक्त दर् इ-मेहेर् सज्ञक स्थान पर सम्पादित होते है तथा दूसरे प्रकार यस्न वे है- जो अग्निगृह से भिन्न अन्य स्थान पर भी किये जाते है। अग्न्यागार मे सम्पाद्य यस्न तीन है- यस्न, विस्पॅरॅद् एव वेन्दिदाद्। यस्न याग में सर्व प्रथम 'पर-यस्न' सज्ञक छः कर्म किये जाते है, जिनका अभिधान निम्न है (1) बर्सम् (बरस्मन्) (2) अइब्याओड् हनम् (3) उर्वराम् (4) जओथ्र (5) जिवाम् (6) हओम।

बरस्मन्- इसका संस्कृत रूपान्तर 'वर्ष्मन्' है, जिसका अर्थ उच्च शिखर है। किसी उच्च वृक्ष से यस्नार्थ 23 शाखाये मन्त्रवाचनपूर्वक गृहीत होती है इसीलिए इसका नाम बरस्मन् है। उन तेइस मे 21 बरस्मन् खर्जूरवृक्ष से मन्त्रपूर्वक काटे गये पत्तों से बॉधे दिये जाते है। यह प्रक्रिया वैदिक 'इध्मसन्नहन' से समानता रखती है। इसकी अवेस्तीय समाख्या अइब्याओड् हनम् है जिसका सस्कृत समरूप अभ्यसनम् है। उर्वराम् (संस्कृत-उर्वरा) यह वैदिक उद्भिद् याग के समान है। उर्वरा का वैदिक अर्थ उद्भिद् भी है। फ्रेन्च Arbre का अर्थ भी वृक्ष है। अवेस्तीय साहित्य में यह अनार के वृक्ष के अर्थ मे रूढ हो गया है। अभ्यसन के समय अनार शाखा का छेदन होता है। वैदिक दर्शपूर्ण मास याग मे पलाश शाखा अथवा शमीशाखा के छेदन का विधान है।[2]

ज़ओथ्र (संस्कृत-होत्रम्) इसका अर्थ पवित्र जल है। यह कर्म वैदिक 'अपा प्रणयनम्' के सदृश है।

जिवाम् (सं. गव्य) यह प्रथित तथ्य है कि हिन्दुओ के विभिन्न धार्मिक अवसरो पर उपयुक्त होने वाले पञ्चगव्य मे गोदुग्ध भी सम्मिलित है। संस्कृत मे गो के विकार अर्थ मे

---

1 यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नड् (पा 3 3 90)

2 पर्णशाखा छिनत्ति शामीली वा (का श्रौ सू 4 30)

गो शब्द से यत् प्रत्यय लगता है।[1] गव्य का अवेस्तीय अर्थ केवल दुग्ध है किन्तु इस कर्म मे छागी के दुग्ध का उपादान होता है गो के दुग्ध का नही। अषॅम् वोहू मन्त्र के साथ छागी को दुहा जाता है। वैदिक कर्म मे भी समन्त्रक गोदोह का विधान है।[2] सम्भवतः प्राचीन काल मे एकदर्थ पारसीकजन भी गोदुग्ध का प्रयोग करते थे। जिवाम् का अनेकविध उपयोग होता था।

हओम याग- यह वैदिक सोम याग का प्रतिरूप है। इस याग में हओम (सोम) ही द्रव्यरूप मे गृहीत होता है। हओम एक क्षुप है, जिसका वर्णन यजत-परिचय मे हो चुका है। प्रारम्भिक कार्यो के अनन्तर सोम का अभिषव होता है। उसके बाद जओता (स होता) हओम की स्तुति करता है इसके आत्रवक्ष्य नामक ऋत्विज् हओमपात्र का अग्नि के परित· नयनपूर्वक ज़ओता को प्रदान करता है। जओता उस रस का पान करता है। चूंकि ज़रथुश्त्रीय मतानुसार किसी भी द्रवद्रव्य का अग्नि मे प्रवेक्ष नही होता अतः हओम को अग्नि में नहीं डाला जाता। जरथुरत्र के मत में सोम का दो बार सवन होता था, जबकि वेद में सवनत्रय का विधान है। यह ध्यातव्य है कि यह याग प्रधान यस्न का अङ्गभूत है।

यस्न याग- यह हिन्दुओं के पारायण के सदृश है। जैसे किसी विशेष सकल्प से वेद अथवा उसके किसी अश अथवा गीता, भागवतादि का पारायण होता है, उसी प्रकार मुख्यरूप से यह अवेस्ता के यस्न भाग के समग्र द्वासप्तति हा सज्ञक परिच्छेद का पाठरूप है। हमारे श्रौतादि कर्मो में जिस प्रकार सङ्कल्पवचन मे यजमान का नाम उसके गोत्र के साथ लिया जाता है उसी प्रकार जिस जीवित अथवा मृत व्यक्ति के लिए यस्न कर्म किय जाता है, उसका नाम प्रारम्भ मे दोनो ऋत्विजों द्वारा लिया जाता है। इस याग मे पहले प्रथम एव द्वितीय परिच्छेद का पाठ किया जाता है, जिससे अहुरमज्दा एव उसके अन्य सहायक यजतो की स्तुति होती है।

परग्ना कृत्य के अवसर पर दारन् संज्ञक पुरोडाश के पाकपूर्वक तृतीय से प्रारम्भ कर सप्तम हा तक यस्नपाठ के समय 'दारन्' का संस्कार होता है। अष्टम 'हा' के पाठ के समय उसका उत्सर्ग होता है। उसके बाद जओता दारन् के एक अश हो खाता है तथा पुरोडाश के

---

1 गापयसोर्यत् (पा 4 3 160)

2 श ब्रा- 1 7.1 17

शेष भाग का अन्यजन भक्षण कहते है। यह कर्म वैदिक प्राशित्रप्राशन[1] से समानता रखती है।

दारन्-भक्षणोपरानत बाद के 'हा' का पाठ होता है। (नवम से प्रारम्भ कर) द्वादश 'हा' के पाठ के समय पर हओम याग किया जाता है। अन्तिम 'हा' के पाठ के बाद दोनो ऋत्विज् कुस्ती नाम्नी पवित्र मेखला का पुनः सन्निवेश करते हैं। इसके बाद दोनो ऋत्विज् अग्न्यागारीय कूप मे जओथ्र (स. होत्र) पवित्र जल को गिराते है। यह वैदिक अपानिनयन के समान है। इसी प्रकार विस्पॅरॅद् एव वेन्दिदाद् याग भी पाठ द्वारा सम्पन्न किये जाते है।

उपर्युक्त विशिष्ट कर्मो के अतिरिक्त 'आफ्रिड् गन' आदि कुछ बाह्य याग भी सम्पन्न किये जाते है। 'आफ्रिड् गन्' का सस्कृत रूप 'आप्रीणन' है, जिसका अर्थ है पूर्ण रूप से प्रसन्न करना या तृप्त करना। यह वैदिक पिण्डपितृयाग के सदृश है। इसमे किसी मृत व्यक्ति की तृप्ति के निमित दुग्धादि का अभिमन्त्रण होता है।

'बाज' सज्ञक कर्म उपाशु रूप से किया जाता है। शतपथ ब्राह्मण मे भी प्रजापति की उपासना उपाशु रूप से करने का सहेतुक निर्देक है।[2]

अवेस्ता की भाषा- अवेस्ता की भाषा को ग्रन्थ के नाम के आधार पर अवेस्तन-भाषा कहा जाता है। वैसे कुछ विद्वद्वर्य इस भाषा को प्राचीन बैक्टीरियन कहते है। अवेस्ता भाषा का वैदिक भाषा से नेदीयान् सम्बन्ध है। अवेस्तीय शब्द भूयस्त्वेन वैदिक शब्दो के साम्य से युक्त है पर लौकिक संस्कृत एव प्राकृत भाषा के साम्य वाले शब्द भी प्राचुर्येण उपलब्ध है। कुछ ध्वनिसम्बन्धी परिवर्तन कर देने पर अवेस्तीय शब्दो को वैदिक (सस्कृत) रूप मे परिवर्तित किया जा रहा है। जैसे-

हावनीम् आ रतूम् आ

हओमो उपाइत् ज़रथुश्त्रम्

को नर अही।

वैदिक (सस्कृत) रूप- सावनीम् आ ऋतुम् आ

सोमः उपैत् जरदुष्ट्रम्

---

1 श ब्रा- 1 8 1 38-41

2 श ब्रा- 1 4 5 8-12

क. नर: असि।

अवेस्ता- म्रओत् अहुरोमज्दो स्पितमाइ जरथुश्त्राय।

वैदिक (संस्कृत) रूप- अब्रवीत् असुरो मेधा: श्वेततमाय जरदुष्ट्राय।

सस्कृत भाषा के शब्दों के अवेस्तीय रूप मे पतिवर्तन मे अधोलिख्यमान प्रवृत्ति प्रमुखरूप से दृष्टिपथ को प्राप्त होती है।

सस्कृत भाषा के सकार का अवेस्तीय भाषा मे प्राय: हकार हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
सोम:	हओमो
स्वर्	ह्वर्
सप्त	हप्त
असुर:	अहुरो
सिन्धु	हिन्दु
सुचित्र	हुचिथ्र

वकार के साथ सयोग होने पर सकार का प्राय: खकार हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
स्वर्	ख़्वर्
अस्विदत्	ख्वीसतच्
स्वृतये	ख्वरतये
स्वरणस् यद्वा स्वर्णस्	ख़्वरनह्
स्वत:	ख्वतो

वकार के साथ संयोग होने पर भी कही-कही ह् ही मिलती है यथा स्वो- ह्वो। स् का स् रूप भी मिलता है-

सस्कृत	अवेस्ता

स्तुतिः	स्तूइतिश्
अस्थिवती	अस्त्वइती
अस्ति	अस्ति
स्कन्नम्	स्कन्दम्
स्तौमि	स्तओमि

सस्कृत का हकार अवेस्ता मे प्राय: जकार हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
हस्त	जस्त
अहम्	अज़म्
हिरण्य	जरन्य
हरि	ज़इरि
अहिम्	अज़ीम्
अहनत्	ज़नत

ककार का किसी व्यञ्जन से सयोग होने पर, कभी बिना व्यञ्जन सयोग के भी खकार हो जाता है-

संस्कृत	अवेस्ता
क्रतुः	खतुश्
क्रूरः	खूरो
क्रविष्यतः	ख़विष्यतो
उक्त	उख्ध
कुम्ब	खुम्ब

पकार का रेफ से संयोग होने पर पकार का फकार हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
प्रिय:	फ्रयो
प्रचराणि	फ्रचराने
परिप्रश्न	पइरिफ्रास
प्रथस्	फ़्थह्
प्रशस्ति	फ्रसस्ति

सस्कृत की महाप्राणा ध्वनिया अवेस्ता मे कही-कही अल्पप्राण हो गयी है।

सस्कृत	अवेस्ता
घोषम्	गओषम्
धारयत्	दारयत्
अघ	अग
अस्थिवत:	अस्त्वतो
धेना	दएना
स्थूणा	स्तूना
भग	बग
भूमिम्	बूमिम्

कभी-कभी अल्पप्राण का महाप्राण भी हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
पुत्र	पुथ्र
वृत्र	वॅरॅथ्र
सरिवत्र (अघोष अल्पप्राण)	हखध्र (सघोष महाप्राण)

सस्कृत भकार का अल्पप्राण होकर बकार होने के अतिरिक्त 'भ' का 'व' भाव भी

असकृद् दिखाई पडता है-

सस्कृत	अवेस्ता
उभर	उवय
अभ्र	अव्र
अभृत	अवॅरॅत
अभि	अइवि

एव ब्रू धातु म्रू इस रूप मे प्रयुक्त है।

सस्कृत	अवेस्ता
अब्रवीत्	म्रओत्
ब्रुवे	म्रुये

शकार का वकार से सयोग होने पर शकार का सकार एव वकार का पकार मे परिवर्तन हो जाता है।

सस्कृत	अवेस्ता
अश्व	अस्प
श्वेत	स्पित, स्पएत
श्वन्	स्पन्
श्वीयस्	स्पन्यह्

सस्कृत-सकार के स्थान पर हुए हकार के पूर्व वाजसनेयी सहिता के 'ग्वं' के अनुरूप 'ङ्' का आगम होता है। यद्यपि दोनो मे अन्तर यह है कि वा स मे ग्व अनुस्वार के स्थान पर होता है किन्तु अवेस्ता मे यह अनुस्वार के स्थान पर न होकर आगमरूप मे होता है-

सस्कृत	अवेस्ता
असु	अङ्हु
श्रवस्	श्रवङ्ह्

ओजस्	अओजड ह्
याचस्व	यासड् उह
असद्	अड् हद्

नकार से सयोग होने पर एव कभी–कभी स्वतन्त्र रूपसे सस्कृत के जकार का अवेस्ता मे सकार हो जाता है–

सस्कृत	अवेस्ता
यज्+न=यज्ञ	यस्न

संस्कृत	अवेस्ता
यश्त्	यजत
आ+जन् से	आस्न

संस्कृत छकार का अवेस्ता में सकार हो जाता है–

संस्कृत	अवेस्ता
इच्छति	इसाइति
पृच्छ्	पॅरॅस्
पृच्छा	फ्रसा
यच्छति	यासाइति

संस्कृत 'ओ' का अवेस्ता में 'अओ' एवं 'औ' का 'आउ' हो जाता है, यदि वे पद के अन्त मे न हों तो। 'औ' का पद के अन्त में भी 'आउ' हो जाता है

संस्कृत	अवंस्ता
सोम:	हओमो
ओजस्	अओजड्.ह्
मोघ	मओग
ओष्ठ	अओश्त्र

ओमन्	अओमन्
गौ:	गाउश्
असौ	हाउव, हाउ

सस्कृत के अपदान्त 'ए' का 'अए' (अऐ) और किसी भी प्रकार के 'ऐ' का 'आइ' हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता	सस्कृत	अवेस्ता
देव	दएव	अस्मै	अह्माइ
एव	अएव	कस्मै	कह्माइ
एतत्	अएतत्	मन्त्रै:	माथ्राइश्
मेष	मएष	उपैत्	उपाइत्
पेशस्	पएसङ्.ह		

स्वर-व्यत्यय होकर कभी-कभी 'ए' के स्थान पर 'ओइ' भी उपलब्ध होता है-

सस्कृत	अवेस्ता
वेत्थ	वोइस्त

इकार एवं यकार का किसी व्यञ्जन से संयोग होने पर पूर्व में 'इ' का आगम होता है। यकार के पूर्व यह आगम 'य्' के अर्धस्वर एवं 'इ' के समरूप होने के कारण होता है-

संस्कृत	अवेस्ता
स्तुति	स्तुइति
अभि	अइवि
जहि	जइधि
प्रति	पइति
मन्यु	मइन्यु
असत्य	अङ्.हइथ्य

कभी-कभी यकार को व्यञ्जन संयोग होने पर भी पूर्व मे 'इ' का आगाम नही होता यथा-

सस्कृत	अवेस्ता
मर्त्य	मश्य

कभी-कभी बिना व्यञ्जन सयोग के ही 'इ' का आगम हो जाता है-

सस्कृत	अवेस्ता
यम	यिम
यम्	यिम्

इकार का दो व्यञ्जन से संयोग होने पर एव पदादि मे व्यञ्जन-संयोग होने पर 'इ' का आगम नही होता है-

सस्कृत	अवेस्ता	संस्कृत	अवेस्ता
अस्ति	अस्ति	चित्तिः	चिस्तिष्
भरन्ति	बरन्ति	विश्व	विस्प (वीस्प)
तञ्चिष्ठः	तञ्चिश्तो		

उकार एवं वकार का किसी व्यञ्जन से संयोग होने पर पूर्व मे 'उ' का आगम होता है-

सस्कृत	अवेस्ता
दारु	दाउरु
तरुण	तउरुन
अरुण (अरण)	अउरुन
अरुष	अउरुष
पुरु	पोउरु
सर्व	हउर्व
खर्व	कउर्व

किन्तु दो व्यञ्जन से सयोग होने पर एव पदादि मे व्यञ्जन-सयोग होने पर 'उ' का आगम नही होता है-

सस्कृत	अवेस्ता
भरन्तु	बरन्तु
अस्तु	अस्तु
भूमिम्	बूमिम्
बुध्येत	बूइध्यएत

इसके अतिरिक्त मात्राओ का ह्रस्वीकरण, दीर्घीकरण आदि प्रवृत्तियॉ भी उपलब्ध होती है। यथा-

संस्कृत	अवेस्ता
स्तुतः	स्तूतो
ऋतुम्	रतूम्
सूनवः	हुनवो
तनूनाम्	तनुनाम्

अवेस्तीय भाषा की ध्वनि-सम्बन्धी और बहुत विशिष्टतायें हैं, जिनका सूक्ष्म विवरण प्रस्तुत कार्य मे सम्भव नहीं है। अवेस्तीय रूप-रचना भी संस्कृत की तरह ही है। नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात ये चारों पद विभाग अवेस्ता में प्राप्त हैं। संस्कृत की भाँति ही यहाँ भी नाम (संज्ञा, सर्वनाम) की सातों विभक्तियों का प्रयाग हुआ है, एवं सम्बोधन-पद भी सस्कृतवत् है। तीन लिङ्.ग एवं तीन वचन यहाँ भी प्रयुक्त है। तीन पुरुष भी संस्कृत के समान ही है। संस्कृत के समान ही उपसर्ग यहाँ भी किसी नाम अथवा आख्यात के पूर्व जुड़ते है एव निपात स्वतन्त्र रूप से वाक्य मे प्रयुक्त होते है। धातुरूप भी परस्मैपदी एवं आत्मेनपदी द्विधा थे-

परस्मैपदी-बरइति (सं. भरति) परॅसत् (स अपृच्छत्) जसत् (सं. अगच्छत्)

आत्मनेपदी-बरइते (सं. भरते) यासङु.ह (याचस्व) यज़त (अयजत)

अवेस्ता मे निम्नलिखित लकारों का प्रयोग हुआ है-

लट्- स्तओमि (सं. स्तौमि) स्तओमि मएघॅम् च वारॅम् च (हओम यश्त्, यस्न 10 3)

म्रुये (स ब्रुवे) नि ते जइरे मधॅम् म्रुये (हओम यश्त्, यस्न 9.17)

अस्ति (सं.अस्ति) उश्ता अस्ति (अषॅम् वोहू)

लोट् बरतु (सं भरतु) फ्रचराने (स. प्रचराणि) वसो क्षथ्रो फ्रचराने, फ्रक्ष्ताने (स. प्रतिष्ठानि) फ्रक्ष्ताने ज़मा पइति (हओम यश्त्, यस्न 9.20)

लिङ् - ख्याम (सं. स्याम) अत च तोइ वअेम ख्यामा (अवेस्ता, यस्न हा 30.9) आशीर्लिङ् दायात् (सं. धेयात्)

लङ्. यजत (सं. अयजत) ताँम् यज़त यो अषव जरथुश्त्रो (यश्त् 5 103)

पॅरॅसत् (सं. अपृच्छत्) आ दिम् पॅरॅसत् (हओम यश्त, यस्न 9.1)

लेट्- वसत् (सं. वशात्) अथा न अङ्.हत यथा ह्वो वसत (हा 21.4)

चरात्- (सं. चरात्)

बवाहि (भवाहि)

लिट्

लृट् वख़्श्या (सं. वक्ष्यामि)

वरशइते (सं. वर्क्ष्यते) (कर्मवाच्य)

इसके अलावा भी णिजन्त 'उरुपयेन्ति' (सं. रोपयन्ति) सन्नन्त 'जीजिषन्ति' (सं जीजिषन्ति) यड.न्त 'चरॅकॅरॅमही' (सं. चर्करीमः) नामधातु-नमह्यामहि (नमस्यामहि) आदि का भी प्रयोग मिलता है।

कृदन्तो एवं तद्धितो का प्रयोग भी अवेस्ता में भूरिशः उपलब्ध है-

कृदन्त- दएवोदातो (सं. देवहितः)

ख़्वरतये (स्वृतये)

स्रावयन्तम् (श्रावयन्तम्)

अजयम्नॅम् (अज्यायमानम्)

तद्धित- अयड्.हो (स आयस:) कतमो (स कतम:) बित्यम् (स द्वितीयम्) थ्रितीम् (स तृतीयम्) वड हुथ्व (स वसुत्व) हप्तथ (सप्तथ) अस्त्वतो (स अस्थिवत:)।

स्त्रीप्रत्यय- अषओनी (स ऋतावरी) पोउरुचिस्ता (स पुरुचित्ता)।

वैदिक सस्कृत के समान अवेस्ता मे भी छोटे समासो का प्रयोग हुआ है यथा-दउश्-स्रवो (सं दुश्श्रवा:) हजड्र- यओक्ष्तीम् (स. सहस्रयुक्तिम्) वनत् पषनो (सं वनत्पृतन:) दएवोदातो (स. देवहित:) द्रवास्प (स. ध्रुवाश्व) हुचिथ्र (स सुचित्र:) विश्पइति (विश्पति:)।

वेदो के अध्ययन एव अर्थनिर्धारण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होने एवं सस्कृतभाषा से समानता के अतिरिक्त अवेस्ता इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि प्राचीन फारसी,पह्लवी आधुनिक फारसी भाषाओ का विकास इसी मूल से हुआ है। इन भाषाओं के ऐतिहासिक एव कालक्रमिक विकास के जिज्ञासुओ को अवेस्तीय भाषा की ओर अवश्य दृष्टिपात करना होगा। बुन्देहिश्न, दीनकर्त् एव फिरदौसी के महाकाव्य 'शाहनामा' आदि के मूल उत्स अवेस्ता मे ही लभ्य है। भाषाशास्त्रीय आलोक मे कुछ शब्दों को तुलनात्मक दृष्टि से प्रस्तुत किया जा रहा है।

अवेस्ता- ख़्शथ्र (सं. क्षत्र) प्रा. फा. ख्शस्स, पह् शह्र, अंग्रेजी-City।

अवेस्ता- गरोन्मान् (स. गरुत्मान्) आ फा. गर्ज़्मान।

अवेस्ता- ज़ओश्तर (सं जोष्टृ) प्रा. फा दउश्तर्, आ. फा. दोस्त।

अवेस्ता- हन्जमन (सं. सङ्.गमनम्) पह्. हन्जमन, आ. फा. अन्जुमन।

अवेस्ता- हिज़्वा (सं. जिह्वा) पह्-उज़्वान, आ फा.-जुबाँ।

अवेस्ता- फ्रज़इन्ति (सं. प्रजाति:) पह्. फर्जन्द् , आ फा. फर्जन्द।

अवेस्ता- रओचड्ह (रोचस्) प्रा फा. रओचो, आ. फा रोज, रोजा (एक माह चलने वाला मुसलमानो का व्रतविशेष। इस व्रत में दिन में कुछ भी खाया-पिया नहीं जाता है।)

अवेस्ता- वहु (तर) (सं. वसुतर) आ. फा बेहतर, अं. Better, ज Besser।

अवेस्ता- ब्रातर् (सं भ्रातृ) प्रा फा ब्रातर् , आ फा बिरादर, अ Brother ज Bruder।

अवेस्ता- दुग्धर् (स दुहितृ) प्रा फा दुख़्तर, अ Daughter ज. Tochter।

अवेस्ता- जरन्य (स हिरण्य) पह् जरीन् , प्रा फा दरनिय, आ फा जरीन, दीनार, अ Gold।

अवेस्ता- आत्र आथ्र (स अथर्) प्रा फा आथ्रि (यादिय, यह एक मास का नाम है)। पह् आतार, आतश. आ फा आदर, आतश ।

अवेस्ता- बरजन्त (सं बृहत् , बृहन्त) पह् बूलन्द, आ फा. बुलन्द्।

अवेस्ता- जस्त (सं हस्त) प्रा फा दस्त, आ. फा दस्त।

अवेस्ता- अरॅज (सं. अर्ह, अर्घ) पह् अर्ज, आ फा. अर्ज।

अवेस्ता- अउर्वन्त् (स अर्वन् , अर्वन्त) पह्. अर्बन्द, आ फा अर्बन्द।

अवेस्ता- दुज् (स द्रुह्) प्रा फा दुरुज् , पह्लवी-द्रुजीजन् (धातु)।

अवेस्ता- नपात् (स नपात्) प्रा फा. नपा, आ फा. नबीसा, नवासा।

अवेस्ता- नमङ्.ह (स नमस्) पह्. नमाच् , आ फा. नमाज।

अवेस्ता- नइर्य (सं. नर्य) पह् नेरोक् , आ फा नीरो।

अवेस्ता- पस्कात् (सं पश्चात्) प्रा. फा. पसाव, आ फा. पस।

अवेस्ता- पितर् (सं पितृ) प्रा फा. पितर् , आ फा. पिदर, अ Father ज Vater।

अवेस्ता- दओश (स. दोष) पह्. दोश, आ. फा दोश।

अवेस्ता- बिश् (सं. भिषज्) पह् बेशाजेनीतन (धातु), आ फा पिजिश्क, अं. Physician।

अवेस्ता- मिज़्द (सं. मीढ) पह्. मोज़्द, आ फा मुज़्द।

अवेस्ता- यश्त् (सं. इष्ट, यजत) आ फा एज़द (ईश्वर)।

अवेस्ता- हुश्क (स शुष्क) पह् खुश्कीह (शुष्कता), आ फा खुश्क।

अवेस्ता- हउर्व(स सर्व) आ फा हर।

अवेस्ता- स्पस् (स स्पश्) पह् स्पास् , आ. फा सिपस।

अवेस्ता- हुस्रवङ् ह् (स सुश्रवस्) पह्. हुस्रोब, आ फा खुसरो।

अवेस्ता- हुचिथ्र (सं सुचित्र) पह् हुचिह्र, हुजीर् ; आ फा हुजूर।

अवेस्ता- पक्ष्त (स पृक्त) आ फा चस्प।

अवेस्ता- स्पन् (स. श्वन्) पह् सग्, आ फा. सग्।

अवेस्ता- स्पाध (स. स्पर्ध्) पह् स्पाह् , आ फा सिपाह।

2

आवाँ अरद्वी सूर् यश्त् का देवशास्त्रीय वैशिष्ट्य

आवाँ अरद्वी सूर् यश्त् का देवशास्त्रीय वैशिष्ट्य

अवेस्ता-वाड्मय के यश्त् भाग मे पचम यश्त् 'आवाँ अरद्वी सूर्' इस अभिधान से मण्डित है। इस यश्त् के अन्तर्गत दिव्य जलो की अधिष्ठात्री देवी अरॅद्वी सूरा अनाहिता की महिमा का गान किया गया है। आवॉ का सस्कृत रूप 'आपान' (जल) है। फारसी 'वियाबान्' का 'आबान' शब्द 'आवॉ' से ही विकसित है। स आप: आ फा - आब् आदि भी अर्थ की दृष्टि से पूर्णतया एव ध्वनि की दृष्टि से अधिकाशतया एतत्साम्यभृत शब्द हैं।

'अरॅद्वी' शब्द सस्कृत 'ऋद् आद्रीभावे' से निष्पन्न है अत: इसका सस्कृत रूप 'ऋद्वी' होगा। अर्थतया स आर्द्रा इससे अधिक निकट है। सस्कृत मे जलवृष्टिप्राय एक नक्षत्र का नाम भी 'आर्द्रा' है। सस्कृत 'सित' का अर्थ 'श्वेत' है, 'नञ्' के जुड़ने से 'असित' (काला) शब्द बनाता है। पुन: 'नञ्' जुड़ने से अनसित हुआ। संस्कृत सकार का अवेस्ता मे हकार हो जाना सुविदित तथ्य है। इस प्रकार अनसित >अनहित इस रूप मे विकास हुआ एव स्त्रीत्व द्योतक 'टाप्' प्रत्यय के सयोग से 'अनाहिता' शब्द निष्पन्न है। इसका अर्थ है जो काली या दागदार नहीं है। दो 'नञ्' प्रकृत्यर्थ को कहते है।

शिव धातु का अर्थ है- सूजना और बढ़ना। शिव मे इकारलोप एव वकार का उकार होकर पुनश्च मत्वर्थीय 'र' -प्रत्यय के सयोग से 'शूर' शब्द निष्पन्न है। सस्कृत के तालब्य शकार के स्थान पर अवेस्ता में अनेकत्र दन्त्य सकार की उपलब्धि होती है, अत: शूर का समरूप अवेस्तीय शब्द सूर हैं स्त्रीत्व विवक्षा होने पर आ (टाप्) के सयोग से सूरा पद निष्पन्न है। 'शूर' से आङ्ग्ल भाषीय 'Hero' शब्द भी विकसित है।

'अनहिता' शब्द के नकारोत्तरवर्ती अकार का दीर्घीकरण होकर अनाहित शब्द बना। यह भी ध्यातव्य है कि यशतान्तर्गत असकृद स्थलो पर 'अनाहित' शब्द भी प्रयुक्त है। इस प्रकार 'अरॅद्वी' का अर्थ गीली (Moist) सूरा का शक्तिशालिनी (Powerful) एव अनाहित का निष्कलङ्का (Spotless) है[1]।

Prof Louis H Gray[2] के अनुसार 'अरॅद्वी' का अर्थ उच्च (Lofty) 'सूरा' का

---

1 Avesta Reader - Hans Reichelt Page - 100

2 The Foundation of the Iranian Religion Page - 55

शक्तिशालिनी (Mighty) एव 'अनाहिता' का निष्कलड्का (Undefiled) है। अन्य अर्थ सड्गत है किन्तु 'अरॅद्वी' का (Lofty) यह अर्थ ठीक नही है।

'अरद्वी सूरा अनहिता' का अवेस्तीय यजतो के मध्य एक महत्त्वपूर्ण है। विभिन्न फल की प्राप्ति हेतु अनेक अवेस्तीय गाथेय वीरो द्वारा वह स्तुत हुई है। वह मनुष्यो के वीर्य को शुद्ध करने वाली, स्त्रियों को सुसन्तति से युक्त करने वाली एवं उनके स्तन मे उचित मात्रा मे दुग्ध भरने वाली है। (अ सू यश्त 2)। इस नदी की जलधारा सातो कर्ष्वो के ऊपर बहती है एव चाहे शरद् ऋतु हो या आतप, इसमे जल सदैव भरा रहता है। (अ सू. यश्त 5)। यह 'बअेषज्या' (भेषज्या) ओषधिगुणवती, 'वीदअेवा' (विदेवा) देव-विरोधिनी, 'अहुरत्कअेषा' (असुर-चिकितुषी) असुर के निमय का पालन करने वाली, 'अषओनी' (ऋतावरी) 'मसिता' (महती) 'दूरात् फ्रसूता' (दूरात्-प्रश्रुता) दूर तक प्रसिद्ध, 'अमवइती' (अमवती) शक्तिशालिनी, 'सॅविश्ता' (श्रविष्ठा) सर्वाधिक कीर्तिशालिनी, पॅरॅथु-फ्राका (पृथु-प्राञ्चिता) 'विस्तृत प्रसार वाली' आदि अनेकानेक विशेषणों से मण्डित है।

यह सहज देवशास्त्रीय प्रक्रिया है कि जब किसी प्राकृतिक दृश्य अथवा किसी द्रव्य का दिव्यीकरण होता है तो अधिकाशतया उसके शारीरिक अवयवो की कल्पना कर ली जाती है। स्थिति तो यहाँ तक पहुॅच जाती है कि अचेतन में भी चेतनवद् व्यवहार दिखाई दिखाई पडने लगता है। वेद में अनेक ऐसे प्रसड्ग है यथा- **अभिक्रन्दन्ति हरितेभिरासभिः** (हरे मुख से क्रन्दन करते है) (**ऋग्वेद**-10/94/2) **होतुश्चित्पूर्वे हविरद्यमाशत** (होता के समक्ष खाद्य हवि को खाया)। मुख से युक्त होना एवं क्रन्दन, अशन आदि क्रिया पाषाण मे सम्भव नहीं हैं, किन्तु मन्त्रो मे ऐसे तथ्य मिलते है कि ऐसा हुआ है। उसी प्रकार **ओषधे त्रायस्वैनम्** (ओषधे! इसे बचाओ) (**मैं. सं.**-3/9/2)। भारतीय दार्शनिक परम्परा ऐसे स्थलों पर उन-उन तत्त्वो के अभिमानी देवताओ का वर्णन मानकर इन स्थलो को सड्गतार्थ सिद्ध करती है। (**अभिमानि-व्यपदेशस्तु विशेषानुगतिभ्याम्-ब्र.सू.** 2/1/3)।

'अरॅद्वी सूरा अनाहिता' का वर्णन एक अति लावण्यवती, सुकुलाचारवती दिव्याड्गना के रूप में हुआ है। उसके बाहु अत्यन्त सुन्दर हैं- **स्त्रीर वा अड्॑हन् बाजव (अ.सू. यश्त्.** 7)। वह 'क्षोइथ्नी' (छवित्री) अर्थात् चमकीली, 'बरॅज़इती' (बृहती) अर्थात् लम्बी, हुरओधा (सुरोधा) अर्थात 'सुवदना' है। उसका ऐडी तक जूते पहने हुए एवं सुनहले एवं चमकीले आभूपणो को धारण की हुई कन्या के रूप मे वर्णन है- (अ सू यश्त् .64)। इसके रथ को चार अश्व खीचते है जो सभी एक कुल के, एक रड्ग के, सभी श्वेत एव लम्बे, देवों,

मर्त्यो, यातुओ परियो आदि के द्वेष को हिसित करने वाले है.-

यञ्हे चथ्वारो वश्तार

स्पअेत वीस्प हम-गओनोोड.हो

हमनाफअेनि बॅरॅज ॅत

तर्उवय ॅत वीस्पनॉम् त्बिष्वतॉम् त्बअेषो

दअेवनाँम् मश्यानाम्च

याथ्वॉम् पइरिकानॉम्च

साथ्रॉम् कओयॉम् करफ्नॉम् च (अ.सू. यश्त्-11)

वृष्टि, वायु, मेघ एव ओला ये ही चार अश्व हैं। इसके अतिरिक्त उसके अन्यान्य वस्त्राभरणो का उल्लेख हुआ है। (अ सू. यश्त् 123, 126)

उसका निवास तारों के मध्य है (अ सू यश्त् 85) और उससे अहुर मज्दा ने स्वस्थापित पृथ्वी पर अवतरणार्थ प्रार्थना किया। उसका तारों के मध्य निवास भारतीय साहित्य में वर्णित व्योमगङ्.गा अथवा गङ् गा के स्वर्ग-निवास से अद्भुत साम्य रखता है। कालिदास ने मेघदूत मे व्योमगङ् गा वा उल्लेख निम्नलिखित पक्तियों में किया है-

तत्र स्कन्दं नियतवसतिं पुष्पमेघीकृतात्मा

पुष्पासारैः स्नपयतु भवान् व्योमगङ्.गाजलार्दैः।।[1]

अवेस्तीय 'अर्दूी सूरा अनाहिता' का अहुर मज्दा ने आनयन किया एवं भारतीय गङ्.गा के आनयन में भगवान् शिव का विशिष्ट योगदान है।[2]

साधु एवं दुष्ट दोनो प्रकृति के व्यक्तियों द्वारा इसके यज्ञ का वितान किया गया। अहुरमज्दा, हओस्यड ह् परदात, यिम, अज़ीदहाक, थ्रअेतओन, करॅसास्प, फ्रङ्.गरस्यान्, कवि उसन्, हओस्रवह्, वअेसकात्मज तुस, पउर्व जामास्प, अषवज्दह, विस्तउरु, योइश्त, ज़रथुश्त्र,

---

1 मेघदूत 1/43

2 तथेति राज्ञाभिहित सर्वलोकहित· शिव ।

दधारावहितो गङ् गा पादपूतजला हरे ।। (श्रीमद्भागवत 9 9 9)

विस्तास्प, जइरिवइरि एव वन्दारमनिश् आदि लोग विभिन्न कामनाओ से उसके याजक हुए। इन याजको मे जो सन्मार्गगामी थे उनको अरॅद्वी ने अभीष्ट वर से पुरस्कृत किया किन्तु उत्पथगामियो को उसने स्वानुग्रह से वञ्चित रखा।

अनाहिता का वैदिक सरस्वती से बहुत ही अधिक साम्य है। यद्यपि वैदिक सरस्वती का अवेस्तीय समरूप हरवइती है किन्तु रूपगतसामान्य को छोडकर यदि सरस्वती एव अरॅद्वी सूरा अनाहिता के स्वरूप-साम्य एव वर्णनो पर सूक्ष्म दृष्टि डाले तो दोनो में अद्भुत साम्य दृष्टिगोचर होता है। जिस प्रकार अरॅद्वी (नदी या जल देवी) की उदात्ततम स्तुति एव महनीयता अवेस्ता मे अभिव्यक्त हुई है, उसी प्रकार सरस्वती को वेद मे नदियों के मध्य प्रकृष्टतम स्थान मिला है। अरॅद्वी का उद्गम स्थल हुकइर्य पर्वत है वह वहॉ से शक्ति के साथ वोउरु-कष समुद्र मे प्रवाहित होती है-

या अमवइती फ्रतचति

हुकइर्यात् हच बरॅजङ्.हत्

अओइ ज्रयो वोउरु-कषॅम्।। (अ.सू यश्त् 3)

वैदिक सरस्वती भी पर्वत से निकलकर समुद्र मे प्रवाहित होती है-

एका चेतत् सरस्वती नदीनां शुचिर्यती गिरिभ्य आ समुद्रात्।।(ऋ० 7.97 2)

उसकी शक्ति का अनुमान तो इसी से लगाया जा सकता है कि वह अपनी शक्तिशालिनी ऊर्मियो से पर्वश्रृङ्गो तक को तोड डालती है-

इयं शुष्मेभिर्विसखा इवारुजत्

सानु गिरीणां तविषेभिरुर्मिभिः

पारावतघ्नीमवसे सुवृक्तिभिः

सरस्वतीमा विवासेम धीतिभिः।। (ऋ०6.61 2)

अवेस्ता मे अरद्वी के बारे में वर्णन है कि उसकी सहस्त्रों कोशिकाये एवं सहस्त्रों नाले है उन सब का विस्तार इतना है, जितना कि मनुष्य एक शोभनाश्व पर आरूढ होकर चालीस दिन मे सवारी कर सकता है-

येञहे हज़ड.रॅम् वइर्यनाँम्

हजड रॅम् अपघ्ज़ारनाम्।

कस्वित् च अऐषाम् अपघ्जारनॉम्

चथ्वर-सतॅम् अयर-बरनॉम्

ह्वस्पाइ नहरे बरम्नाइ।। (अ सू यश्त् 4)

वैदिक सरस्वती के बारे मे ब्राह्मणों मे उल्लेख है कि सरस्वती अपने लुप्त होने के स्थान 'विनशन' से अश्वगति से चवालीसवे दिन की दूरी पर प्लक्ष-प्रस्रवण मे पुनः आविर्भूत होती थी।[1]

अवेस्तीय अरॅद्वी सूरा अनाहित को 'अहुरत्कअेषा (असुर के नियम को मानने वाली) कहा गया है। सरस्वती को वेद मे 'असुर्या' इस विशेषण से विभूषित किया गया है-

बृहदु गायिषे वचोऽसुर्या नदीनाम् ।। (ऋ० 7 96 1)

अरॅद्वी सूरा अनाहित को अवेस्ता मे दाथ्रिश् (दान करने वाली) कहा गया है। (अ सू. यश्त् 19) ऋग्वेद में सरस्वती को 'ददि:' (देने वाली) कहा गया है-

सरस्वती वा सुभगा ददिर्वसु।। (ऋ०8.21 17)

अवेस्ता मे अरॅद्वी सूरा अनाहित सर्वोच्च अहुरमज़्दा द्वारा सितारों के पार्श्व से पृथ्वी पर आगमनार्थ निवेदित हुई।

ऋग्वेद मे सरस्वती का निम्नलिखित मन्त्र में आह्वान मिलता है जो कुछ सीमा तक उपर्युक्त अवेस्तीय प्रसड.ग् से समानता रखता है-

आ नो दिवो बृहतः पर्वतादा

सरस्वती यजता गन्तु यज्ञम्।। (ऋ० 7.43.1)

अर्थात् हे पूज्या सरस्वति। तुम विस्तृत द्युलोक एव पर्वत से यज्ञ मे आने वाली बनो अथवा आओ।

अवेस्ता मे अरॅद्वी सूरा अनाहिता से आह्वान के समय मार्ग निर्देशिका के रूप मे प्रार्थना

---

1 चतुश्चत्वारिशदाश्वीनानि सरस्वत्या विनशनात्

प्लक्ष· प्रास्रवण: (ताण्ड्य महाब्राह्मण 25 10 16)

की गयी है- **अन बूयाो ज़वनो-सास्त** (अ सू यश्त् 11)

ऋग्वेद मे भी सरस्वती अपने भद्र उपासको को अनुष्ठान योग्य कर्म का निर्देशन करती है-

सरस्वती साधयन्ती धियं न

इडा देवी भारती विश्वतूर्तिः।। (ऋ०2 3 8)

अवेस्ता मे अरॅद्वी सूरा अनाहित के जलो को सातो कष्वो मे व्याप्त बतलाया गया है-

अञ्हाोस्च मे अअेवञहाे आपो

अपघ्ज़ारो वी-जसाइति

वीस्पाइश् अओइ कर्ष्वॉन् याइश् हप्त ।। (अ.सू यश्त् 4)

ऋग्वेद मे यद्यपि उपर्युक्त के सदृश सरस्वती के सम्बन्ध मे साक्षात् कथन नही है किन्तु सरस्वती के ऋग्वेदीय विशेषण 'सप्तथी' (सात प्रकार की) एव 'सिन्धु माता' (नदियो की जननी) से सरस्वती की भी व्यापकता के सकेत मिल जाते हैं-

सरस्वती सप्तथी सिन्धुमाता ।। (ऋ० 7.36 6)

इस विवेचन से 'अरॅद्वी सूरा अनाहिता' एवं 'सरस्वती' का साम्य अति सतोषप्रद रूप से सिद्ध हो जाता है। सम्भवतः दोनो नदियो की मौलिक धारणा एक ही जैसी थी किन्तु अवेस्तीय एव वैदिक-परिवेष-वैभिन्य के कारण दोनो मे वैभिन्य परिलक्षित होता है। इस विवेचन मे एक अति महत्त्वपूर्ण तथ्य और ध्यातव्य है कि दोनो नदियो मे देवशास्त्रीय दृष्टि से साम्य है। इससे यह बात सिद्ध नही होती की दोनो नदियो एक थी। हॉ इस बात से अवश्य पराड्.मुख नहीं हो जाया सकता कि उभय की देवशास्त्रीय पृष्ठभूमि एक ही है। वेदोत्तरकालीन साहित्य में सरस्वती की महत्ता मे कुछ ह्रास हुआ और सरस्वती जैसा महनीय पद गड्.गा की पावनता[1] के समक्ष न्यून सा हो गया किन्तु अरॅद्वी सूरा अनाहिता की महत्ता

---

1 स्रोतसामस्मि जाह्नवी (गीता)

अवेस्तोत्तरकालीन प्राचीन ईरानी साहित्य[1] मे अक्षुण्ण रही।

पह्लवी ग्रन्थो, दीनकर्त् एव बुन्देहिश्न मे उसका अनेकत्र वर्णन उपलब्ध होता है। वह अन्य यजतो तिश्तर्, सतवअेस, वोहुमनह् आदि के साथ अहुरमज्दा के वृष्टि सम्बन्धी आज्ञा का कार्यान्वयन करती है एव अतर्, वात एवं दीन के साथ वृष्ट्यवरोधक दानवो का दमन करती है (दीनकर्त 3) वह नइर्यसघ से जरथुश्त्र का बीज प्राप्त करती है (बुन्देहिश्न)।

---

1 सखामनीषी शासक ऋतक्षत्र द्वितीय जो धारयत्वसु (दारयउस्) द्वितीय का पुत्र था, ने अपने शिलालेख मे, अहुरमज्दा मित्र एव अनाहिता का एक साथ स्मरण किया है-

अउरमज्दा अनहता उता मित्र माम् पातुव हचा विस्पागस्ता उत् आ

इमम् त्य अकुमा मा विजनातिय, मा विनाथयातिय

अर्थात् असुरमेधा, मित्र और अनाहिता पाप से मेरी रक्षा करे। जिसे मैने निर्मित किया उसे न कोई तोडे न विनष्ट करे।

3

मूल, संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी-अनुवाद

मूल, संस्कृतच्छाया एवं हिन्दी-अनुवाद

कर्त 1

मूल- **प्रओत् अहुरो मज़्दो स्पितमाइ जरथुश्त्राइ। यज़अेष मे हीम् स्पितम् ज़रथुश्त्र यॉम् अरॅद्वीम् सूराँम् अनाहिताम्**

पॅरथु-फ्राकाँ बअेषज़्यॉम्

वीदअेवॉम् अहुरो - त्कअेषॉम

येस्न्यॉम् अङु.हे अस्त्वइते

वहम्न्याँम् अङु.हे अस्त्वइते

आधू-फ्राधनाँम् अषओनीम्

वॉथ्वो-फ्राधनाँम् अषओनीम्

गअेथो-फ्राधनाँम् अषओनीम्

क्षअेतो-फ्राधनॉम् अषओनीम्

दञ्हु-फ्राधनॉम् अषओनीम् ।।1।।

सस्कृतच्छाया- *अब्रवीत् असुरोमेधाः श्वेतमाय जरदुष्ट्राय। यजेः मे सीं श्वेततम जरदुष्ट्र याम् आर्द्रा सूराम अनाहिताम्*

पृथु-प्राञ्चितां भेषज्याम्

विदेवाम् असुर-चिकितुषीम्

यज्ञीयाम् अस्यै अस्थिवत्यै

वाश्याम् अस्यै अस्थिवत्यै

आयुःप्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

वास्त्वप्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

गयथ-प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

क्षियत्-प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

दस्यु-प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम् ।।1।।

हिन्दी- अनुवाद -

अहुर मज्दा ने श्वेतमम जरथुस्त्र से कहा। हे श्वेततम। जरथुश्त्र। विस्तृत प्रसार वाली, स्वास्थ्यप्रदा, देवविरोधिनी, असुर के नियम का पालन करने वाली, इस भौतिक जगत् मे यागयोग्य, इस भौतिक जगत् मे प्रार्थना के योग्य, आयु को बढाने वाली ऋतावरी, पशुओ का सवर्धन करने वाली ऋतावरी, जीव जगत् को बढाने वाली ऋतावरी, क्षत्र को बढाने वाली ऋतावरी, देश को बढाने वाली ऋतावरी मेरी उस आर्द्रा शूरा अनाहिता का यजन करो ।।1।।

मूल-

या वीस्पनॉम् अर्ष्नॉम् क्ष्तुद्राो यओज़्दधाइति

या वीस्पनॉम् हाइरिषिनॉम्

जॉथाइ गरॅवॉन् यओज़्दधाइति

या वीस्पाो हाइरिषीश् हुज़ामितो दधाइति

या वीस्पनाँम् हाइरिषिनाँम्

दाइतीम् रथ्वीम् पअेम अव-बरइति ।।2।।

संस्कृतच्छाया- *या विश्वेषाम् ऋषणां क्षुद्रः योर्दधाति*

या विश्वासा हृषीणाम् (स्त्रीणाम्)

जात्यै गर्भान् योर्दधाति

या विश्वाः हृषी (स्त्रीः) सुजामितः दधाति

या विश्वासां हृषीणाम् (स्त्रीणाम्)

दातिम् ऋत्वी पयः अवभरति ।।2।।

हिन्दी- अनुवाद -

जो सभी पुरुषो के वीर्य को शुद्ध करती है। जो सभी स्त्रियों के गर्भ को जननार्थ शुद्ध करती है। जो सभी स्त्रियो का सुरक्षित प्रसव कराती है अथवा जो सभी स्त्रियो को सुसन्तति से युक्त करती है। जो सभी स्त्रियो के (स्तनो मे) उचित समय पर (उचित मात्र मे) दुग्ध भरती है (मेरी उस आर्दा शूरा अनाहिता का यजन करो) ॥2॥

मूल -

मसितॉम् दूरात् फ्रसूतॉम्

या अस्ति अववइति मसो

यथ वीस्पाो इमाो आपाो

याो ज़्मा पइति फ्रतच्ँति

या अमवइति फ्रतचइति

हुकइर्यात् हच बरॅज़ड्हत्

अओइ व्रयो वोउरु-कर्षम् ॥3॥

संस्कृतच्छाया -

महतीं दूरात् प्रश्रुताम्

या अस्ति अववती महती

यथा विश्वाः इमाः आपः

याः ज्मां प्रति प्रतचन्ति

या अमवती प्रतचति

सुकर्यात् सचा बृहतः

अभि व्रयः उरुकक्षम् ॥3॥

हिन्दी-अनुवाद- महती, दूर तक प्रसिद्ध, जो इतनी बड़ी है, जितना सम्पूर्ण जल जो पृथ्वी की ओर सञ्चरित होते हैं (पृथ्वी पर सञ्चरित होते है)। जो बृहत् सुकर्य से शक्ति के साथ उरुकक्ष (वोउरु-कष) समुद्र मे प्रवाहित होती है (अर्थात् समुद्र मे गिरती है)।

मूल-

यओज़ॅंति वीस्पे करनो

ज्रयाइ वोउरु - कषय

आ वीस्पो मइध्यो यओज़इति

यत् हीश् अओइ फ्रतचइति

अरॅद्वी सूर अनाहित

येञ्हे हज़ङ्.रॅम् वइर्यनाँम्

हज़ङ्.रॅम् अपघ्जारनॉम्

कस्चित्च अऐषॉम् वइर्यनॉम्

कस्चित्च अऐषॉम् अपघ्ज़ारनाँम्

चथ्वरॅ-सतॅम् अयरॅ - बरनॉम्

ह्वस्पाइ नइरे बरॅम्नाइ ।।4।।

संस्कृतच्छाया-

योजन्ति विश्वे कर्णाः

ज्रयाय उरुकक्षाय

आ विश्वे मध्याः योजति (योजन्ति)

यत् सीः अभि प्रतचति

यत् सीः प्रक्षरति

आर्द्रा शूरा अनाहिता

यस्याः सहस्रं वार्याणाम्

सहस्रम् अपक्षाराणाम्

कश्चित् च एषा वार्याणाम्

कश्चित् च एषाम् अपक्षाराणाम्

चत्वारिशत् अयरा. वराणाम्

स्वश्वाय नराय वरिम्णे ।।4।।

हिन्दी-अनुवाद- उरुकक्ष (वोउरुकष) के सभी किनारे उफना रहे है। इसके सम्पूर्ण मध्य (भाग) उफना रहे है। जब वह वहॉ नीचे गिरती है, जब वह (वहॉ) धारारूप होती है, वह आर्द्रा शूरा अनाहिता (अरॅद्वी सूरा अनाहिता), जिसकी सहस्रो कोशिकाये, जिसके सहस्रो नाले है, उन प्रत्येक कोशिकायो, उन सभी नालो का विस्तार इतना है जितना कि मनुष्य एक शोभन अश्व पर आरूढ होकर चालीस दिन में सवारी कर सकता है ।।4।।

मूल-

अञ्होास्च मे अऐवञ्होा आपो अपघ्ज़ारो वी-जसाइति

वीस्पाइश् अओइ कर्ष्वान् याइश् हप्त

अञ्होास्च मे अऐवञ्होा आपो

हमथ अव-बरइति

हॉमिनॅम्च ज़यनॅम्च

हा मे आपो यओज़्दधाइति

हा अर्षाम् क्षुद्रो हा क्ष्थ्रिनॉम् गॅरवॉन् हा क्ष्थ्रिनॉम् पअेम ।।5।।

संस्कृतच्छाया-

अस्या: च मे एवस्वत्या: आप: अपक्षार: वि-गच्छति

विश्वान् अभि कर्ष्वान् या: सप्त

समथ अव-भरति

ऊष्माणं च हायनं च

सा मे आप: योंदधाति

सा ऋषणां क्षुद्रो सा स्त्रीणां गर्भान् सा स्त्रीणा पय: ।।5।।

हिन्दी- अनुवाद- मेरी इस प्रवाहयुक्त नदी से धारा सभी कर्ष्वों, जिनकी सख्या सात है के ऊपर बहती है। मेरी इस प्रवाहयुक्त नदी में गर्मी एव शरद् मे जल सदैव भरा रहता है।। वह मेरा जल मनुष्यो के वीर्य को, वह स्त्रियों के गर्भ, वह स्त्रियो के दुग्ध को शुद्ध करता है ।।5।।

मूल-

यॉम् अज़ॅम् यो अहुरो मज़्दो हिज़्वारॅन उज्बइरे फ़्रदथाइ

न्मानहे च वीसहे च ज़ॅंतॅउश्च दञ्हॅउश्च पाथ्राइ च हरथ्राइ च

अइव्याक्ष्त्राइच निपातयअेच निशङ्.हरॅतयअे च ।।6।।

संस्कृतच्छाया-

याम् अहं यो असुरः मेधा सुजवारुणा उद्भरे प्रदधाय मानस्य विशः जन्तोश्च दस्योश्च पात्राय च हरत्राय च अभ्यक्षित्राय च निपातये च निस्संहतये च ।।6।।

हिन्दी-अनुवाद-

जिसको मै जो असुर मेधा (हूँ) गृहों की, विश् की, कस्बे की, जनपद की, वृद्धि के लिए (उनकी) रखवाली, व्यवस्था (मरम्मत) देखभाल, इनकी एक साथ रखवाली एव व्यवस्था हेतु प्रबल पौरुष से नीचे लाया ।।6।।

मूल-

आअत् फ़्षूसत् ज़रथुस्त्र

अरॅद्वी सूर अनाहित

हच दथुषत् मज़्दो।

ख़्ीर वा अङ्.हॅन बाजव

अउरुष अस्पो स्तओयेहीश्।

फ्रा ख़्ीर जुष सिस्पत

अउर्वइति बाजु - स्तओयेहि

अवत् मनङ्.ह मइनिम्न ।।7।।

संस्कृतच्छाया-

आत् प्रास्थात् जरदुष्ट्र

आर्द्रा शूरा अनाहिता

सचा तक्षत: मेधस:।

स्रीरा: वा आसन बाहव:

अरुष: अश्व: स्थूलै:।

प्रा स्रीरा आगच्छत श्वेततम

अर्वती बाहु-स्थूलेभि:

अवत् मनसा (मनसि) मन्यमाना ।।7।।

हिन्दी-अनुवाद -

हे श्वेततम। जरदुष्ट्र। तब आर्द्रा शूरा अनाहिता निर्माता मेधा (मज्दा) के पार्श्व से प्रस्थान किया। उसके बाहु सुन्दर थे (जो) अश्व के स्कन्ध के समान घने अथवा अश्व के स्कन्ध से भी घने थे। घने हाथो से शक्तिसम्पन्न, मन में यह सोचती हुई वह सुन्दरी आयी ।।7।।

मूल-

को मॉम् स्तवात् को यज़ाइते हओमवइतिब्यो गओमवइतिब्यो ज़ओथ्राब्यो यओज़्दाताब्यो पइरि अङ्.हर्श्ताब्यो। कह्माइ अज़ॅम् उपङ्.हचयेनि हचमनाइच अनमनाइच फ़्रारङ्.हाइ हओमनङ्.हाइच ।।8।।

संस्कृतच्छाया-

क: मा स्तूयात् क: यजते सोमवतीभ्य: गोमतीभ्य: होत्राभ्य: योर्धाताभ्य: परिसृष्टाभ्य:। कस्मै अहम् उपसचै सचा-मननाय च अस्मन्मननाय च परिवेषाय च सौमनस्याय च ।।8।।

हिन्दी-अनुवाद-

कौन मेरा स्तवन करेगा? कौन मेरा सोम एव गोमास, विशुद्धीकृत एवं सुनिर्मित मन्त्रो से यजन करेगा? मै किससे सम्पृक्त होऊँ? साथ सोचने के लिए, मेरा चिन्तन करने के लिए, परिवेष के लिए, सौमनस्य के लिए ।।8।।

मूल-

अहे रय ख्वरॅनङ्.हच

ताँम् यज़ाइ सुरुन्वत यस्न

ताॅ यज़ाइ हुयश्त यश्न

अरॅद्वीम् सूरॉम् अनाहितॉम् अषओनीम् ज़ओथ्राब्यो। अन बूयाो ज़वनसास्त अन बूयाो हुयशततर अरॅद्वी सूर अनाहिते हओमयो-गव बरॅस्मन हिज़्वो-दङ्.हङ्.ह मॉथ्रच वचच श्यओश्न च ज़ओथ्राब्यस्च अर्‌शुख़्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो ।

येञहे हाताँम् ----------- तोस्चा यज़मइदे ।।9।।

संस्कृतच्छाया-

अस्या: रय्यै स्वर्णसे च

तां यजामि श्रवणीय यज्ञम्

तां यजामि सुयजतं यज्ञम्

आर्द्रां शूराम् अनाहिताम् ऋतावरी होत्राभ्य:। अस्मान् भूय: (आ) ह्वाने शास्त अस्मान् भूय: सुयजततरा आर्द्रे शूरे अनाहिते सोमगवा वर्ष्मणा जिह्वादंससा मन्त्रेण च वाचा च च्यौत्नेन च होत्राभ्यश्च ऋजूक्ताभ्यश्च वाग्भ्य: ।।9।।

हिन्दी-अनुवाद-

इसके सुनहलेपन, इसके स्वर्णस् के लिए उस ऋतावरी आर्द्रा शूरा अनाहिता के लिए श्रवणीय यज्ञ का विधान करता हूँ। सुष्ठु सम्पादित यज्ञ से उसका यजन करता हुँ। बुलाये जाने पर बार-बार हमारा निर्देशन करो। हे आर्द्रे! शूरे! अनाहिते। तुम हम लोगो के लिए सोम और गोमास, समिधा, जिह्वाचातुर्य, मन्त्र, वाक्, स्तुति एवं सरल प्रयुक्तवाणी से

बार-बार सुयजनीयतरा बनो।। 9।।

कर्त 2

मूल-

यज़अेष मे हीम् स्पितम् ज़रथुस्त्र यॉम् अरॅद्वीम् सूरॉम् अनाहितॉम् परॅथु-फ्राकॉम् बअेषज्यॉम्

वीदअेवॉम् अहुरो - त्कअेषाँम्

येस्न्यॉम् अजु.हे अस्त्वइते

वह्न्यॉ अडु.हे अस्त्वइते

आधू-फ़्राधनॉम् अषओनीम्

गअेथो-फ़्राधनॉम् अषओनीम्

षअेतो - फ़्राधनाँम् अषओनीम्

दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ।।10।।

संस्कृतच्छाया- *यजे: मे सीं श्वेततम् जरदुष्ट्र याम् आर्दां सूराम् अनाहिताम्*

पृथु - फ़्राञ्चितां भेषज्याम्

विदेवाम् असुर - चिकितुषीम्

यज्ञीयाम् (यजनीयाम्) अस्मिन् अस्थिवति

ह्वानीयाम् अस्मिन् अस्थिवति

आयु:प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

वास्त्व - प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

गयथा - प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

क्षियत् - प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम्

दस्यु - प्रवर्धिनीम् ऋतावरीम् ।।10।।

हिन्दी-अनुवाद-

हे श्वेततम! जरदुष्ट्र। विस्तृत प्रसार वाली, स्वास्थ्यप्रदा, देवविराधिनी, असुर के नियम का पालन करने वाली, इस भौतिक जगत् में यागयोग्य, इस भौतिक जगत् मे प्रार्थना के योग्य, आयु को बढाने वाली ऋतावरी, पशुओ का सवर्धन करने वाली ऋतावरी, जीव-जगत् को बढाने वाली ऋतावरी, क्षत्र को बढाने वाली ऋतावरी, देश को बढाने वाली ऋतावरी मेरी उस आर्द्रा शूरा अनाहिता का यजन करो ।।10।।

मूल-

या पओउर्व वाषॅम् वज़ाइते

आख़्नो द्रज़इते वाषहे

अह्न्य वाषे वज़ॅम्न

नरॅम् पइतिश्मरॅम्न

अवत् मनङ्.ह मइनिम्न।

को माँम् स्तवात् को यज़ाइते हओमवइतिब्यो गओमवइतिब्यो ज़ओथ्राब्यो यओज़्दाताब्यो पइरि अङ्.हरश्ताब्यो। कह्माइ अज़ॅम् उपङ्.हचयेनि हच-मनाइ च अन मनाइ च फ़्राइङ्.हाइच हओमनङ्.हाइच।

अहे रय ख़्वरॅनङ्.इच

ताँम् यज़ाइ सुरुन्वत यस्न

ताँम् यजाइ हुयश्त यस्न

अरॅद्वीम् सूराँम् अनाहितॉम् अषओनीम् ज़ओथ्राब्यो। अन बुयोा ज़वनो-सास्त अन बुयोा हुयश्ततर अरॅद्वी सूरे अनाहिते। हओमयो-गव बरॅस्मन हिज़्वो-दङ्.हङ्.ह च मॉथ्रच वचअ श्यओथ्न च ज़ओथ्राब्यस्च अर्शुख्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ---------- तोस्चा यज़मइदे ।।11।।

संस्कृतच्छाया-

या पूर्वं वाह वहते

आक्षाण: दृढयते वाहस्य

आस्य वाहे वहमाना (वहन्ती)

नर प्रति स्मरमाणा (स्मरन्ती)

अवत् मनसा मन्यमाना

क: मा स्त्यात् क: यजते सोमवतीभ्य: गोमतीभ्य: होत्राभ्य: योर्धाताभ्य: परिसृष्टाभ्य:। कस्मै अहम् उपसच सचा मननाय च अस्मन्मननाय च परिवेषाय च सौमनस्याय च

अस्या: रय्यै स्वर्णसे च

ता यजामि श्रवणीय यज्ञम्

ता यजामि सुयजत यज्ञम्

आर्दा शूराम् अनाहितम् ऋतावरी होत्राभ्य:। अस्मान् भूय: (आ) ह्वाने - शास्त अस्मान् भूय: सुयजततरा आर्द्रे शूरे अनाहिते सोमगवा वर्ष्मणा जिह्वादससा मंत्रेण च वाचा च च्यौत्नेन च होत्राभ्यश्च ऋजूक्ताभ्यश्च वाग्भ्य: ।।11।।

हिन्दी-अनुवाद-

जो रथ को आगे बढ़ाती है, लगाम को दृढ करती है। रथ पर बैठकर सञ्चालन करती हुई, मनुष्य के प्रति सोचती हुई, मन मे यह विचार करती हुई-

कौन मेरा यजन करेगा? कौन मेरा सोम एवं गोमांस, विशुद्धीकृत एवं सुनिर्मित मत्रो से यजन करेगा? मैं किससे सम्पृक्त होऊँ? साथ सोचने के लिए, मेरा चिन्तर करने के लिए, परिवेष के लिए, सौमनस्य के लिए।

इसके सुलहलेपन, इसके स्वर्णस के लिए उस ऋतावरी आर्द्रा शूरा अनाहिता के लिए श्रवणीय यज्ञ का विधान करता हूँ। सुष्ठु सम्पादित यज्ञ से उसका यजन करता हूँ। बुलाये जाने पर बार-बार हमारा निर्देशन करो। हे आर्द्रे! शूरे। अनाहिते। तुम हम लोगो के लिए सोम एव गोमास, समिधा, जिह्वाचातुर्य, मत्र, वाक् , स्तुति एव सरल प्रयुक्तवाणी से बार-बार

सुयजनीयतरा बनो ।।11।।

कर्त 3

मूल-

यज़अेष में हीम्........ . . दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ।।12।।

मूल-

येञ्हे चथ़्वारो वश्तार

स्पअेत वीस्प हम-गओनोड.हो

हम नाफअेनि बॅरॅज़ ॅत

तउर्वय ँत वीस्पनॉम् ति़्बष्वतॉम् त़्बअेषो

दअेवनॉम् मश्यानॉम्च

याथ़्वॉम् पइरिकानॉम्च

साथ्रॉम् कओयॉम् करॅप्नाँम् च।।

अहे रय ख्वरनड़्.हच ------- अऱ्शुख़्धअेइब्यस्च वाघ्जि़ब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ------ तोस्चा यज़मइदे ।।13।।

संस्कृतच्छाया-

यस्याः चत्वारः वोढारः

श्वेताः विश्वे सम-गुणासः

सम नाभ्यः (नाभ्यानि) बृहन्तः

तुर्वन्तः द्विषताम् (द्वेषवताम्) द्वेषः

देवानां मर्त्यानाम् च

यातूनां परिकाणाम् च

शास्तृणां कवीनां कृपणानाम् च

हिन्दी-अनुवाद-

जिसके चार (घोडे) खीचने वाले है (जिसके रथ को चार घोडे खीचने वाले है) सभी श्वेत, एक रग के, एक ही कुल के, लम्बे, द्वेष करने वाले सभी देवो, मर्त्यों, यातुओ, परियो, दुश्शासको, कवियो एव कृपणो के द्वेष को हिसित करने वाले है ।।13।।

कर्त 4

मूल-

यज़अेष में हीम्............... दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ।।14।।

मूल- **अमवइतीम् क्षोइथ्नीम् बॅरॅज़इतीम् हुरओधॉम् येञ्हे अववत् अस्नाअत्च क्षफ्नाअत्च**

तातो आपो अव-बरॅन्ते

यथ वीस्पो इमो आपो

यो ज़मा पइति फ़्रतचॅन्ति

या अमवइति फ़्रतचइति।

अहे रय ख़्वरॅनङ्हच ------ अर्शुख़्धअेइब्यश्च वाघ्जिब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ------- तोस्चा यज़मइदे ।।5।।

संस्कृतच्छाया-

अमवतीं छवित्रीं बृहतीं सुरोधाम् यस्याः अववत् घस्राः च क्षपाः च

तातः आपः अवभरन्ति (अवभरन्ते)

यथा विश्वाः इमाः आपः

याः ज्मां प्रति प्रतचन्ति

या अमवती प्रतचति ।।15।।

हिन्दी-अनुवाद-

बलशालिनी, चमकीली लम्बी सुशरीरा (आर्द्रा शूरा का अनाहिता का यजन करो) दिन-रात जिसकी मातृरूपिणी जलधारा बहती रहती है। जो शक्तिशालिनी प्रवाहित होती है, जितना सम्पूर्ण ये जल जो पृथ्वी पर (पृथ्वी की ओर) प्रवाहित होते है ॥5॥

कर्त 5

मूल-

यज़अेष में हीम्............... दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ॥16॥

मूल-

तॉम् यज़त

यो दध्वो अहुरो मज़्दो

अइर्येने बअेजहि वङ्हुयो दाइत्ययो हओमयो - गव बरॅस्मन हिज़्वोदहङ्ह मॉथ्रच वचच श्यओश्नच ज़ओथ्राब्यस्च अरशुख्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो ॥17॥

संस्कृतच्छाया-

ताम् अयजत

यो दाश्वान् असुरः मेधाः

आर्यायणे व्यचसि वस्व्याः दित्याः सोमगवा वर्ष्मणा जिह्वादससा मन्त्रेण च वाचा च च्यौत्नेन होत्राभ्यश्च ऋजूक्ताभ्यः च वाग्भ्यः ॥17॥

हिन्दी-अनुवाद-

आर्यायण व्यचस् मे शोभना दिति के तट पर दाता असुरमेधा ने सोम एव गोमांस, समिधा, जिह्वाचातुर्य, मंत्र, वाणी, कर्म, स्तुति एव सरल प्रयुक्त वाणी से उसका (आर्द्रा शूरा अनाहिता का) यजन किया ॥17॥

मूल-

आअतू हीम् जइध्यत्

अवतू आयप्तॅम् दज़्दि मे

वड्.हि सॅविश्ते अरॅद्वी सूरे अनाहिते

यथ अज़ॅम् हाचयेने

पुथ्रम् यत् पोउरुषस्पहे

अषवनम् ज़रथुश्त्रॅम्

अनुमतॅअे दअेनयाइ

अनु - वरश्तअे दअेनयाइ ।।।४।।

संस्कृतच्छाया-

आत् सीम् अगदत्

अवत् आप्त्य देहि मे

वस्वि श्रविष्ठे आर्द्रे सूरे अनाहिते

यथा अह सचै (सचानि)

पुत्र यत् पुर्वाश्वस्य

ऋतवन्त जरदुष्ट्रम्

अनुमतये धेनायै

अनूक्तये धेनायै

अनु - वर्ष्टये धेनायै ।।।8।।

हिन्दी-अनुवाद-

उससे प्रार्थना है की- हे अच्छी सर्वाधिक कीर्तियुक्ते! आर्द्रे! शूरे! अनाहिते। मुझे वह वर दो जिससे मै पुर्वश्व के पुत्र ऋतावा जरदुष्ट्र को धर्म के बारे में सोचने के लिए, धर्म-प्रवचन के लिए धर्माभ्यास के लिए सम्पृक्त कर सकूँ ।।18।

मूल-

दथत अह्माइ तत् अवत् आयप्तॅम् अरॅद्वी सूर अनाहित हध जओथ्रो बराइ अरद्राइ यजॅम्नाइ

जइय ॅताइ दाथ्रिश् आयप्तॅम्

अहे रय ख़्वरॅनङ्.हच ------- अरशुख़्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ------- ताोस्चा यज़मइदे ।।19।।

संस्कृतच्छाया-

अददात् अस्मै तत् अवत् आप्त्यम् आर्द्रा शूरा अनाहिता

सध होत्रभराय ऋध्नाय यजमानाय

गदते दात्री आप्त्यम् ।।19।।

हिन्दी-अनुवाद-

वरप्रदा आर्द्रा शूरा अनाहिता ने स्तोत्रोच्चारक, दानी, प्रार्थना करते यजमान को वह वर दे दिया ।।19।।

कर्त 6

मूल-

यज़अेष में हीम्............... दञ्हु-फ्ऱाधनॉम् अषओनीम् ।।20।।

मूल-

तॉ यज़त

हओश्यङ्.हो परधातो

उप उपब्दे हरयो

सतॅम् अस्पनाँम् अर्ष्नाॅम् हज़ङ्.रॅम् गवॉम् बअेवरॅ अनुमयनॉम् ।।21।।

संस्कृतच्छाया-

ताम् अयजत

सोष्यान्सः परधातः

उप उपब्दे हराया

शतम् अश्वानाम् ऋषणा सहस्र गवा बेवरम् अनुमयानाम् ।।21।।

हिन्दी-अनुवाद-

परधात कुलोत्पन्न सोष्यान्स ने हरा के घेरे मे सौ वेगशाली अश्वो, एक सहस्र गायो एव दश हजार मेषो से उसका यजन किया ।।21।।

मूल-

आअत् हीम् जइध्यत्

अवत् आयप्तॅम् दज्दि मे

वङु.हि सॅविश्ते अरद्वी सूरे अनाहिते

यथ अज़ॅम उपमॅम् क्षथ्रम्

बवानि वीस्पनॉम् दख्युनॉम्

दअेवनाँम् मश्यानॉम्च

याथ्वाँम् पइरिकानामच

साथ्राँम् कओयॉम् करफ्नॉम्च।

यथ अज़ॅम् निजनानि

द्व थ्रिष्व माज़न्यनॉम् दअेवनॉम् वरॅन्यनॉम्च द्रवतॉम् ।।22।।

संस्कृतच्छाया-

आत सीम् अगदत्

अवत् आप्त्यं देहि मे

वस्वि श्रविष्ठे आर्द्रे शूरे अनाहिते

यथा अहम् उपम क्षत्रम्

भवानि विश्वेषां दस्यूनाम्

देवानां मर्त्यानां च

यातूनां च परिकाणां च

शास्तृणां कवीनां कृपणानाम् च

यथा अहं निहनानि

द्वित्रिष्व: माजन्यानां देवानां वरन्यानां च द्रुह्यताम् ।।22।।

हिन्दी-अनुवाद-

इसके अनन्तर उससे याच्ञा की- हे अच्छी सर्वाधिक कीर्तियुक्ते! आर्द्रे! शूरे! अनाहिते! मुझे वह वर दो जिससे मै सभी जनपदों (देशों) देवों, मनुष्यों, यातुओं, परियों, अत्याचारियों, कवियों, कृपणों का सम्प्रभु शासक बन जाऊँ। जैसे कि मै माजन्य (माज़न-निवासी) देवों,एवं वरन्य (वरॅन-निवासी) द्रोहियों के दो तिहाई मार दूँ ।।22।।

मूल-

दथत् अह्माइ तत् अवत् आयप्तॅम् अरॅद्वी सूर अनाहित सध ज़ओथ्रो - बराइ अरॅद्राइ यज़ॅम्नाइ

जइध्य ॅताइ दाथ्रिश् आयप्तॅम्।।

अहे रय ख्वर्नङ्हच ------ अर्शुख़्धअेइब्यश्च वाघ्ज़िब्यो।।

येञ्हे हाताँम् - तोस्चा यज़मइदे ।।23।।

संस्कृतच्छाया-

अददात् अस्मै तत् अवत् आप्त्यम् आर्द्रा शूरा अनाहिता

सध होत्रभराय ऋध्राय यजमानाय

गदते दात्री आप्त्यम् ।।23।।

हिन्दी-अनुवाद-

वरप्रदा आर्द्रा शूरा अनाहिता ने स्तोत्रोच्चारक, दानी प्रार्थना करते यजमान को वह वर दे दिया। ।।23।।

कर्त 7

मूल-

यजअेष में हीम्............... दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ।।24।।

मूल-

तॉम् यज़त

यो यिमो क्षअेतो ह्वॉथ्वो

हुकइर्यात् हच बरॅज़ङ्.हत्

सतॅम् अस्पनॉम् अर्ष्नॉम् हज़ङ्.रॅम् गवॉम् बअेवर अनुमयानॉम् ।।25।।

संस्कृतच्छाया-

ताम् अयजत

यमः क्षियन् सुवास्त्वः

सुकर्यात् सचा बृहतः

शतम् अश्वानाम् ऋषणां सहस्रं गवां बेवरम् अनुमयानाम् ।।25।।

हिन्दी-अनुवाद-

शोभन पशु वाले, शासक यम ने बृहत् सुकर्य के समीप सौ वेगशाली अश्वो, एक हजार गायो एव दस हजार मेषो से उसका यजन किया ।।25।।

मूल-

आअत् हीम् जइध्यत्

अवत् आयप्तॅम् दज़्दि मे

वङु.हि सॅविश्ते अरॅद्वी सूरे अनाहिते

यथ अज़ॅम उपमॅम् क्षथ्रॅम्

बवानि वीस्पनॉम् दख़्युनॉम्

दअेवानाँम् मश्यानाम्च

याथ्वॉम् पइरिकानाँम्च

साथ्रॉम् कओयॉम् करप्नॉम्च

यथ अज़ॅम् उज़्बरानि

हच दअेवअेइब्यो

उये ईश्तिश्च सओकाच

उये फ़्षओनीश्च वॉथ्वाच

उये थ्रॉफ़्स्च फ़्रसस्तिश्च ।।26।।

संस्कृतच्छाया-

आत् सीम् अगदत्

अवत् आप्त्य देहि मे

वस्वि आर्द्रे शूरे अनाहिते

यथा अहम् उपमं क्षत्रम्

भवानि विश्वेषां दस्यूनाम्

देवाना मत्यानां च

यातूना परिकाणां च

शास्तृणा कवीनां कृपणानां च

यथा अहम् उद्भराणि सचा देवेभ्य:

उभे इष्टिश्च शोका: च

उभे क्षोणीश्च वास्त्वा: च

उभे तृप्तिश्च प्रशस्तिश्च ।।26।।

हिन्दी-अनुवाद-

इसके बाद उससे याच्ञा की - हे अच्छी। सर्वाधिक कीर्तिशालिनि। आर्द्रे। शूरे। अनाहिते। मुझे वह वर दो जिससे मै सभी जनपदो, (देशो) देवो, मनुष्यो, यातुओ परियो, अत्याचारियो, कवियो, कृपणो का सम्प्रभु शासक बन जाऊँ। जैसे मै, देवो से उनके धन एव कल्याण दोनो, पीनता एवं पशु समूह दोनो, तृप्ति एव प्रशस्ति दोनो छीन सकूँ ।।26।।

मूल-

दथत् अह्माइ तत् अवत् आयप्तॅम् अरॅद्वी सूर अनाहित हध ज़ओथ्रो -बराइ

अरॅद्राइ यज़म्नाइ

जइध्य ॅताइ दाथ्रिश् आयप्तॅम्।।

अहे रय ख़्वरनङ्.हच ------- अर्शुख़्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ------ तोास्चा यज़मइदे ।।27।।

संस्कृतच्छाया-

अददात् अस्मै तत् अवत् आप्त्यम् आर्द्रा शूरा अनाहिता सध होत्रभराय

ऋध्राय यजमानाय

गदते दात्री आप्त्यम् ।।27।।

हिन्दी-अनुवाद-

वरप्रदा आर्द्रा शूरा अनाहिता ने स्तोत्रोच्चारक, दानी प्रार्थना करते यजमान को वह वरदान दे दिया ।।27।।

कर्त 8

मूल-

यज़अेष में हीम्............... दञ्हु-फ़्राधनॉम् अषओनीम् ।।28।।

मूल-

तॉम् यजत

अज़िश् थ्रिज़फोा दहाको

बवूरोइश् पइति दञ्हओवे

सत्म् अस्पनॉम् अर्ष्नॉम् हज़ड.रॅम् गवॉम् बअेवर अनुमयनाँम् ।।29।।

संस्कृतच्छाया-

ताम् अयजत

अहि: त्रिजृम्भण: दासक:

बावेरौ प्रति दस्यौ

शतम् अश्वानाम् ऋषणां सहस्र गवा बेवरम् अनुमयानाम् ।।29।।

हिन्दी-अनुवाद-

यत् बवानि अइविवन्यो

पॅषो-चि ँ्ग्ह्रॅम् अश्तो-कानॅम्

हुमयकॅम् दअेवयस्नॅम

द्रव ँ्तमच अरॅजत्-अस्पॅम्

अह्मि गयेथे पॅषनाहु ।।113।।

संस्कृतच्छाया-

आत् सीम् अगदत्

अवत आप्त्यं देहि मे

वस्वि श्रविष्ठे आर्द्रे शूरे अनाहिते

यत् भवानि अभिवन्य:

पृत-चिह्नम् अष्टकर्णम्

सुमयक देवयज्ञम्

द्रोहवन्तं रजताश्वम् (ऋजताश्वम्)

अस्मिन गयथे पृतनासु ।।113।।

हिन्दी-अनुवाद-

इसके बाद उससे प्रार्थना की- हे अच्छी, सर्वाधिककीर्तियुक्ते! आर्द्रे। शूरे। अनाहिते। मुझे वह वर दो जिससे कि मै आठ छिद्रो वाले पृत-चिह्न (पॅष-चि ॅग्हॅ), देवोपासक सुमयक (हुमयक) द्रोहयुक्त रजताश्व (अरॅजत्-अस्पॅ) को इस ससार के युद्ध मे पराजित करने वाला होऊँ ।।113।।

मूल-

दथत् अह्माइ तत् अवत् आयप्तॅम् अरॅद्वी सूर अनाहित हध जओथ्रो-बराइ अरॅद्राइ यज़ॅम्नाइ

जइध्य ॅताइ दाथ्रिश आयप्तॅम्

अहे रय ख़्वरॅनङ्.हच ----- अर्शुख्ध्अेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो।।

येञ्हे हातॉम् ----- ताोस्चा यज़मइदे।।114।।

संस्कृतच्छाया-

अददात् अस्मै तत् अवत् आप्त्यम् आर्द्रा शूरा अनाहिता सध होत्रभराय

ऋध्राय यजमानाय

गदते दात्री आप्त्यम् ।।114।।

हिन्दी अनुवाद-

वरप्रदा आर्द्रा शूरा अनाहिता ने स्तोत्रोच्चारक, दानी, प्रार्थना करते यजमान को

वह वर दे दिया ।।114।।

कर्त 27

मूल-

यजअेष में हीम् ----- दञ्हु-फ्राधनॉम् अषओनीम् ।।115।।

मूल-

तॉम् यज़त

व ॅ्दरॅमइनिश् अरॅज़तू-अस्पो

उप ज्ञयो वोउरु-कषॅम्

सतॅम् अस्पनाँम् अर्ष्नाँम् हज़ड्.रॅम् गवॉम् बअेवरॅ अनुमयनाँम् ।।116।।

संस्कृतच्छाया-

ताम् अयजत

वन्दरमनि: रजताश्व: (ऋजताश्व:)

उप ज्ञय: (ज्ञयसम्) उरु-कक्षम्

शतम् अश्वानाम् ऋषणां सहस्रं गवां बेवरम् अनुम्यानाम् ।।116।।

हिन्दी-अनुवाद-

रजताश्व (अरॅजतू-अस्प) वन्दरमनि (व ँ्दरॅमइनि) ने उरुकक्ष (वोउरु-कषॅ) समुद्र के समीप सौ वेगशाली अश्वो, एक सहस्र गायो एव दश सहस्र मेषों से उसका यजन किया ।।116।।

मूल-

आअत् हीम् जइध्यतू।

अवतू आयप्तॅम् दज़्दि मे

वडु.हि सॅविश्ते अरॅद्वी सूरे अनाहिते

यत् बवानि अइवि-वन्याो

तख़्मॅम् कवअेम् वीश्तास्पम्

अस्पायओर्धॅम् जइरि-वइरीम्।

यत् अज़ॅम् निजनानि

अइर्यनॉम् दख़्युनॉम्

प ँचसघ्नाइ सतघ्नाइश्च

सतघ्नाइ हज़ड्.रघ्नाइस्च

हज़ड्.रघ्नाइ बअेवरघ्नाइस्च

बअेवरॅघ्नाइ अहॉक्षतघ्नाइश्च ।।117।।

संस्कृतच्छाया-

आत् सीम् अगदत्।

अवत् आप्त्य देहि मे

वस्वि आर्द्रे शूरे अनाहिते

यत् भवानि अभिवन्यः

तक्ष्मं काव्यं (कविम्) व्युषिताश्वम्

अश्वायोधं हरि-वर्यम्

यथा अहं निहनानि

आर्याणां दस्यूनाम्

पञ्चाषदघ्नाय शतघ्नाय च

शतघ्नाय सहस्रघ्नाय च

सहस्रघ्नाय बेवरघ्नाय च

बेवरघ्नाय असख्यातघ्नाय च ।।117।।

हिन्दी-अनुवाद-

इसके अनन्तर उससे प्रार्थना की हे अच्छी! सर्वाधिककीर्तियुक्तेशालिनि। आर्द्रे। शूरे। अनाहिते! मुझे वह वर दो जिससे मै कविवंशी वीर व्युषिताश्व (वीश्तास्पॅ) एवं अश्व पर सवार होकर युद्ध करने वाले हरिवर्य (जइरि-वइरी) को पराजित करने वाला होऊॅ। जिससे मै आर्य देशों के पचास को मारने के लिए एव सौ को मारने के लिए, सौ को मारने के लिए एव एक सहस्र को मारने के लिए, एक सहस्र को मारने के लिए एवं दश सहस्र को मारने के लिए, दश सहस्र को मारने के लिए एव असख्यो को मारने के लिए पहुॅच सकूॅ।।117।।

मूल-

नोइतू अह्माइ दथतू ततू अवतू आयप्तॅम् अरॅद्वी सूर अनाहित

अहे रय ख़्वरॅनङ्.हच ------ अर्शुख़्धेअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो

येञ्हे हातॉम् ------ तोस्चा यज़मइदे ।।118।।

संस्कृतच्छाया-

नेत् अस्मै अददात् तत् अवत् आप्त्यम्

आर्द्रा शूरा अनाहिता ।।118।।

हिन्दी अनुवाद-

आर्द्रा शूरा अनाहिता ने उसे वह वर नही दिया ।।118।।

कर्त 28

मूल-

यजअेष में हीम् ----- दञ्हु-फ्राधनॉम् अषओनीम् ।।119।।

मूल-

येञ्हे चश्वारो अर्षान

हॉम्-ताषतू अहुरो मज़्दो

वार्तॅम्च वारॅम्च मअेघॅम्च फ़्यड्.हुम्च

मीशित ज़ी मे हीम् स्पितम् ज़रथुश्त्र

वारॅ ॅतअेच स्नअेज़ि ॅतअेच

स्रस्चि ँतअेच फ्रयड्हु ॅतअेच

येञ्हे अववत् हअेननॉम्

नव-सताइश् हज़ड्.रॅम्च ।।120।।

संस्कृतच्छाया-

यस्य चत्वार: ऋषया:

समतक्षत् असुर: मेधा

वातम् च वारि च मेघम् च प्यसुम् च

मिष्ठि जमे (ज्माया) सीम् जरदुष्ट्र

वारानित्यै च स्नेहितये च

स्रंश्चितये च प्यस्वतये च

यस्या: अववत् सेनानाम्

नवशतै: सहस्रम् च ।।120।।

हिन्दी-अनुवाद-

असुर मेधा (अहुरोमज्दा) ने जिसके लिए हे श्वेततम्! जरदुष्ट्र! वायु, जल, मेघ एव हिमवृष्टि रूप चार अश्वो का निर्माण किया। (इसीलिए) भूतल पर सदैव जलवृष्टि हिमपात ओला एवं हिममयी वृष्टि होती है। इसकी सेनायें इतनी है कि (इनकी गणना) नौ सौ और सहस्र से युक्त है ।।120।।

मूल-

यजाइ हुकइरीम् बरॅज़ो

वीस्पो-वहमॅम् ज़रनअेनॅम्

यह्मात् मे हच फ़ज्गधइते

अरद्वी सूर अनाहित

हज़ड्.राइ बरॅष्न वीरनॉम्

मसो क्षयेते ख़्वरॅनड् हो

यथ वीस्पाो इमाो आपाो

याो ज़्मा पइति फ्रतच ॅति

या अमवइति फ्रतचइति

अहे रय ख़्वरॅनड्.हच - अर्शुख़्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो

येञ्हे हाताँम् ------- ताोस्चा यज़मइदे ।।121।।

संस्कृतच्छाया-

यजे सुकर्य बृहन्तम्

विश्ववाह हिरण्यमयम्

यस्यात् मे सचा प्रस्कन्दते

आर्द्रा शूरा अनाहिता

सहस्रै: (सहस्राय) वर्ष्णा वीराणाम्

मह: क्षयते स्वर्णस:

यथा विश्वे इमा: आप:

या: ज्मां प्रति प्रतचन्ति

या अमवती प्रतचति ।।121।।

हिन्दी-अनुवाद-

मै बृहत् सुकर्य का यजन करता हूँ, जो सबका वाहक व स्वर्णमय है। एक सहस्र मनुष्यों वाले जिस स्थान से मेरी आर्द्रा शूरा अनाहिता उछलती है। (जो) इतने ऐश्वर्य से युक्त है जितना ये सम्पूर्ण जल जो पृथ्वी पर विचरण करते है। वह शक्तिशालिनी (आर्द्रा

शूरा अनाहिता) प्रवाहित होती है (विचरती है) ।।121।।

कर्त 29

मूल-

यजअेष मे हीम् ----- दञ्हु-फ्राधनॉम् अषओनीम् ।।122।।

मूल-

ज़रनअेनम् पइति-दानॅम्

वङु.हि हिश्तइते द्रज़िम्नो

अरद्वी सूर अनाहित

ज़ओथ्रे वाचिम् पइतिश्मरॅम्न

अवत् मनङ्.इ मइनिम्न ।।123।।

संस्कृतच्छाया-

हिरण्ययं प्रति-धानम्

वस्वी तिष्ठते द्रढिम्ना

आर्द्रा शूरा अनाहिता

होत्रे वाचं प्रतिस्मरमाणा (प्रतिस्मरन्ती)

अवत् मनसा मन्यमाना ।।123।।

हिन्दी-अनुवाद-

वस्वी आर्द्रा शूरा अनाहिता स्वर्णनिर्मित लबादे को पहन कर आहुति एवं (प्रार्थनास्वरूप) वाणी की प्रतीक्षा करती हुई (अर्थात कौन व्यक्ति मुझे आहुति समर्पित करेगा एव मेरे प्रति प्रार्थनारूप वाक् का उच्चारण करेगा) मन मे यह सोचती हुई दृढता से स्थित होती है ।।123।।

मूल-

को माँम स्तवातू को यज़ाइते

हओमवइतिब्यो गओमइतिब्यो ज़ओथ्राब्यो यओज़्दातब्यो

पइरि अङ्.हर्.श्ताब्यो।

कह्माइ अज़ॅम उपङ्.हचयेनि हच-मनाइ च अन-मनाइच

फ़ारङ्.हाइ हओमनङ्.हाइ च।

अहे रय ख़्वरॅनङ्.हच ----- अर्.शुख़्धअेइब्यस्च वाघ्ज़िब्यो॥

येञ्हे हातॉम् ----- ताोस्चा यज़मइदे ॥124॥

संस्कृतच्छाया-

कः मा स्तुयात् (स्तवात्) कः यजते

सोमवतीभ्यः गोमतीभ्यः होत्राभ्यः योर्धाताभ्यः परिसृष्टाभ्यः।

कस्मै अहम उपसचयानि () सचा-मनाय च

अस्मन्मननाय च परिवेषाय च सौमनस्याय च ॥124॥

हिन्दी-अनुवाद-

कौन मेरा स्तवन करेगा? कौन मेरा सोम एवं गोमांस, विशुद्धीकृत एवं सुनिर्मित मत्रो से यजन करेगा? मैं किससे सम्पृक्त होऊँ? साथ सोचने के लिए मेरा चिन्तन करने के लिए, परिवेश के लिए, सौमनस्य के लिए ॥124॥

कर्त 30

मूल-

यजअेष में हीम् ----- दञ्हु-फ्राधनॉम् अषओनीम् ॥125॥

मूल-

या हिश्तइते फ़्रवअेधॅम्न

अरद्वी सूर् अनाहित

कइनिनो कॅहर्प स्रीरयाो

अश-अमयो हुरओधयाो

उस्कात् यास्तयाो ॲरॅ़्ज्वइथ्यो

रअेवत् चिथ्रम् आजातयाो

फ़्रजुषॅम् अध्कॅम् वङ्.हानॅम्

पोउरु-पक्षॅम् जरनअेनॅम् ॥126॥

संस्कृतच्छाया-

या तिष्ठते (तिष्ठति) प्रवेद्यमाना

आर्द्रा शूरा अनाहिता

कन्यायाः कृपा श्रीरायाः

अत्यमायाः सुरोधायाः

उच्चात् यस्तायाः ऋजुवत्याः

रेवत् चित्रम् आजातायाः

प्रजुषम् अत्कं वसानाम्

परु-पृक्तं हिरण्ययम् ॥126॥

हिन्दी-अनुवाद-

स्मरण किए जाने पर जो आर्द्रा शूरा अनाहिता, सुशरीरा, अतिशक्तिशालिनी, लम्बे शरीर वाली, उपरिबद्धा, विशुद्ध सारल्योपेता, सुकुलोत्पन्ना, पूर्णरूप से स्वर्णजटित, आरामदायक लाबादे को पहने हुए (सहायतार्थ) स्थित होती है ॥126॥

मूल-

बाध यथ माँम् बॅरस्मो-ज़स्त

फ़्रा गओषावर सीस्पम्न

चथु-करन ज़रनअेनि

मिनुम् बरतू ह्वाजात

अर्ॅद्वी सूर अनाहित

उप तॉम् स्रीरॉम् मनओथ्रिम्।

हा हे मइधीम् न्याजत

यथच हुकॅरॅप्त फ्शतान

यथ च अङ्.हॅन निवाज़ान ।।127।।

संस्कृतच्छाया-

बाढं यथा मां वर्ष्महस्ता

प्रा गोषावरं शीश्वानम्

चतुष्कर्णं हिरण्ययानि

मिनुम् अभरत् सुजाता

आर्द्रा शूरा अनाहिता

उप तां श्रीरां मनोत्रीम्

सा अस्याः मध्यं न्याजत

यथा च सुक्लृप्तं पयःस्थानम्

यथा च असन् निवाहान ।।127।।

हिन्दी-अनुवाद-

हॉथ में सदैव नियमानुकूल वर्ष्म को धारणा किये हुए, वह अपने कानों की ललरी (कोर) पर वर्गाकार, सुनहला कर्णावतंस और अपने सुन्दर गर्दन में स्वर्णिम हार धारण करती है। शोभना, सुघटितशरीरिणी आर्द्राशूरा अनाहिता ने अपनी कमर को कसा है, ताकि उसके स्तन सुडौल रहें और कसकर बधे रहे। ।।127।।

मूल-

उपइरि पुसॉम् ब ॅ्दयत

अर्द्वी सूर अनाहित

सतो-स्त्रङ्.हॉम् ज़रनअेनीम्

अश्त-कओज़्दॉम् रथ-कइर्यॉम्

द्रफ़्षकवइतीम् स्रीरॉम्

अनुपोइथ़्वइतीम् हुकॅरॅतॉम् ।।128।।

संस्कृतच्छाया-

उपरि पुसां बन्धयति (बध्नाति)

आर्द्रा शूरा अनाहिता

शतस्तृस्वतीं हिरण्ययीम्

अष्टखेदिं रथकर्याम्

द्रफ्षकवतीम् श्रीराम्

अनुपृथ्वतीम् सुकृताम् ।।128।।

हिन्दी-अनुवाद-

आर्द्रा शूरा अनाहित अपने शिरस् पर सात सितारों वाले, अष्टरश्मियों से युक्त, रथाकार, सुन्दर, आकर्षक बिन्दुओ वाले, सुनिर्मित सुनहले मुकुट को बाँधती है ।।128।।

मूल-

बव्रइनि वस्त्रोा वङ्.हत

अरॅद्वी सूर अनाहित

थ्रिसतनॉम् बवूरनॉम्

चतुरॅ ज़ीज़नतॉम् (यत् अस्ति बवइरिश् स्रअेश्त यथ यत् अस्ति गओनोतॅम

बवूइरिश् बवइति उपापो) कथ कॅरॅतम् ध्वरश्ताइ ज़्ने

चरॅमो वअेन ॅतोब्राज़ॅ ॅत

फ़्रॅन अॅरॅज़तॅम् ज़रनिम् ।।129।।

संस्कृतच्छाया-

बावेर्व्याणि वस्त्रा (णि) वसत्

आर्द्रा शूरा अनाहिता

त्रिंशतां बावेरूणाम्

चतुर्यूनाँम् (यत् अस्ति बावेरिः श्रेष्ठः यथा अस्ति गुणतमः बावेरिः भवति उपापः

यथा कृतं त्वष्टाय ज़्रवणे

चरमं वेनतः भ्राजन्ते

पूर्ण रजत हिरण्यम् ।।129।।

हिन्दी-अनुवाद-

आर्द्रा शूरा अनाहिता बावेर (बावेरु-बेबीलोन) देश के वस्त्र को पहनती है, जो बावेरुवासी तीस व्यक्तियों (द्वारा बुना गया है) जिनमे चार युवा हैं और जो बावेरुवासी श्रेष्ठ है। बावरु में उत्पन्न जल के पास का (वस्त्र) सर्वोत्तम होता है और जब सही समय पर इनका निर्माण होता है, तो ये पूर्ण रूप से चॉदी और सोने की तरह आँखो के सामने चमकते है ।।129।।

मूल-

आअत् वडु.हि इध सॅविश्ते

अरॅद्वी सूर अनाहिते

अवत् आयप्तम् यासामि

यथ अज़ॅम् हवाफ़्रितो

मसक्षथ्र निवानानि

अश-पचिन स्तूइ-बखॅध्र

फ्रओथतू - अस्प ख़्वनत्-चख

क्ष्वअेवयतू - अस्त्र अश् - बओउर्व

निधातो-पितु हुबओइधि

उप स्तॅरॅमअेषु वारॅम दइधे

परनङ्.हु ँ्तम् वीस्पाँम् हुज्याइतीम्

इरिथॅ ँ्तम् क्षथ्रम् जजाइति ।।130।।

संस्कृतच्छाया-

आत् वस्वि इह श्रविष्ठे

आर्द्रे शूरे अनाहिते

अवत् आप्त्यं याचामि

यथा अहं स्वाप्रीत:

महः क्षत्रं निवनानि

अश्वपृचिनः स्तूपवक्त्राः

प्रोथदश्वः स्वनत्-चक्रः

शिवयदस्त्रः अतिभूरयः

निहितपितुः हुबोधिः

उप स्तरमयेषु वारं दधे

पूर्णवन्तं विश्वां सुज्यातिम्

अर्थितं क्षत्रं सिषाति ।।130।।

हिन्दी- अनुवाद-

यहाँ, हे अच्छी! सर्वाधिककीर्तियुक्ते! आर्द्रे! शूरे! अनाहिते! मुझे वह वर दो

जिससे मै पूर्ण कृपा पाकर बड़े राज्यो को जीत सकूँ। उच्च मुखवाले प्रभूत अश्वो, खुर्रानेवाली वाले अश्वो, ध्वनियुक्त रथो, चमकती तलवारो, उपकरणो, प्रभूत भोज्य-पदार्थ, सुगन्धित शय्या से युक्त होऊँ। जिससे कि मै अपनी इच्छानुसार जीवन के लिए अच्छी वस्तुओ का सम्भार एव वे सभी वस्तुए, जो कि एक राज्य का निर्माण करती है, प्राप्त करूँ ।।130।।

मूल-

आअत् वडु ही इध अरॅद्वी सूरे अनाहिते द्व अउर्व ॅत यासामि

यिम्च बिपइतिश्तानॅम् अउर्व ॅतॅम्

यिम्च चथ्वरॅ-पइतिश्तानॅम्

अओम् विपइतिश्तानॅम् अउर्व ॅतॅम्

यो अङ्.हत् आसुश् उज़्गस्तो

हुफ़्ओ-उर्वअेसो वाषाो पॅषनअेषुच

अओम् चथ्वरॅ-पइतिश्तानॅम्

यो हअेनयाो पॅरॅथु-अइनिकयाो

व उर्वअेसयत् करन

होयूम्च दषिनॅम्च

दषिनॅम्च होयूम्च ।।131।।

संस्कृतच्छाया-

आत् वस्वी इह आर्द्रे शूरे अनाहिते द्वौ अर्वन्तौ याचामि

यं च द्विप्रतिष्ठानम् अर्वन्तम्

यं च चतुष्प्रतिष्ठानम् अर्वन्तम्

यो असत् आशुः सुगतः (सुगतिः)

सुप्रोर्वेशः वाहः पृतनेषु च

एव चतुष्प्रतिष्ठानम्

य: सेनाया: पृथ्वनीकाया:

एवं उर्वेशत्कर्ण:

सव्य च दक्षिणं च

दक्षिणं च सव्य च

हिन्दी-अनुवाद-

इसके पश्चात् हे अच्छी आर्द्रे। शूरे। अनाहिते! मै तुमसे दो वीर (साथियो) को मॉगता हूँ। जिस (उस) दो पैर वाले वीर को एवं जिस (उस) चार-पैर वाले वीर को (मॉगता हूँ)। उस दो पैर वाले वीर को जो शीघ्रता करने वाला, शोभन गति सम्पन्न एवं युद्ध स्थल मे रथ को तेजी से मोड़ने वाला हो एव एक चार पैर वाले को (माँगता हूँ) जो विशालग्रभाग वाली शत्रु सेना के प्रत्येक कोने में (शीघ्रता से) मुड़ने वाला हो। बाए से दाएं एवं दाए से बाएं मुड़ सके ।।131।।

मूल-

अअेत यस्न अअेत वह्म

अअेत पइति अव-जस

अरॅद्वी सूरे अनाहिते

हच अवत्ब्यो स्तॅरॅब्यो

अओइ जॉम् अहुरधातॉम्

अओइ जओतारॅम् यज़ॅम्नम्

अओइ पॅरॅनाँम् वीघ्जारयेइ ँतीम्

अवड्हे जओथ्रो-बराइ अरॅद्राइ यजॅम्नाइ

जइघ्य ँताइ दाथ्रिश् आयप्तॅम्।

यथ ते वीस्पे अउर्व ँत

जज्वाोड्.ह पइति-जसाँन्

यथ कवोइश् वीश्तास्पहे।

अहे रय ख़्वरॅनङ् हच . अर्शुखधअेइब्यस्च वाघ्जिब्यो।।

येञ्हे हातॉम् . ताोस्चा यजमइदे ।।132।।

संस्कृतच्छाया-

एतेन यज्ञेन एतेन ब्रह्मणा

एतेन प्रति अव गच्छ

आर्द्रे शूरे अनाहिते

सचा अवत्भा: स्तृभा:

अभि ज्माम् असुरहिताम्

अभि होतार यजमानम्

अभि पूर्णा विक्षरयन्तीम्

अवसे होत्र-भराय ऋध्राय यजमानाय

गदते दात्री आप्त्यम्

यथा ते विश्वे अर्वन्त:

जिगीवान्स: प्रति-गच्छान्

यथा कवे: व्युषिताश्वस्य ।।132।।

हिन्दी-अनुवाद-

इस यज्ञ से एवं इस आह्वान से, इससे (इसके माध्यम से) हे आर्द्रे! शूरे! अनाहिते। उन सितारों से असुर-निर्मित इस पृथ्वी पर होता यजमान के पास, पूर्ण रूप से उबलते दूध के पास (जो तुम्हें समर्पित होगा) होत्र का सम्भरण करने वाले की रक्षा के लिए, दानी यजमान को वर प्रदान करने वाली तुम आओ। जैसे (जिससे) वे सभी वीर कवि (वीश्तास्प) की भाँति वीर हो जाये।

4

ऐतिहासिक टिप्पणियाँ

ऐतिहासिक टिप्पणियां

अइरएन वएज़ह् : यह स्थान आधुनिक ईरान मे स्थित था। अइरएन वएजह् का सस्कृत समरूप 'आर्यायण व्यचस्' है। प्रो क्षेत्रेश चट्टोपाध्याय के अनुसार वएजह का अर्थ वीज है। इसका नामान्तर 'अइर्यनम् वएजह अवेस्ता मे उपलब्ध होता है, जिसकी संस्कृतच्छाया आर्याणम् व्यचस्' है जिसका अर्थ है आर्यों का मूल स्थान। वेद मे भी 'व्यचस्' शब्द का प्रयोग अनेक स्थलो पर है इसी अर्थ मे हुआ है-

सं यन्यदाय शुष्मिण एना ह्यस्योदरे।

समुद्रो न व्यचो दधे॥ (ऋग्वेद 1 3 30 **)**

ब्रह्मेदमूर्ध्वं तिर्यक् चान्तरिक्षं व्यचो हितम्। (अथर्ववेद 10 2.25 **)**

आर्य लोग ईरान मे कब और कहॉ से पहुॅचे, इसके बारे मे ऐतिह्यविदों के मध्य नाना मतवाद प्रचलित है। सर्वाधिक मान्य मत है कि वे मध्य एशिया से ईरान में आए एव अइरएन वएजह् मे बस गये। मूलदेश की विस्मृति के कारण वे अइरएन वएजह् को ही अपना मूल देश मानने लगे। यह भी सम्भावना हो सकती है कि ईरान के प्रान्त विशेष मे बसने के पूर्व उनका कोई निश्चित ठिकाना एवं स्थाई वास न रहा हो। एक मत के अनुसार इनका एक जत्था वक्षु (आकसस) के उत्तरी भाग मे बस गया। अन्य जातियों के दबाव के कारण इनको दक्षिण को ओर बढना पडा। इसके बाद ये दो शाखाओं मे बॅट गये। भारत मे प्रवेश करने वाली शाखा भारतीय कहलाई एव ईरान मे प्रवेश करने वाली शाखा ईरानी आर्य।[1]

अइर्यनाम् वएज़ह कहॉ स्थित था, इसके बारे में दो धारणाये हैं- प्रथम उत्तरपश्चिम ईरान एवं दूसरा पूर्व फरमनाह्-ख्वारिज़्म प्रान्त।[2]

अ **अज़ीदहाक-** अजीदहाक का अवेस्ता मे असकृद् स्थानो पर उल्लेख हुआ है। अजी का वैदिक समरूप अहि है। अजी (अहि) शब्द की व्युत्पत्ति अघ् धातु से हुई है। 'अघ्' धातु से ही अग्रेजी Ugly, Agony, Awk आदि शब्द निष्पन्न हैं। 'अहि' शब्द

---

1 प्राचीन विश्व की सभ्यताये . डॉ आर. एन पाण्डेय, पृष्ठ 415-416

2. अवस्ता हओम यस्त : डॉ हरिशङ्कर त्रिपाठी

की यास्क द्वारा की गयी निरुक्ति[1] सन्तोषप्रद नही है। वह वव्रिदेश (आधुनिक बबालनिया, पालिसाहित्यगत बावेरु) का अत्याचारी शासक था। इसने साधु जनो को पीडित करने के लिए अनेक यजतो से यजनपूर्वक वर मॉगा।[2] यजतो ने उसकी दुष्प्रवृत्ति को देखकर उसे कोई वरदान नही दिया। अजीदहाक ने विवस्वान् (विवङ्‌हु) पुत्र यम (यिम) को मारकर उसकी रूपवती भगिनीद्वय अरॅनवाक् एव सघवाक् का अपहरण कर लिया। इसके तीन मुख, तीन कुत्सित शिर, छः ऑखे थी। इसके पास सहस्रो युक्तिया थी। अङ्‌रो मइन्यु ने ऋत-जगत् के विनाशार्थ उसको उत्पन्न किया। आथ्व पुत्र थ्रएतओन ने इसका वध किया एवं यम भगिनियो को मुक्त किया। थ्रअेतओन (त्रैतान) द्वारा अजीदहाक के वध की घटना निम्नलिखित अवेस्तीय मन्त्रो में अभिव्यक्ति हुई है, जिसमे उपर्युक्त अजीदहाक के समग्र विशेषण भी समाहित है-

आथ्वो मॉम् बित्यो मश्यो

अस्त्वइथ्याइ हुनूत गअेथ्याइ

हा अह्माइ अषिश् अॅरॅनावि

ततू अह्माइ जसतू आयप्तॅम्

यतू हे पुथ्रो उस्-ज़यत

वीसो सूरयोा थ्रअेतओनो (हओमयश्तू 9/7)

यो जनतू अज़ीम दहाकॅम्

थ्रिज़फ़नॅम् थ्रिकमॅरॅधॅम्'

क्ष्वश्-अषीम् हज़ङ्.र-यओक्ष्तीम

अशओजड.हम् दअेवीम् द्रुज़ॅम्

अघॅम् गअेथाव्यो द्रव ॅतॅम्

---

1 अहिरयनात्-एत्यन्तरिक्षे। अयमपीतरोऽहिरेतस्मादेव, निर्ह्रसितोपसर्गः आहन्तीति। निरुक्त 2/17

2 अवेस्ता, अ सू यश्त 28-31

यॉम् अश ओजस्स्तॅमॉम् द्रुजॅम्

फ़्च कॅर॔ॅ.तत् अङ्.रो-मइन्युश्

अओइ यॉम् अस्त्वइतीम् गअेथाम्

मह्र्काइ अषहे गअेथनॉम्॥ (हओमयश्त् 9/8)

वेद मे अहि वध का श्रेय इन्द्र को है ''अहन्नहि पर्वते शिश्रियाणम् (ऋ० 1 32 4) यदिन्द्राहन् प्रथमजामहीनाम् (ऋ० 1 32 4)। अवेस्तीय अहिकोदहाक कहा गया है (सभवत दहाक का अर्थ दहा ग्राम का निवासी है) वैदिक अहि को भी दास कहा गया। वेद मे अजी दहाक के विशेषण (थ्रिकमॅरॅधॅम्) 'तीन शिर वाले' की अनुकृति पर 'त्वार्ष्ट्र असुर' की कल्पना है जो त्रिशीर्षा था। त्रित ने इन्द्र की सहायता से उसका वध किया-

स पित्र्याण्यायुधानि विद्वानिन्द्रेषित आप्त्यो अभ्ययुध्यत्

त्रिशीर्षाणं सप्तरश्मिं जघन्वान्त्वाष्ट्रस्य चिन्निः ससृजे त्रितो गाः॥ (**ऋ0** 10 8 8)

इस विवेचन से यह स्पष्ट है कि अहि-सम्बद्ध वैदिक एव अवेस्तीय आख्यान मे अद्भुत साम्य है। यह तथ्य भी ध्यातव्य है कि इस अहिवध से सम्बद्ध कथा लगभग सभी प्रचीन विकसित सभ्यताओ के काल के साहित्य मे उपलब्ध होती है।

आथ्रवन आदि सामाजिक वर्ग-ऋग्वेद के 10 वें मण्डलान्तर्गत पुरुष सूक्त मे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र का उल्लेख है। अवेस्ता मे भी वर्ण चतुर्धा है। वहॉ वर्ण का विभाजन निश्चिततया कर्मानुसार है। वहॉ वर्णों के 'पिश्त्र्य' का वर्णन है, इसी 'पिश्त्र्य' शब्द से आधुनिक फारसी के 'पेशा' शब्द का विकास हुआ है, अत: पिश्त्र्य का अर्थ कार्य ही है। अवेस्तीय वर्णों के नाम है- आथ्रवन, रथअेश्तर फ्षुयास् एव हुइति। अवेस्ता में 'आतर्' अग्नि का वाचक है वेद में उसका समरूप अथर् है। यद्यपि अथर् शब्द का स्वतंत्र प्रयोग तो नही किन्तु समास के पूर्वपद के रूप मे 'अथर्यु' शब्द मे दिखाई देता है-

दूरेदृशं गृहपतिमथर्युम् (ऋ० 7.1.1)

अथर्यु शब्द का अर्थ है 'अग्नि को चाहने वाला'। आथ्रवन अग्निपूजद पुरोहित था। वैदिक 'अथर्वन्' एक ऋषि का अभिधान है। अर्थवन् ऋषि के ही नाम पर तुरीया वैदिक सहिता 'अथर्ववेद' के नाम से प्रथित हुई। समाज में आथ्रवन का बहुत सम्मान था। पौरोहितय कर्म का सम्पादन स्त्रिया भी करती थी। (यस्न 10 15)

रथअश्तर् का सस्कृत रूपान्तर 'रथेष्ठा' है। यह योद्धा-वर्ग था। भारतीय क्षत्रियो की भाँति इनका मुख्य कार्य युद्ध था।

तीसरा वर्ग फ्षुयास (पशुमत्) था। इस वर्ग के लोग कृषि एव पशुपालन करते थे। पशु आर्यो की महत्त्वपूर्ण सम्पत्ति थे। पशु का अधिक्य समृद्धि का सूचक था। फ्षुयास भारतीय साहित्य मे वर्णित वैश्यो के तुल्य थे जिनका कर्म कृषि, गोरक्ष्य एवं वाणिज्य बतलाया गया है। फ्षुयास लोगो द्वारा वणिक्कर्म के प्रमाण नही मिलते।

'हूइति' चतुर्थ एव अन्तिम वर्ण था। हूइति लोग कारीगर लोग थे एव शिल्प कार्य मे दक्ष थ। प्रारम्भ मे यह 'व्यवस्था आनुवशिक न थी किन्तु बाद मे आनुवाशिक हो गयी।

अषवज़्दाह - इसका सस्कृत रूप 'ऋतवृद्ध' है अत: इसका अर्थ है नैतिक नियमो से बढा हुआ। इसके पिता का अभिधान 'पोउरुदक्ष्त' है। दीनकर्त 9.16 17 के अनुसार यह ख़्वनिरथ के सात अमर्त्य राजाओ मे एक है। बुन्देहिश्न 29 6 के अनुसार यह अन्तिम संघर्ष मे सोष्यन्तो के सहायतार्थ अवतरित होगा।

अरॅज़त-अस्प - यह जरथुश्त्र धर्म का घोर विरोधी था। अवेस्ता एव पह्लवी ग्रन्थों में इसे शत्रुभावोपेत जनो का नेता कहा गया है। इसके कुल को 'ख़्योन' कहा गया है, जो सम्भवत· हुनुओ की ही एक शाखा थी। फिरदौसी विरचित शाहनामा मे अरॅजत्-अस्प को 'अर्जास्प' कहा गया है। यह अपने चाचा अफ्रासियाब के बाद सिंहासनारूढ हुआ। अफ्रासियाब को तूर कहा गया है, अत: निस्सन्देह अर्जास्प भी तूरानी रहा होगा। परन्तु इसे 'तूर' न कहकर 'ख़्योन' कहा गया है, इसलिए यह शब्द इसका विशेषण भी हो सकता है। कवि वीश्तास्प और इसके मध्य तीन युद्ध हुए (यश्त्-17 49-50)। इसके एक आक्रमण में 'जरथुश्त्र को अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा। किन्तु अन्तत: यह वीश्तास्प से पराजित हुआ। वीश्तास्प ने अरॅजत्-अस्प को पराजित करने के लिए 'अरॅद्वी सूरा' का यजन किया एव उससे वर माँगा-

आअत् हीम् जइध्यत

यत् बवानि अइविृवन्योा

तॉथ्र्यव ॅतॅम् दुज़्दअेनॅम्

पॅषनॅम्च दअेवयस्नॅम्

द्रव ॅतॅम्च अरॅज़त्-अस्पम्।। (अ सू. यश्त् 109)

कवि उसन् - कवि उसन् कविवशीय सम्राट् था। उस वश का सस्थापक कवि कवात था। अवस्ता के 13वे यश्त् के 132 वे मन्त्र एव 19 71 तथा पह्लवी ग्रन्थ बुन्देहिश्न 31 25 म इस वश के शासको का वर्णन मिलता है, जिनकी सख्या सात है। कवि कवात के उपरान्त उसके नप्तृ कवि उसन् ने सत्ता की बागडोर को सम्भाला। अवेस्ता मे उसे 'अर्वा' (क्षीप्रगामी) एव 'अशवॅरॅचह्' (अतिवर्चस्वी) आदि विशेषणो से मण्डित किया गया है। वैदिक साहित्य मे 'काव्य उशनस्'[1] का वर्णन आता है। परवर्ती भारतीय साहित्य मे भी काव्य उशनस् का वर्णन है। भारतीय साहित्य मे 'उशनस्' का समीकरण शुक्राचार्य के साथ किया गया है। शुक्राचार्य इन्द्र का धुर विरोधी है।

कॅरॅसास्प - इसका वैदिक रूपान्तर 'कृशाश्व' (क्षीण अश्ववाला है) इसके पिता का नाम थ्रित (वैदिक-त्रित) एव इसके अग्रज का नाम उर्वाक्षय (महान् शासक) था। बुन्देहिश्न 31 26-27 मे इसके पिता को अत्रुत कहा गया है जो अवेस्तीय थ्रित का पह्लवी रूपान्तरण है। इसके भाई 'उर्वाक्षय' को श्रेष्ठ विधि निर्माता (दातो राजो) कहा गया है। परवर्ती साहित्य मे इसकी चर्चा न के बराबर है। इसके द्वारा निर्मित विधि सहिता भी उपलब्ध नही है। किन्तु सम्भवत· ईरान मे विधिवत् विधि की स्थापना करने वाला यह प्रथम व्यक्ति था। कॅरॅसास्प को अवेस्ता मे युव (युवा) गअेसुश् (केशव) एव गधावरो (गदावर) जैसे विशषणो से मण्डित किया गया है। इसने गन्दॅरव (गन्धर्व) अजीस्रवर (अहिश्रृङ्गभर) आदि का वध किया। कॅरॅसास्प का चरित्र पौराणिक साहित्य के श्री कृष्ण से अत्यधिक समानता रखता है। कॅरॅसास्प को अवेस्ता में युवा कहा गया है। भगवान् कृष्ण भी सनातन पोडषवर्षीय अतएव चिर युवा हैं। करसास्प को गअेसुश् कहा गया है, श्री कृष्ण का भी केशव प्रसिद्ध अभिधान है। कॅरॅसास्प को गदावर कहा गया है। भगवान् कृष्ण भी श्री विष्णु के अवतार होने के कारण शख, चक्र गदा एव पद्म से युक्त बतलाए गये है-

तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं

चतुर्भुजं शङ्खगदार्युदायुधम्। श्रीमद्भागवत (10 3 9)

कॅरसास्प ने अहिवध किया। भगवान कृष्ण ने भी कालिय नाग का दमन किया।

कङ्हा - यह एक भू-भाग का नाम है। ईरान के पूर्व मे कङ्हा का राजप्रासाद श्यावार्षन् के द्वारा निर्मित हुआ था। पह्लवी ग्रन्थ दीनकर्त के वर्णनानुसार (दीनकर्त9.16

---

1 कविर्विप्र : पुरएता जनानाम् ऋभुर्धीरं उशना काव्येन। (ऋ. 9/87/3)

15) पेशोतनु जो कि विस्तास्प का पुत्र था, वह कड्हा मे वास करता था।

गन्दरॅव- गन्दरॅव का वैदिक समरूप गन्धर्व है। अवेस्तीय वर्णनो के अनुसार यह वोउरु- कष सागर मे निवास करता है। यह 'जइरि पास्न' सुनहरी एडी वाला है। ऋग्वेद मे उसे 'हिरणपक्ष' 'सुनहले पक्षो वाला' कहा गया है। ऋग्वेद मे यद्यपि इसे आकाश मध्यवर्ती वताया गया है (कभी-कभी स्वर्ग का निवासी भी) किन्तु अनेक स्थलों पर इसको जल मे निवास करने वाला माना गया है-

गन्धर्वोऽप्स्वप्या च योषा सा नो नाभिः परमं जामितन्नौ (ऋग्वेद 10.10 4)

गन्धर्व के अवेस्तीय निवास 'वोउरु-कष' से साम्य के आधार पर यह सुरक्षित निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि गन्धर्व के जल के साथ सम्बन्ध की कल्पना प्राचीन है। अवेस्ता मे यह एक दुरात्मा है, जिसका कॅरॅसास्प ने वध किया। यह भी ध्यातव्य है कि अवेस्तीय गन्दरॅव एक व्यक्ति-वाचक संज्ञा है। वैदिक साहित्य में यद्यपि इसको देवत्व प्रदान किया गया है किन्तु फिर भी कलहप्रियता एवं स्त्रीलोलुपत्व जैसे दुरात्माओं में सुलभ होने वाले दुर्गणो का भी वर्णन प्राप्त होता है। ऋग्वेद में गन्धर्व को सोम का रक्षक कहा गया है-

गन्धर्व इत्था पदमस्य रक्षति (ऋ० 9.83.4)

चअेचिस्त - चअेचिस्त एक झील का नाम है, जो अतरपातकान में स्थित है।

ज़इरि-वइरि- जइरि-वइरि का सस्कृत रूप 'हरिवर्य' है। यह 'अउर्वतास्प' का पुत्र एव कवि वीश्तास्प का भाई था। फ़िरदौसी के शाहनामा में जइरि-वहरि को ज़रीर इस अभिधान से मण्डित किया गया है। इसको अस्पायओध (अश्वायोध) अश्वपर बैठकर युद्ध करने वाला कहा गया है। इसने दिति (दाहति) सरित्तट पर 'अरद्वी सूरा अनाहिता' का यजन किया-

तॉम् यज़त

अस्पायओधो ज़इरि-वइरिश्

यस्ने आपो दाइत्ययो।। (अ सू यश्त्. 112)

उसने हुमयक नामक एक दुरात्मा का वध किया, जो अरॅजत्-अस्प का भाई था।

ज़ओतर : इसका संस्कृत रूपान्तर होतर् (होतृ) है। वैदिक यागों में होता ऋड्.मन्त्रों

का पाठ करता है-

ऋचा त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान् (ऋ० 10.17.11)

यही कारण है कि ऋग्वेद का अपर अभिधान 'होतृवेद' भी है। अवेस्तीय जओतर यस्न के अवसर पर प्रधान पुरोहित की भूमिका निभाता है। यस्नकार्य-सम्पादनार्थ उसके सात अन्य सहायक होते है। जओतर मुख्यतया अवेस्तीय गाथाओ का पाठ करता है। इसके सहायकों को 'रतव' 'ऋत्विज' कहा जाता है। कभी-कभी यस्न कार्य को यह अकेले भी सम्पन्न करता है। वैदिक यज्ञो मे मुख्यतया होता के अतिरिक्त अध्वर्यु, उद्गाता एवं ब्रह्मा नामक ऋत्विक् होते है। किन्तु सत्रदि में षोडष ऋत्विक् तक होते हैं। प्राचीन यस्न भी षोडष ऋत्विजो द्वारा सम्पाद्य था।

जामास्प - यह कवि विस्तास्प (वीश्तास्प) का प्रधानमन्त्री था। जरथुश्त्र की तृतीया कन्या 'पोउरुचिस्ता' के साथ इसका परिणय हुआ। यह 'ह्वोवा' के कुल था एव इसके भाई का नाम 'फ्रशअओश्त्र' था। यह सुविदित तथ्य है कि ह्वोवा से जरथुश्त्र का विवाह हुआ था।

तूर्य फ्रङ्.रस्यान - तूर्य का अर्थ है 'तूर निवासी'। फ्रङ्.रस्यान तूरान का निवासी था। तूर लोग घुमक्कड़ आर्य कबीला थे। निरन्तर आक्रमण के कारण यह उन सभी कबीले का वाचक हो गया, जो ईरान में व्यवस्थित हुए आर्यो पर आक्रमण किया करते थे। शाहनामा के अनुसार आक्सस नदी तूरान को चीन व तुर्क से पृथक् करती थी। फ्रङ्.रस्यान तूरजनाधिप था। वह ईरान-तूरान संघर्ष में तूरानियो का नेता था। यह ईरान-तूरान संघर्ष काफी लम्बा चला, जो कि ईरानी सम्राट् मनुचिथ्र के समय प्रारम्भ होकर हओस्रवङ्.ह के काल तक चला। हओस्रवङ्.ह ने फ्रङ्.रस्यान का वध कर इस दीर्घकालिक परस्पर युद्ध का अन्त कर दिया।

दाइति : यह प्राचीन ईरान (अइर्यन वएज़ह) की पवित्र नदी एवं महात्मा जरथुश्त्र की साधनाभूमि थी। अवेस्ता में इसे वस्वी (श्रेष्ठ) कहा गया है, यहीं स्थित होकर ज़रथुश्त्र ने अर्द्वी सूरा अनाहिता का यजन किया था-

तॉम् यज़त

यो अषव ज़रथुश्त्रो

अइर्येने बअेजहि वङ्.हुयो दाइत्ययो

दिति-सरित्तट पर स्थित भूभाग को भी दिति कहा गया। उस भूमि के निवासी दैत्य कहलाये। दितिभिन्न भूमि को अदिति कहा गया। प्रो०हरिशङ्कर त्रिपाठी जी के अनुसार दिति-अदिति का यही मूल रहस्य है। भारत और ईरानी आर्यों के आपसी सघर्ष एव परस्पर विद्वेष के कारण 'दैत्य' शब्द उसी प्रकार हीनार्थक हो गया जैसे 'असुर' शब्द । परवर्ती भारतीय साहित्य मे तो दोनो एक दूसरे के पर्याय से हो गये।

दानव - यह एक तुरानी कबीले का नाम है। सम्भवतः इसे वैदिक दानु का वंशज होना चाहिए। वेद मे वृत्र की माता का नाम 'दानु' है।

दानुः शये सहवत्सा न धेनु। (ऋ० 1 132 9)

वेद मे दानव शब्द भी अनेकत्र प्रयुक्त दिखाई पडता है-

नि मायिनो दानवस्य माया।

अपादयत् पपिवान्सुतस्य॥ (ऋ० 2.11.10)

फ़यान् योइश्त- फ़यान् योइश्त (प्रेयान् यविष्ठ) फ्रयान्-कुलोत्पन्न व्यक्ति था। इसने यातुकर अख्त्य के 99 प्रश्नो का उत्तर दिया था। इस अवेस्तीय तथ्य पर आश्रित होकर एक कथा विकसित हुई, जिसका वर्णन एक पह्लवी कथा मॉतीकॉन इ योश्त् इ फ्रयान' में किया गया है जिसके अनुसार अख़्त्य एक नगर में आता है और लोगो को मार डालता है। जो व्यक्ति उसके प्रश्नो का उत्तर देने में असमर्थ थे, उन्हे वह मार डालता था। अन्त मे 'योइश्त' ने अख्त्य के प्रश्नो का उत्तर दिया। इस ग्रन्थ में प्रश्नों की सख्या को 33 बताया गया है। अन्त मे उसने भी अख्त्य से प्रश्न किया, उत्तर न मिलने पर उसने अख्त्य को मृत्यु के मुख मे धकेल दिया। यह अवेस्तीय कथा महाभारत के यक्ष-प्रश्न से अत्याधिक साम्य रखती है। यक्ष के प्रश्न का उत्तर न देने पर भीम, अर्जुन, नकुल एव सहदेव की मृत्यु हो जाती है। अन्त में युधिष्ठिन यक्ष के प्रश्नो का उत्तर देकर अपने भाइयों के जीवन को वापस पाते है। अख्त्य एव यक्ष में कुछ ध्वनि साम्य भी है, और कुछ चरित्रसाम्य भी। अख़्त्य यातुकर था। यक्ष भी इस शक्ति से सम्पन्न रहा होगा। वैदिक साहित्य मे 'यक्ष' शब्द रहस्यार्थक भी है- 'यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजानाम्'। जादू भी रहस्यात्मक ही होता है। किन्तु महाभारतीय यक्ष धर्मात्मा है एव अवेस्तीय अख़्त्य दुरात्मा है। इसीलिए यविष्ठ द्वारा अख्त्य का वध किया गया, किन्तु युधिष्ठिर एव यक्ष के बीच ऐसी स्थिति नहीं बनी।

बव्रिश् · आधुनिक बेबीलोन का अवेस्ता कालीन अभिधान बवूरिश् था। इसकी सस्कृतच्छाया 'बव्रि:' है। पालिसाहित्यान्तर्गत 'बावेरुजातक' मे बावेरु बव्रि (बेबीलोन) ही है। यहाॅ वस्त्रो की बहुत अच्छी बुनाई होती थी। अरद्वी सूरा अनाहिता को अवेस्ता मे बव्रिदेशीय वस्त्र को पहने हुए दिखाया गया है-

बव्रइनि वस्त्रोा वङ्हत

अरद्वी सूर अनाहित

थ्रिसतनॉम् बवूरनॉम्

--- **यत् अस्ति बव्रिश् स्त्रअेश्त्**

वस्तुत: कपडा बुनने की कला के कारण ही इस थान का नाम 'बवूरिश्' पड़ा। वेञ् धातु के अतिरिक्त बुनने के अर्थ मे 'वभ्' धातु की सत्ता रही होगी। यद्यपि धातुपाठों में ऐसी कोई धातु नही गिनाई गयी है। इसका मुख्य कारण है क्रिया रूप में इसकी अप्रयुक्ति। प्रो. हरिशङ्कर त्रिपाठी जी 'वभ्' से ही बव्रि (बवूरिश्) की निष्पत्ति बतलाते हैं। उनके अनुसार सस्कृत सज्ञापद उर्णवाभ, और्णवाभ में 'वाभ' पद वभ् धातु से ही विकसित है। 'वभ्' से ही आधुनिक फारसी क्रिया पद 'वाफ़्तन' (बुनना) एव वाफ्त (बुना गया) का विकास हुआ है। अग्रेजी क्रियापद weave भी वभ् धातु से ही विकसित है। सामान्यतया इस आड्ल क्रिया पद को सुधीजन 'वेञ्' धातु से विकसित मानते है। बव्रिश् एव weave में ध्वनित. एव अर्थत: साम्य है। बेबीलोन ऊनीवस्त्रो के लिए प्राचीन समय मे अति प्रसिद्ध था। प्राचीन फारसी शिलालेख मे 'बवूरिश्' की संज्ञा बाबिरुश् है। हखामनीषी शासक धारयद्वसु के तेइस राज्यो मे यह अन्यतम था- **थातिय दारयउश् ख़्शायथिय इमा दह्याव त्या मना पतियाइश् - वश्ना अहुरमज्दाह अदम्शाम् ख़्शायथिय आहम् पार्से उब्ज बाबिरुश्** ----- (धारद्वसु-बहिस्तन प्रथम प्रकोष्ठ)

धारयद्वसु बावेरु मे विद्रोह की भी चर्चा करता है।

माज़इन्य- माज़इन्य का अर्थ है माज़न से सम्बद्ध । माजन एक प्रदेश का नाम है जो कि दुरात्माओ (दएवो) एव यातुओ का शरणस्थल था। इसके दक्षिणी सीमा पर 'दमाबन्द' नामक पर्वत की स्थिति है,जहा कि अवेस्तीय पुराकथाओ के अनुसार अजी दहाक को बन्दी बनाया गया था। इसका आधुनिक अभिधान माजानदरान है।

यिम क्षएत - यिम का वैदिक समरूप यम है। अवेस्ता मे इसे विवस्वान् (विवड्.ह्व) का पुत्र कहा गया है '**यिमो यो विवड्.ह्वतो पुथ्रो**'[1]। वैदिक साहित्य मे भी इसे विवस्वान् का पुत्र कहा गया है-

विवस्वन्त हुवे य. पिता त[2]

यह पेशादातियन साम्राज्य का प्रथम शासक था। इसका काल प्राचीन ईरान का स्वर्ण युग था। इसक काल मे शीत, गर्मी, ईर्ष्या, मृत्यु का सर्वथा अभाव था। पिता-पुत्र दोनो पञ्चदशवर्षीय होते थे। अहुरमज्दा ने सर्व प्रथम इसे धर्मप्रचार का कार्य सौपा किन्तु इसने इस कार्य मे असमर्थता व्यक्त की, तब उसे राज्यकार्य एव प्रजापालन के लिए अहुरमज्दा ने नियुक्त किया। उसे 'ख्वॅरॅनह्' (राजकीय वैभव) की प्राप्ति हुई किन्तु अलीकवचनोपन्यास के कारण ख्वॅरॅनह् उसके पास से वारघ्न पक्षी के रूप मे भाग गया। अब वह मरणधर्मा बन गया। यम के ही काल मे ईरान मे बहुत भीषण उपल-प्रपात हुआ था। उसने वर कर निर्माण कर अपने प्रजा को रक्षा की। इस प्रकार की कथा जलौघ के रूप मे शतपथ ब्राह्मण में भी प्राप्त होती है। इसकी दो बहनो 'अॅरॅन वाक्' एवं 'सघवाक्' का उल्लेख अवेस्ता मे हुआ है। पह्लवी साहित्य मे यम क्षिएत 'जमशीद' के नाम से प्रसिद्ध है।

रड्.हा - रड्.हा एक नदी का नाम है। इसका वैदिक समरूप 'रसा' है। वेद की प्रमुख नदीयों मे रसा प्रमुख है।[3] देवशुनी सरमा देवो के दौत्यसम्पादनार्थ रसा को पारकर पणियों के पास पहुॅची थी-

कास्मै हितिः किं परितक्म्यमासीत्

कथ रसायाः अतरः पयांसि (ऋ० 10.108 1)

बुन्देहिश्न मे इसे 'अरड्.ग' कहा गया है। दर्म्मस्ततर इसको टिग्रिस से समीकृत करते है।

---

1 अवेस्ता - यस्न 9 5

2 ऋग्वेद 10 135 3

3 मा वो रसानितभा कुभा क्रुमुर्मा व· सिन्धुर्निरीरमत्।

मा व. परिष्ठात् सरयुः पुरीषिण्यस्मे इत सुम्नमस्तु वः।। (ऋ 5/53/9)

वअेसकय - 'वएसक' परिवार के मुख्य का नाम था। उसी के वशजो को 'वअसकय' कहा गया है। इस कुल के सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति का नाम 'पिरान वेसाक' था जा शाहनामा मे वर्णित अफ्रासियाब (अवेस्तीय फ्रङ्रस्यान्) का मुख्य सेनापति था।

वरय पिषिनह - यह एक झील का नाम है। इसे 'पिषिन' के साथ सम्बद्ध किया जा मकता है, जो काबुलिस्तान स्थित एक घाटी है। 'वइरि' से ही अग्रेजी Valley पद विकसित है। बुन्दहिश्न 29 7 के अनुसार 'कॅरॅसास्प' इसके मैदान मे गम्भीर निद्रा मे सोया हुआ था। उसे अजी के वधार्थ जगाया गया।

विफ़्रो नवाज़- यह अवेस्ता का ऐसा व्यक्तित्व है, जो सम्पूर्णतया मिथ लगता है। इसका सस्कृत समरूप 'विप्रो नवाज:' (कुशल नाविक) है। त्रैतान ने उसे पक्षी के रूप मे हवा मे फेक दिया। वह तीन दिन व इतनी ही रात अपने गृह की ओर उडता रहा। तृतीय रात्रि की समाप्ति पर भी वह नही लौट सका, तब उसने 'अरृद्वी सूरा अनाहिता' से प्रार्थना की तब कही जाकर वह अपने गृह पहुॅचा। विफ्रो नवाज की यह अवेस्तीय कथा किञ्चिद्वैभिन्य के साथ भुज्यु के वैदिक आख्यान से अद्‌भुत साम्य रखती है। तुग्रपुत्र भुज्यु समुद्र मे बुरी तरह फॅस गया। जीवनरक्षा का और कोई उपाय न देखकर उसने अश्विनो को आर्तस्वर से पुकारा।अश्विनो ने उसकी प्रार्थना को सुनकर, सौ डाडो वाले नाव को लेकर उपस्थित हुए (शतारित्रा नावमातस्थिवासम् ऋ.) एव भुज्यु के प्राणो की रक्षा की।

वीश्तास्प - वीश्तास्प भी कविकुलीय शासक था। प्रो० क्षेत्रेश चन्द्र चट्टोपाध्याय के अनुसार वीश्तास्प का सस्कृत समरूप व्युषिताश्व है (वेदावित्तप्रकाशिका भूमिका पृष्ठ-9)। इसके पिता का नाम 'अउर्वत्‌अस्प' (अर्वताश्व) था। ईरान मे कवि वशी वीश्तास्प के अतिरिक्त इसी अभिधान का एक और सम्राट् हुआ था, जो हखामनीष-कुलोत्पन्न था। उसके पिता का नाम 'अर्शाम्' (ऋषाम्) था, एवं उसका पुत्र 'दारयउश्' केवल ईरान का ही नहीं अपितु ससार के महानतम जनाधिपो में एक था। कवि वीश्तास्प इससे सर्वथा भिन्न व्यक्ति था। जरथुश्त्र ने कवि वीश्तास्प को प्रभावित करने के लिए अनेक प्रयत्न किया किन्तु वह सफल नही हुआ। तब उसने 'अइर्येन वएजह्' मे दाइति (दिति) के तट पर अरृद्वी सूरा अनाहिता का यजन किया एव उससे वीश्तास्प को अपने अनुकुल बनाने का वर माँगा-

आअत् हीम् ज़इध्यत

अवत् आयप्तम् दज़्दि मे

बडु हि सॅविश्ते अरॅद्वी सूरे अनाहिते

यथ अजॅम् हाचयेने

पुथ्रॅम यत अउर्वतृ अस्पहे

तख्मॅम् कवअेम् वीश्तास्पॅम्

अनुमतअे दअेनयाइ

अनुख्तअे दअेनयाइ

अनुवर्श्तअे दअेनयाइ।

(अ सू यश्त् 105)

अन्य यजतो से भी उसने यही प्रार्थना की। यजतकृपा से वीश्तास्प जरथुश्त्र का शिष्य बन गया, एव उसके धर्म को स्वीकार कर लिया। जरथुश्त्र द्वारा प्रवर्तित धर्म अब राज-धर्म घोषित हो गया, जिसके कारण जरथुश्त्र का धर्म खूब फूला-फला।

वीश्तास्प की धर्मसहचारिणी पत्नी 'हुतओषा' (सुतोषा) नओतर (नवतर) कुल की कन्या थी। वह भी नूतन जरथुश्त्र-धर्म के प्रति अति श्रद्धालु थी।

हओश्यङ्.ह- यह ईरानियो का प्रथम शासक था। एक सम्प्रभु राज्य एव विधि निर्माण के कारण उसे 'परधात' कहा गया है। डॉ० हरिशङ् कर त्रिपाठी जी के अनुसार 'परधात' का अर्थ है 'उत्कृष्ट विधिनिर्माता' (अवेस्ता कालीन ईरान, पृष्ठ 214)। इसी विशेषण के कारण उसके कुल नाम परधातकुल हुआ। परधात का पह्लवीरूपान्तर पशदात है, इसी लिए उस कुल के लिए अग्रेजी मे 'Pesdatınan Dynasty' शब्द प्रयुक्त है। उसने अनेक यजतों का यजन किया एव उसे श्रेष्ठ साम्राज्य के स्वामी होने का आशीर्वाद मिला।

5

कोश

'अ' कोश

अइर्यनॉम्- विशे , पु स - आर्याणाम्

आर्यो का

ष ए व

तु प्रा फा अरिय, तु अनार्य, हिन्दी-अनाडी

अइरिश्तम्- विशे , पु स - अरिष्टम्

अहिसित

नञ् + रिष् + क्त द्वि ए व (प्रथमार्थ प्रयुक्त)

तु रिष्, अग्रेजी-Risk,

अइवि - अव्यय स अभि

आभिमुख्यार्थक उपसर्ग

अइवि-द्रुज़ॅतो- क्रिया, स. अभिद्रुहन्ते (अभिद्रुहयन्ति)

क्षति न पहुॅचाये, द्रोह न करे

अभि + द्रुह् + लट् (लिङ्. के अर्थ मे) प्र पु ब व. (आत्मने)

तु द्रुह्, अवे - द्रुज्, प्रा फा दुरुज्, अग्रेजी-Dodge

अइविवन्यो- विशे , पु स अभिवन्य:

विजेता (जीतने वाला)

प्र ए व

अओवञ्हो- विशे स्त्री स एवस्वत्या·

गतिवती का, प्रवाहयुक्त का

ष ए व

अओजनो- विशे पु स ऊचान:

बोलता हुआ, कहता हुआ

वच् + शानच्, प्र ए व

अओख्त- क्रिया, स अवोचत्

बोला

वच् + लुङ् प्र पु ए व

अओथ्र- सज्ञा, नपु स अवत्रम्

अओथ्र - जूता

द्वि ए व

अङ्हत्- क्रिया, स असत्

होवे

अस् + लेट् प्र. पु. ए व

अजम्- सर्व, स अहम्

मै

अस्मद् + प्र ए व

तु, प्रा फा अदम्, अग्रेजी - I

अजातनाम् - वि पु, स - अजातानाम्

अनुत्पन्न लोगों का

'न जातानामिति' नञ् - जन् - क्त ष ब व

तु प्रा फा - अजात

आ फा - आजाद

प्राचीन एव आधुनिक फारसी मे अर्थपरिर्वनवशात्

'अजात' एवं आजाद का अर्थ 'स्वतत्र' हो गया है।

अञ्होस्च- सर्व स्त्री , स - अस्याश्च

'इसका'

ष ए व

अधकॅम्- सज्ञा, पु स - अत्कम्

'लबादा'

द्वि ए व

त्सिमर- योद्धा का सम्पूर्ण कवच

'अध्यत्क कवये शिश्नथम् (ऋ 10 49 3)

पर सायण भाष्य 'अत्कमाच्छादकम्'

अत: सायण के अनुसार 'आच्छादक' अर्थ

अनमनाइ- सज्ञा, नपु०, स० - अस्मन्यननाय

हम लोगों के बारे मे सोचने के लिए

अधिकाश विद्वान इसको विशेषण मानकर इसका अर्थ 'विचार मे सचेतस्क', 'भक्तिपूर्ण' आदि करते है, जो युक्तिपूर्ण नही है।

अनुख्तॅअे- सज्ञा, स्त्री० स० - अनूक्तये

अनुकूल बोलने के लिए

अनु + वच् + क्तिन् च ए व

तु - वच्, अ.- Voice, ग्री - Vox

अनुमॅतअे- सज्ञा, स्त्री, स- अनुमत्यै

'अनुकूल सोचने के लिए'

अनु-मन् + क्तिन् च ए व

सस्कृत मे अनुमति शब्द 'अनुज्ञा' अनुमोदन, स्वीकृति आदि अर्थो मे प्रयुक्त हो रहा है।

तु मन् > अ - Mind

अनुमयनॉम्- सज्ञा स्त्री स - अनुमयानाम्

मेमनो से

यहॉ षष्ठी तृतीया के स्थान पर प्रयुक्त है, ब व

अनुवर्श्तॅअे- सज्ञा, स्त्री स- अनुवृष्टये

अनुकूल कार्य करने के लिए

अनु + वृज + क्तिन् - च ए व

सस्कृत - वृज् (क्रियारूप मे अप्रयुक्त) अवेस्ता वरॅज से ही आग्ल क्रियापद 'Work' विकसित है।

तु आ फा - वर्जिश् (अभ्यास, कसरत)

अन्दोस्च - सज्ञा पु स- अन्धाश्च

अन्धे लोग

प्र. ब व

वृन्ध > अन्ध, तु वृन्ध > अग्रेजी- Blind

अपघ्ज़ार- सज्ञा पु स- अपक्षार:

नहर, नाले

प्र ए व.

अपघ्ज़ारनॉम्- स- अपक्षाराणाम्

षष्ठी बहुवचन

अपनोतमम् - वि सं- अपनुततम्

'सर्वाधिक ऊँचा

अपनुत > अपनो + तमप् द्वि ए व

अपकवो- सज्ञा पु स.- अपकव:

'कूबडा'

प्र ए व.

अप-कुभ् > कुप् > कुब् > कव

तु स- कुब्ज, तु - कुप् > अ - Peak

अपखओसक- पु — स - अपक्रोशका:

निन्दक, मिथ्यावादी, चीखने-चिल्लाने वाले

अप + क्रुश् + ण्वुल् प्र ब व.014

तु क्रुश् > अग्रेजी- Curse

वेद मे उपर्युक्त 'निन्दक' अर्थ मे अभिक्रोशक शब्द प्रयुक्त है। वा स- 30 20

अपस्करक- पु — स- अपस्करका:

घृणापूर्ण

प्र ब व.

अपयेमि- क्रिया- — स- अपयामि

भाग जाऊँ, लेकर चला जाऊँ

अप + या + लट् उ. पु ए व

(लट् लोडर्थे प्रयुक्त)

अब्दोतमे- वि स्त्री — सं- अद्‌भुततमे

'सर्वाधिक आश्चर्यमयी'

अद्‌भुत + तमप् + टाप् प्र द्वि व

अमवइती- वि स्त्री — स- अमवती

'शक्तिशालिनी'

अम + मतुप् + डीप् प्र ए व

अमश्यॉ- वि पु　　स-अमर्त्यान्

मानवो से हीन

'न मर्त्य: इति अमर्त्य· तान्'

किन्तु यहॉ 'अविद्यमाना: मर्त्या: यत्र' इस अर्थ मे प्रयुक्त

द्वि ए व

तु - मर्त्य > आ फा - मर्द, प्रा फा - मर्तिय्

अय ॅ्तम्- वि पु　　स- अयन्तम्

'जाते हुए'

अय् + शतृ - द्वि ए.व

यद्वा-　　'आयन्तम्' आ + अय् + शतृ - द्वि ए व

आते हुए

अॅरॅज़तम्- सज्ञा, न ,　　स- रजतम्

'चॉदी'

ऋज् (सफेद होना) से विकसित

तु. लै - Arguo

तु रजतम्, लै - Argentum

अरॅज़्वो- स, पु　　स- ऋज्व:

सरल, सीधा

ऋज् (सरल होना) से विकसित

तू - Regere (सरल)

अग्रेजी - Rıght

सम्बो ए व

ॲरॅज्वइथ्यो- विशे , स्त्री स- 'ऋजुवत्या '

ऋजुवती सारल्योपेता

ऋजु + मतुप् + ङीप् ष ए व

अर्ष्णॉम्- वि पु स- ऋषणाम्

वेगशाली

'ऋषन्' पुरुषत्वसूचक शब्द है

ऋष् गतौ > ऋषन् ष ब व (तृतीयार्थ प्रयुक्त)

अर्शुख्ध्अेइब्यस्- विशे स्त्री सं- ऋजुक्ताभ्य:

ठीक से बोली गयी

'सुष्ठु उच्चरित

सरलता से बोली गयी

ऋजु - वच् + क्त + टाप् + भ्यस् (तृतीयार्थ प्रयुक्त)

ऋजु, लै.- Regere, अ.- Right

अरॅद्राइ- वि पु सं- ऋध्राय (रध्राय)

दानी, धर्मात्मा

ऋध् - रक् - चतु ए व

तु यो रध्रस्य चोदिता य: कृशस्य (ऋग्वेद 2 13 6)

सायण - रध्रस्य = समृद्धस्य

अरमअेश्तो- वि स्त्री सं- रमिष्ठा:

'स्थिर' 'निश्चल'

यह शब्द 'रम्' धातु से विकसित है।

रम् धातु का 'स्थिर होना' या 'स्थिर करना' अर्थ मे प्रयोग वद में भी मिलता हे -

य: पर्वतान् प्रकुपितॉ अरम्णात् (ऋग्वेद 2 12 2)

तु-रम् > अग्रेजी- Rest

अवअेनत्- क्रिया, स-अवेनत्

देखा

वेन् > वअेन् (अवेस्ता) देखना + लङ् प्र पु ए व

(परस्मैपद)

तु आ फा - बीन

आ फा - हकबीन (सत्यद्रष्टा)

बारीकबीन (सूक्ष्मद्रष्टा)

अवत्- सर्व नव स- अवत्

वह

प्र ए व.

तु प्रा. फा - अवत्

अवथ्- अव्यय सं- अवथा

'इस प्रकार'

प्रा फा - अवथा

तु संस्कृत- 'अन्यथा, इतरथा' (प्रकारवचने थाल् पा 5 3 23)

अव बरइति- क्रिया स- अवभरति

धारण करती है, भरती है

अव + भृ + लट् + प्र पु ए व

'आपो हमथ अवबरति' का अर्थ है- जल सदैव भरा रहता है।

अवबर ॅ्ते - क्रिया, स- अवभरन्ते

प्रवाहित होती है

अव-भृ-लट् प्र पु ब व

'आत्मनेपद'

अवोइरिस्यात्- क्रिया- स- अवात्स्र्यत्

'लौटा'

वृत् लड - प्र पु ए वचन

अशअओजस्तमॉम्- वि स्त्री अत्योजस्तमाम्

'सर्वाधिक ओजस्वी'

अत्योजस् + तमप् + टाप् द्वि एक व

अश्तो-कानम्- वि पु , स अष्टकर्णम्

'अष्टौ कर्णा: छिद्रा: यस्य तम्'

आठ छिद्रो वाले

तु-अश्त (स-अष्ट) अग्रेजी Eight ज Echt ग्री Oto

अश्त-कओज़्दॉम्- वि स्त्री, स-अष्टखेदिम्

अष्टौ खेदय: रश्मय: यस्या. ताम्

आठ रश्मियो वाले

द्वि. ए व

अश-पचिन- वि पु अति-पचिन

अत्यधिक पकाने वाला

अश-बओउर्व- स- अतिभूर्य:

अत्यधिक, अतिशय

प्र ए व

अस्ति- क्रिया, स- अस्ति

'है'

अस्-लट् प्र पु ए व

तु अ is, ज -ist, ग्री -Esti, लै-Est

प्रा फा -अहतिय्

अस्नाअत्- सज्ञा नपु , स अह्नः

अस्न >अह्न 'दिन'

प. ए व.। मिथ्या सादृश्य के कारण आत्, यथा प्राकृतो मे अग्न का अग्गिस्स

अस्पानॉम्- सज्ञा, पु , स-'अश्वानाम्'

अश्व-घोडा

अश्+क्वन्-षष्ठी बहुवचन

सं-अश्व (अस्प) प्रा फा - अश

लै - Equis

अस्पअेषु- अश्वेषु

सप्तमी बहुवचन

अस्पायओधम्- विशे पु , स -अश्वायोधम्

'अश्व पर चढ़कर युद्ध करने वाला'

द्वि एकवचन

अस्पो-स्तओयेहीश्- वि पु स -अश्वस्तोयेभि. (अश्वस्थूलैः)

अश्व के समान अथवा उसस भी घने या बलवान्

तृ ब व

अस्त्रावयत्-गाथो- वि पु अस्त्रावयद्गाथ:

गाथाओ को न सुनाता हुआ, गाथाओ का पाठ न करने वाला

अस्रावत् - न + श्रु + णिच्-शतृ (समास का पूर्व पद)

अष-अमयो- वि स्त्री, स- अत्यमाया:

अत्यधिक शक्तिशालिनी का

षष्ठी एक वचन

अषओनीम्- वि स्त्री स ऋतावरीम्

ऋतवती को

द्वि ए व

ऋतावरी दिवो अर्कैरबोध्या

रेवती रोदसी चित्रमस्थात (ऋ०- 3 61 6)

सायण-ऋतावरी = सत्यवती

अषवॅनम् अषडम्- वि पु, सं- 'ऋतवन्तम्'

ऋतसम्पन्न, सत्यात्मा

ऋत + मतुप् + द्वि. ए व

अषवनय- वि स्त्री स- ऋतावर्या

ऋतवती का, सत्यवती का

'ऋतावरी' षष्ठी एक वचन

अहुरोङ्हो- सज्ञा, पु, स.- असुरास:

'असुर लोग' किन्तु यहॉ अर्थ है

असुरधर्म को मानने वाले

असु + रक् + प्र ब व असुक्आगम

(आज्जसेरसुक्)

तु वेद-असुर, अवेस्ता-अहुर, प्रा फा - अउर

अहुरोत्कअेषाम्' विशे स्त्री, स -असुर-चिकीतुषीम्

'असुर के नियम को मानने वाली'

चिकितुषी- कित् + क्वसु + द्वि ए

तु चिकीतुषी प्रथमा यज्ञियानाम् (ऋग्वेद-10 125 3)

अहुरधातॉम्- वि स्त्री स- असुरहिताम्

'असुर द्वारा स्थापित'

'असुरेण हिता या ताम्'

द्वि ए व

अह्मि- क्रिया, स-अस्मि

'हूँ'

अस्-लट् उ पु ए. व.

तु- अस्मि (अह्मि) अग्रेजी - am

आअत्- अव्यय, स- 'आत्' (अत:)

इसके बाद

पञ्चमी प्रतिरूपक

आइधि- क्रिया स- एहि

'आओ'

आ + इ + लोट् म पु ए व पर

ऑख्नो- सज्ञा, पु , स- आक्षाण·

'लगाम्'

प्रथमा द्वितीयार्थ प्रयुक्त

आजातयाो- वि स्त्री स- 'आजाताया:'

उत्पन्न (उच्च कुल मे)

आ-जन् + क्त + टाप् षष्ठी ए व

आतचइति- क्रिया स-आतचति

जाती है, प्रवाहित होती है

आ + तच् + लट् प्र पु ए व (पर)

आथ्रवनो- सज्ञा, पु स- अथर्वा (अथर्वन्)

अथर्वन्, पुरोहित

प्र ए व

आथ्व्यानोइश्- सज्ञा, पु , आप्त्यायनि: (आप्त्यायन:)

'आप्त्य (आथ्व) के कुल मे उत्पन्न'

प्र. ए व

आधू-फ्राधनॉम्- विशेषण, स्त्री, स- आयु:प्रवर्धिनीम्

'आयु: प्रवर्धयति या सा आयु: प्रवर्धिनी ताम्'

द्वि ए व

आपो-सज्ञा, स्त्री, स - आप:

जल

अप् + प्र बहुवचन

तु- आ फा आब (जल)

आयफ्तम्- सज्ञा, नपु - स- आप्त्यम्

'वरदान'

आप् धातु से व्युत्पन्न द्वि ए व

तु आप् - अग्रेजी obtaın, optıon

तु आयप्तम्, आ फा : फायदा

आस- क्रिया स- आस

'हुआ, था'

अस् + लिट् + प्र पु ए व

आसु-अस्पोतॅमो- वि.पु स-आश्वश्वतमः

आशुः अश्वः यस्य स आश्वश्वः

अतिशयेन आश्वश्वः आश्वश्वतम

सर्वाधिक तेज अश्वो वाला, तीव्रतम अश्वो वाला

प्र ए व

इध- अव्यय स-इह

यहॉ

तु पालि-इध, इध नन्दति पेच्च नन्दति (धम्मपद)

इमो- सर्व स्त्री सं-इमाः

ये सब

इदम् स्त्री प्र बहुवचन

इरिथॅ ॅतम्- वि नपु स- अर्थितम्

काम्य, सम्प्रभु (क्षत्रं का विशेषण)

अर्थ + क्त + द्वि ए व

ईश्तीम्- सज्ञा, स्त्री — स-इष्टिम्

'यजन'

यज् + क्तिन् + द्वि एकवचन

वेदवत् दीर्घता

उग्रम्- — विशे: नपु , स- उग्रम्

बलवान्, शक्तिशाली

उची समवाये-रन् द्वि ए व

वस्तुतः उग्र को एवविध निष्पन्न मानना उचित होगा-

वज् > उज् > उग् + रन् = उग्र

तु लै Angust (शक्तिशाली)

उज्बइरे- क्रिया — स- उद्भरे

प्रवाहित किया, नीचे लाया

उद् - भृ - लट् उ पु ए व

यहाँ व्यत्ययेन प्र पु के स्थान पर उ पु

उज्द्धॉनयत्- क्रिया, — सं- उदधूनयत् (उदधुनोत्)

ऊपर फेक दिया, ऊपर हवा मे उडा दिया

उद्- धू कम्पने + लङ् प्र पु ए व (णिच् निरर्थक)

तु - धू - Haunt (धुनोति)

उत - अव्यय — स- उत

ओर, इस प्रकार

तु-प्रा फा -उता, अग्रेजी-And, ज-Und

उपइरि- अव्यय, स-उपरि

'ऊपर'

तु अग्रेजी-Up, Upper, ज Uber

उपज़्बयत्- क्रिया, स- उपाह्वयत्

बुलाया, पुकारा, आह्वान किया

उप ह्वेञ् + लड् प्र पु ए व

उप-तचत्- क्रिया, स-उपातचत्

आयी, पहुँची, गयी

उप + तच् + लड् प्र पु ए व

उपरतातो- सज्ञा पु स- उपरितात:

उच्चता, श्लाघनीयता

प्रथमा एकवचन

उपस्ताम्- सज्ञा, स्त्री, स- उपस्थाम्

द्विव्य सहायता, अलौकिक सहायता

द्वि ए व

प्रा फा मे भी 'उपस्ता' शब्द उपर्युक्त अर्थ मे ही प्रयुक्त है- अउर मज्दा मइय् उपस्तॉ अबर् (दारयवउश् प्रा फा शि. ले प्रकोष्ठ)

उर्वापहे-विशे , पु , स- उर्वापस्य (उर्वपस:)

'प्रभूतजल वाले'

षष्ठी एकवचन

उस्च - अ स-उच्चै·

ऊपर की ओर, शक्तिपूर्वक

यद्वा क्रि वि 'उच्चम्'

उस्कात्- सज्ञा, नपु - स-उच्चात्

ऊपर से

पञ्चमी एक वचन

कइनीनो- सज्ञा, स्त्री, स-कनीना.

कन्याये

तु कन्याया. कनीन च (पा 4 1 116)

लौकिक सस्कृत मे 'कनीना' शब्द का स्वतत्र प्रयोग नही उपलब्ध होता अत: पाणिनि ने 'कन्या' शब्द को 'कनीन' आदेश किया (कानीन शब्द को सिद्ध करने के लिए)। वेद मे कनीनिका शब्द स्वतत्र रूप से उपलब्ध है-कनीनकेव विद्रधे द्रुपदे नवे अर्भके(ऋ-4 32 23)

को- सर्व , पु स-क:

कौन

किम् प्र. एकवचन

कञ्हे- सर्व , पु सं- कस्य

किसका

किम्- षष्ठी एकवचन

कन- सर्व , पु , स- केन

किससे, किसके द्वारा

किम्- तृतीया एक वचन

कम्- सर्व , पु स- कम्

किसको

किम्- द्वि ए व

करनो- सज्ञा, पु स-कर्णा:

'किनारे'

प्र बहुवचन

कॅरॅनओत्- क्रिया, स- अकृणोत्

'किया'

कृ + लङ् + प्र पु ए व

अवेस्ता मे लङ्, लुङ् के अ का लोप हो जाता है।

तु प्रा फा अकनउश् (अकृणो:)

कॅरॅनवानि- क्रिया - स-कृणवानि

करूँ, कर दूँ

कृ + लोट् उ पु एकवचन

कॅरॅ्तत् - क्रिया, सं- अकृन्तत्

'काटा' काट दिया

कृती छेदने + लङ् प्र पु एकवचन

कॅरॅतम्- सज्ञा, नपु स- कृतम्

किया गया

कृ + क्त एक वचन

प्रा फा कर्तम्

कश्चित्- सर्व पु कश्चित्

कोई

क: - किम् प्र ए व.

चित् (निपात) प्रा फा चिश्

कह्माइ- सर्व पु स- कस्मै

किसे, किसके लिए

किम् चतुर्थी एकवचन

कॅहर्प- सज्ञा, स्त्री स-कृपा

शरीर से

कृप् + तृतीया एकवचन

तु corpe (अग्रेजी)

क्षअेतो- फ्राधनॉम, सज्ञा, स्त्री., स-क्षियत्प्रवर्धिनीम्

राज्य को बढाने वाली

तु अवेस्ता - क्षअेत > प्रा फा ख़्शायथिय

जर्मन- Koing, अंग्रेजी- King

क्षथ्रम्- सज्ञा, नपु स- क्षत्रम्

क्षत्र

तु क्षत्र > अग्रेजी - City

प्रा फा. ख्शश्श

क्षथ्र > शह्र > शहर (आ फा)

क्षथ्राइ- सज्ञा, नपु स- क्षत्राय

चतुर्थी एकवचन

क्षयम्न- विशे., स्त्री स क्षयमाणा

शासन करती हुई, समर्थ होती हुई

क्षि शासने (आत्मनेपद) शानच् + टाप्

पु ए व

क्षयेते- क्रिया स- क्षयते

शासन करता है

क्षि शासने + लट् प्र पु एकवचन

आत्मनेपद

तु सेदु राजा क्षयति चर्षणीनाम्

क्षथीम्- सज्ञा, पु	स स्त्रीम्

'स्त्री को'

स्त्री- द्वि ए व

क्षथीनॉम्-	स स्त्रीणाम्

षष्ठी एकवचन

क्षफ्नाअत्-	स - क्षपाः

'रात्रि'

पञ्चमी प्रतिरूपक अव्यय

तु प्रा फा - ख्शप्, आ फा - शब (शबनम)

क्षोइथ्नीम्-विशे., स्त्री	स -छवित्रीम्

'सौन्दर्ययुक्ता'

द्वि एकवचन

क्षुद्रो- सज्ञा; पु,	स क्षुद्रम् (क्षुद्रः)

'वीर्य'

प्रथमा एकवचन (द्वितीया के स्थान पर व्यत्ययेन प्रयुक्त)

क्ष्वश्-अषीम्-विशे पु, स-षडक्षम्

षट् अक्षीणि यस्य तम्

'छः ऑखो वाले'

तु.सं.- षष्, ज.-Hex, अंग्रेजी- Six

तु.सं.- अक्षि, प्रा. फा.- अश

लै.-Oculus, अंग्रेजी- Eye

ख़्वइनि-स्तॅरॅतम्- विशे. नपु., सं-स्वनिस्तृतम्

'सुन्दर विस्तर युक्त'

'अच्छी प्रकार बिछा हुआ'

प्र. एकवचन

स्तॅरॅत > स्तृञ् आच्छादने + क्त, तु. सं- विस्तर

ख़्वनत्-चख- विशे. पु., सं- स्वनच्चक्र:

'स्वनन्ति चक्राणि यस्य स:'

'ध्वनियुक्त चक्रों वाला'

'ध्वनियुक्त रथों वाला'

तु- स्वन् > अंग्रेजी - Sound

ख़्वन (अवेस्ता) > हिन्दी - खनकना, खनखनाना

तु सं.- चक्र > अवेस्ता - चख्र आ. > फा. चर्ख (चर्खा)

अंग्रेजी, Cycle, Circle

ख़्वापइथीम्- विशे. नपु., सं- स्वापत्यम्

'अपने'

'स्व स्वामित्व वाले'

द्वि - एकवचन

'यथा आधिपत्यं तथा स्वापत्यम्'

तु. सं- स्वत: > अवेस्ता - ख़्वतो > आ. फा. खुद

स्व > अंग्रेजी- Sui (Cide) स- स्व > प्रा फा उव

खुज्दनाम्- विशे स - क्रुद्धानाम्

'कठिन'

षष्ठी एकवचन

